सुविचार
एक बार अगर आपने हारने से इनकार कर दिया, तो यह आपकी आदत बन जाती है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹6.00 | वर्ष 19, अंक 21

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,018.72 | +418.81 |
| डॉलर | 87.66 | +0.48 |

देश में मानसून औसत बारिश 500.8 मिमी
आपके शहर में अब तक 364.7 मिमी | कम/ज्यादा +87.7 मिमी

नई दिल्ली, मंगलवार 5 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-एकादशी, 2082 | 12 राज्य | 61 संस्करण

## पॉजिटिव न्यूज

### जयपुरः बच्चों ने गुलेल से बिखेरे 3000 बीज

जयपुर | जयपुर के सांगानेर स्थित गोनेर की पहाड़ी पर स्कूली बच्चों ने गुलेल से 3000 'सीड्स बॉल' बिखेरे। इसके लिए 3 वर्षों की मेहनत से 10,000 से ज्यादा बॉल तैयार किए गए। फेंकने से पहले बॉल को पानी में भिगोया गया, ताकि आसानी से अंकुरण हो सके। इनमें पीपल, नीम, शीशम, जामुन और बरगद जैसे पेड़ों के बीज हैं। इन्हें गोबर, मिट्टी और पानी से तैयार किया गया है। इस पहल की प्रेरणा केन्या से ली गई, जहां इसी तकनीक से बंजर जमीन को हरा-भरा बनाया गया है।

### 66 साल की जानकी बिना फीस सिखातीं हैं तैराकी

कन्नूर | केरल के कन्नूर की जानकी अम्मा 66 साल की



उम्र में भी बच्चों को रोज तैराकी सिखाती हैं। इसके लिए वह कोई फीस भी नहीं लेतीं। सुबह 11 बजे और शाम 4 बजे स्थानीय तालाब में वह बच्चों को पानी के डर से उबरने में मदद करती हैं। हालांकि, अब स्थानीय महिलाएं भी उनसे सीखने आती हैं। दरअसल, 2007 में पेरियार नदी में एक नाव हादसे में 15 स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना ने उन्हें हिला दिया। तब से ही उन्होंने इसे मिशन बना लिया।

**तनातनी** • रूस के तेल का हवाला देकर ट्रम्प ने टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी

# ट्रम्प ने घेरा तो भारत की दो टूक- आप भी तो रूस से यूरेनियम-खाद ले रहे हैं

भास्कर न्यूज | वॉशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार देर रात एक बार फिर रूस के तेल का हवाला देकर भारत पर और अधिक टैरिफ लगाने की धमकी दी। इसके जवाब में भारत सरकार ने पहली बार अमेरिका पर खुलकर पलटवार किया। भारत ने रूस से अमेरिका और ईयू को होने वाले निर्यात का आंकड़ा जारी करके ट्रम्प को आईना दिखाया। भारत ने कहा, 'अमेरिका अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन का आयात जारी रखे हुए है। यही हाल ईयू का है। ऐसे में भारत को निशाना बनाना अनुचित व तर्कहीन है।'

ट्रम्प ने पिछले हफ्ते भारत पर 25% टैरिफ लगाया, जो 7 अगस्त से प्रभावी होगा। सोमवार रात उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारत रूस से भारी मात्रा में तेल खरीद रहा है और बड़ा हिस्सा बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है। उन्हें (भारत को) परवाह नहीं कि यूक्रेन में रूस कितने लोगों को मार रहा है। इसलिए मैं भारत पर टैरिफ बढ़ा रहा हूं।' बता दें, टैरिफ की घोषणा के बावजूद भारत अमेरिकी दबाव को खारिज करते हुए समझौते पर राजी नहीं है। इससे ट्रम्प बौखलाए हैं।

**अब किसी एक का दबदबा नहीं चलेगाः** विदेश मंत्री **एस. जयशंकर** ने बिस्मटेक के कार्यक्रम में कहा, वैश्विक व्यवस्था कुछ लोगों के प्रभुत्व पर नहीं चलेगी। हमारी सामूहिक इच्छा निष्पक्ष व्यवस्था देखने की है।

### आंकड़े दिखा रहे अमेरिका को आईनाः रूस का 47% क्रूड खरीद रहे चीन का नाम नहीं ले रहे ट्रम्प; अमेरिका का रूस से आयात 24% बढ़ा

- अपने ही टैरिफ वॉर में उलझे ट्रम्प भारत और रूस पर तो हमलावर हैं, पर चीन पर चुप्पी साधे हैं। जबकि



आंकड़े बताते हैं कि रूस से क्रूड आयल का सबसे बड़ा खरीदार चीन ही है। दिसंबर 2022 से जून 2025 तक रूस के कुल क्रूड निर्यात का 47% हिस्सा चीन को गया। वहीं, भारत ने 38%, यूरोपीय संघ और तुर्किये ने 6%-6% क्रूड रूस से आयात किया।
- ज्यादा टैरिफ की घुड़की देने वाले अमेरिका ने रूस से 2024 में 3 अरब डॉलर का सामान आयात किया था। जबकि इस साल के शुरुआती पांच महीनों में ही अमेरिका रूस से 2.09 अरब डॉलर का आयात कर चुका है। यह पिछले साल इसी अवधि से 24% ज्यादा है। इस साल आंकड़ा 4 अरब डॉलर पहुंच सकता है।
- ईयू ने 2024 में रूस से करीब 72.9 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार किया। वहीं, 2023 में सेवाओं का व्यापार 18.6 अरब डॉलर रहा। यह भारत के उस वर्ष या उसके बाद रूस से कुल व्यापार से कहीं अधिक है।
- ईयू ने 2024 में रूस से 1.65 करोड़ टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात की, जो 2022 के 1.521 करोड़ टन के रिकॉर्ड को पार कर गई।।
- रूस से यूरोप उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा और इस्पात और मशीनरी का भी व्यापार करता है।

### भारत ने कहा... राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने रूस से कच्चे तेल का आयात तब शुरू किया जब पारंपरिक आपूर्ति यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप की ओर मोड़ दी गई थी। तब अमेरिका ने इसे प्रोत्साहित भी किया था। किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तरह, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा।

## अमेरिका में 17 लाख प्रवासी जॉब खत्म

वॉशिंगटन | अमेरिका में रोजगार के ताजा आंकड़े प्रवासियों, खासकर भारतीयों के लिए चिंताजनक हैं। नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी के अनुसार जनवरी से अब तक 17 लाख प्रवासी कामगार पेरोल से बाहर हो गए। यानी वे बेरोजगार हो गए, अमेरिका छोड़ गए या वीसा खत्म हो गया। अर्थव्यवस्था में विदेशी मूल के श्रमिकों की संख्या 7.35 लाख घटी है। जुलाई में सिर्फ 73 हजार नई जॉब जुड़ीं। मई-जून के संशोधित आंकड़ों में 2.58 लाख जॉब घटीं। इससे बेरोजगारी दर 4.2% हो गई, जो धीमी होती अर्थव्यवस्था का संकेत है।

### एच-1बी वीसा में देरी से भारतीय संकट में

- भारतीय आईटी पेशेवर, इंजीनियर व डॉक्टर सर्वाधिक प्रभावित हैं। एच-1बी वीसा के सामान्य एक्सटेंशन मुश्किल हो गए। ईबी-2 और ईबी-3 ग्रीन कार्ड प्रोसेसिंग में देरी से नागरिकता की राह लंबी हुई है।
- ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद 12 लाख नौकरियों का नुकसान हुआ। प्रवासियों पर आश्रित कृषि, निर्माण जैसे सेक्टर्स में कर्मचारी संकट है। कैलिफोर्निया की सेंट्रल वैली में 70% कामगार नहीं लौटे।
- अर्थशास्त्री मार्क रेगेट्स ने कहा, अगर प्रवासी श्रमिक घटते रहे, तो अमेरिका में रोजगार वृद्धि रुक जाएगी। सोशल सिक्योरिटी, पेंशन जैसी सरकार की वित्तीय योजनाओं को चलाना मुश्किल हो जाएगा।
- जुलाई की कमजोर जॉब रिपोर्ट आते ही ट्रम्प ने श्रम सांख्यिकी ब्यूरो प्रमुख एरिका मैकएंटारफर को हटा दिया। उन्होंने कहा कि आंकड़े मुझे बदनाम करने के लिए गढ़े गए। मुझे भरोसेमंद लोग चाहिए।

**सख्ती** • लखनऊ कोर्ट में राहुल के खिलाफ जारी कार्यवाही पर रोक

# सेना पर राहुल की टिप्पणी से सुप्रीम कोर्ट खफा, कहा- सच्चा भारतीय ऐसा नहीं कहेगा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सेना पर की गई टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नाराजगी जताई। कोर्ट ने नसीहत देते हुए कहा, 'सच्चा



भारतीय ऐसा नहीं कहेगा।' हालांकि, इस केस में लखनऊ की अदालत में उनके खिलाफ शुरू कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहुल की याचिका खारिज कर दी थी। राहुल ने निचली अदालत से जारी समन को चुनौती दी है। शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव ने कहा था कि दिसंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा में राहुल ने चीन के संदर्भ में भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### कोर्ट रूम लाइव... सिंघवी ने कहा- विपक्ष का नेता मुद्दे नहीं उठा सकता... यह दुर्भाग्यपूर्ण है

**बेंचः** आप विपक्ष के नेता हैं। ये बातें संसद में क्यों नहीं कहते? सोशल मीडिया की क्या जरूरत है? कैसे पता चला कि चीन ने 2000 वर्ग किमी क्षेत्र कब्जा लिया? प्रमाण है?

**एएम सिंघवी (राहुल के वकील):** विपक्ष का नेता मुद्दे नहीं उठा सकता तो दुर्भाग्यपूर्ण होगा। सच्चा भारतीय कह सकता है हमारे 20 सैनिक मारे गए।

**बेंचः** सीमा पर संघर्ष में क्या दोनों पक्षों के सैनिकों की मौत असामान्य है?

**सिंघवीः** राहुल सिर्फ दबाए तथ्य सामने लाने की बात कर रहे थे।

**जस्टिस दत्ताः** एक जिम्मेदार विपक्षी नेता के नाते उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उपयुक्त मंच मौजूद है।

-शेष पेज 10 पर

### कांग्रेस... ओ माय लार्ड! जब संसद खामोश हो तो गूंज सड़कों पर हो

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, संसद खामोश हो तो सड़कों पर गूंज सुननी चाहिए। सरकार चीनी घुसपैठ पर सवालों से डरती है। सरकार फेल हो तो जवाब मांगना सबका दायित्व है। मोदी के भारत में सवाल पूछना राष्ट्र विरोधी व चुप्पी देशभक्ति है। सच्चे भारतीय का तमगा डरपोक, रीढ़विहीन व आंखों पर पट्टी बांधे लोगों के लिए है। ओ माय लार्ड!

### भाजपा... राहुल अब प्रमाणित 'राष्ट्र विरोधी', अपमान की लंबी परंपरा

कोर्ट की टिप्पणी के बाद भाजपा ने राहुल पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'राहुल और कांग्रेस की सेना के अपमान की लंबी परंपरा रही है। माफी मांगें।' आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने लिखा, 'सुप्रीम कोर्ट ने फिर चीन गुरु राहुल गांधी के गैर-जिम्मेदार बयान पर नाराजगी जताई है। राहुल अब प्रमाणित राष्ट्र विरोधी हैं।'

## अब एअर इंडिया के विमान में कॉकरोच

एजेंसी | नई दिल्ली

एअर इंडिया के विमानों में शिकायतों की झड़ी खत्म नहीं हो रही। अब सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई180 में कुछ पैसेंजर्स को प्लेन के अंदर छोटे कॉकरोच दिखने का मामला सामने आया है। यह फ्लाइट कोलकाता होते हुए मुंबई जा रही थी। कोलकाता एयरपोर्ट पर तय शेड्यूल के मुताबिक जब फ्लाइट रुकी, तब ग्राउंड क्रू ने प्लेन की गहराई से सफाई की। एअर इंडिया प्रवक्ता ने बताया कि फ्लाइट में दो पैसेंजर्स को कॉकरोच की वजह से परेशानी हुई। इसके बाद उन्हें उसी केबिन में दूसरी सीटों पर शिफ्ट किया गया, जहां वे आराम से सफर कर सके। विमानन कंपनी ने इस घटना से हुई असुविधा के लिए पैसेंजर्स से माफी भी मांगी है।

### तकनीकी खराबी से दो घंटे बाद बेंगलुरु लौटी फ्लाइट

बेंगलुरु से कोलकाता जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को रविवार शाम तकनीकी खराबी के चलते उड़ान के दो घंटे बाद वापस बेंगलुरु एयरपोर्ट लौटना पड़ा। फ्लाइट संख्या आईएक्स2718 के यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरा विमान भेजा गया। तकनीकी समस्या की जांच जारी है।

**जबलपुरः इंडिगो फ्लाइट का टायर पंक्चर, 4 घंटे बाद रवानाः** सोमवार को जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट का टायर पंक्चर हो गया। टायर खराब होने की वजह से फ्लाइट करीब 4 घंटे तक वहीं खड़ी रही।

**सत्येंद्र जैन को राहत**

### पीडब्ल्यूडी भर्ती केस में क्लोजर रिपोर्ट मंजूर

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत मिली है। पीडब्ल्यूडी भर्ती केस में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्पेशल कोर्ट ने सोमवार को स्वीकार कर ली। कोर्ट ने कहा कि जांच में कोई आपराधिक गतिविधि या सरकारी नुकसान सामने नहीं आया है। इसलिए आगे की कार्रवाई का कोई औचित्य नहीं है।

सीबीआई ने यह केस 28 मई 2018 को दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय से मिले रेफरेंस के आधार पर दर्ज किया था। आरोप था कि पीडब्ल्यूडी के लिए क्रिएटिव टीम की भर्ती में टेंडर की शर्तें जानबूझकर बदली गईं, ताकि एक निजी कंपनी को फायदा मिल सके। चार साल की जांच के बाद सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। रिपोर्ट में कहा गया कि न तो किसी को आर्थिक लाभ मिला, न ही कोई साजिश या भ्रष्टाचार सामने आया। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी कर्मचारियों के काम में कोई धोखाधड़ी नहीं पाई गई।

### दिल्ली विस में ऑपरेशन सिंदूर और महादेव पर चर्चा के दौरान हंगामा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के सोमवार को शुरू हुए मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर दावों का मुद्दा उठाया, जिसके जवाब में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। जैसे ही धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो विपक्ष ने ट्रंप के बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने का दावा किया था। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने विपक्ष की मंशा पर सवाल उठाया। विपक्ष ने उनके बयान को आपत्तिजनक बताते हुए कार्रवाई की मांग की। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन चर्चा बार-बार बाधित होती रही। चर्चा के दौरान आम आदमी पार्टी के बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी की। इसके बाद स्पीकर ने संजीव झा को मार्शल द्वारा सदन से बाहर करा दिया।

## केंद्र का दावाः 10 साल में 17 करोड़ रोजगार दिए

नई दिल्ली | केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को दावा किया कि मोदी सरकार के 10 साल में देश में 17 करोड़ रोजगार दिए गए। उन्होंने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि इससे पहले यूपीए सरकार के 10 साल में सिर्फ 3 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए थे। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री ने कहा कि ये आंकड़े सरकार के नहीं, बल्कि आरबीआई के हैं, जो आजादी के बाद से हर साल रोजगार के आंकड़े जारी करता है। मांडविया ने बताया कि पिछले 16 महीनों में 11 लाख युवाओं को रोजगार मिले हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने सिर्फ रोजगार नहीं दिए, बल्कि अगले 5 साल के लिए भी रोजगार सृजन की योजना तैयार की है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही पीएम विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) का ऐलान किया गया है। इस योजना के तहत 2 लाख करोड़ रुपए खर्च कर 4 करोड़ से ज्यादा नौकरियां देने का लक्ष्य है।






श्री बैजनाथ चौधरी
29 फ़रवरी, 1936 - 5 अगस्त, 2019

की छठवीं स्मरणीय जयंती पर
उनका स्मरण

एक अमर व्यक्तित्व जो सदा मार्गदर्शक बनके हमारे ह्रदय में विराजमान रहेंगे

हमारे पूजनीय श्री बैजनाथ चौधरी जी की छठवीं स्वर्गगमन जयंती पर हम उन्हें श्रद्धा-भाव से नमन करते हैं। उनके आदर्श मूल्यों ने हमें जीवन में अच्छे कर्मों का जो मार्ग दिखाया था, उस पर चलते हुए हम आज आगे बढ़ रहे हैं। उनका दयालु और उदार स्वभाव आने वाली कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्हें स्मरण करते हुए हम यह संकल्प दोहराते हैं कि उनके सपनों को जीवंत करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

बिश्वनाथ - शशिकला (पुत्र - पुत्रवधू)
दिलीप - सरोज (पुत्र - पुत्रवधू)
गोबिंद - सुनीता (पुत्र - पुत्रवधू)
बिमल - बेला (पुत्र - पुत्रवधू)
उमा - बिशन गोयल (पुत्री - दामाद)
कुसुम - प्रदीप सांवरिया (पुत्री - दामाद)

अनमोल
मैनेजमेंट एवं कर्मचारी
Anmol™

**तापमान / मौसम**

दिन 34.0° अधिकतम | रात 24.0° न्यूनतम

आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। गरज/बिजली के साथ हल्की से बहुत हल्की बारिश हो सकती है।

**शहर में आज**

- -चर्चाएंः पुस्तक चर्चा समूह
  कहांः आईआईसी मुख्य भवन, 6.00 बजे से
- फ़िल्में और प्रदर्शनियांः सुनहरा धागा
  कहांः सीडी देशमुख सभागार, 6.30 बजे से

## आईपीयूः बीए-बीएड प्रोग्राम की काउंसलिंग 7 और 8 अगस्त को

**नई दिल्ली** | आईपी यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के 4 वर्षीय बीए-बीएड प्रोग्राम में दाखिले के लिए प्रथम काउंसलिंग ऑफलाइन मोड में 7 और 8 अगस्त को द्वारका कैंपस में होगी। इस इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) में दाखिले के जिन छात्रों ने एनसीईटी द्वारा आयोजित नेशनल लेवल टेस्ट उत्तीर्ण किया है और आवेदन किया है वे इस काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। आवेदक को काउंसलिंग के दिन कुलसचिव के नाम से निर्गत 96 हजार रुपए का बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य दस्तावेज साथ लाने हैं। यह प्रोग्राम द्वारका कैंपस स्थित यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन में उपलब्ध है। कुल सीटें 60 हैं।

## जामिया डॉ शंकवलकर जयंती पर नेशनल ओरल हाइजीन डे मनाया

**नई दिल्ली** | ओरल स्वास्थ्य के रखरखाव के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जामिया के दंत चिकित्सा संकाय ने स्व. डॉ जीबी शंकवलकर की जयंती के मौके पर नेशनल ओरल हाइजीन डे मनाया। इस दौरान पिंक गम्स, पिंक हेल्थ विषय पर एक रील बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों और प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। उन्होंने मुख स्वच्छता के महत्व पर रोगियों की जागरूकता के लिए लघु वीडियो बनाकर, क्रिया और हास्य और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पीरियोडोन्टोलॉजी विभाग की प्रो. डॉ. कीर्ति चावला ने गुड ओरल हाइजीन प्रैक्टिस विषय पर एक रेडियो वार्ता प्रस्तुत की।

## स्वच्छता अभियान के तहत मेयर का हिंदू राव अस्पताल में श्रमदान

**नई दिल्ली** | मेयर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को हिंदू राव अस्पताल में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1 अगस्त से स्वच्छता अभियान शुरू किया है। हिंदू राव अस्पताल प्रतिदिन 3 से 4 हजार रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। हम जितना साफ रहेंगे, उतने ही स्वस्थ होंगे। हम सब यहां श्रमदान करने आए हैं। इसका उद्देश्य जनता में संदेश देना है कि अस्पताल इत्यादि सार्वजनिक सुविधाएं भी हमारा परिवार हैं। इन्हें भी अपने घर की तरह साफ एवं सुंदर रखना है।

### दिल्ली विद्यालय शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक 2025 पेश

# निजी स्कूलों पर सरकार की नकेल, अब नहीं वसूल सकेंगे मनमानी फीस

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली विद्यालय शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 सदन में पेश कर दिया। सूद ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर में व्यवस्था सुधार रहे हैं, उसी तरह से सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली के शिक्षा क्षेत्र में बड़ी समस्या के समाधान के लिए साहसिक कदम उठाया है। सूद ने स्पष्ट किया कि अब प्राइवेट स्कूल मनमाने ढंग से फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। यदि कोई स्कूल नियमों का उल्लंघन करता है तो उस पर ना सिर्फ जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि उसकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है, उस स्कूल को दिल्ली सरकार टेकओवर भी कर सकती है।

सूद ने कहा, आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकाल में प्राइवेट स्कूलों का जमकर विकास हुआ। 5 माह पहले सत्ता में आई भाजपा को आप बदनाम कर कर रही है। हकीकत यह है कि आप ने फीस बढ़ाने के अधिकार स्कूल मालिकों को दे रखे थे। यह बिल पारित होने के बाद दिल्ली के लाखों अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक 1973 के कानून से दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था नियंत्रित होती है। उस समय स्कूलों की संख्या बहुत कम थी।

पूर्व की सरकार शिक्षा क्रांति की बात करती रही, मगर सच्चाई यह थी कि अभिभावक स्कूलों के चक्कर लगाते रहे, अदालत में धक्के खाते रहे। आप सरकार के मंत्री 10 साल एसी कमरे में बैठे रहे। उन्होंने इनके लिए कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला, वह सरकार कोई कानून लेकर नहीं आई। हमारी सरकार 5 माह में अभिभावकों को पब्लिक स्कूल के माफिया के चंगुल से निकालने के लिए बिल ले कर आई है, जिससे आप को बहुत दर्द हो रहा है।

वहीं, भोगल के विधायक तलविंदर सिंह मारवाह ने सूद से दिल्ली सरकार व निगम के स्कूलों में हनुमान चालीसा का पाठ शुरू करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों में संस्कार और ज्ञान का संचार होगा।

### गैरकानूनी फीस वृद्धि पर 10 लाख तक का जुर्माना



- यह कानून दिल्ली के सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर लागू होगा।
- स्कूल 3 साल में केवल 1 बार ही फीस बढ़ा सकेंगे।
- फीस बढ़ाने से पहले पूरी जानकारी सरकार और जनता के सामने रखनी होगी।
- स्कूलों को हर साल अपना खर्च और आमदनी का रिकॉर्ड देना अनिवार्य होगा।
- फीस निर्धारण के लिए स्कूल का ढांचा, स्टाफ की सैलरी, जरूरतें देखी जाएंगी, लेकिन मुनाफाखोरी नहीं चलने दी जाएगी।
- गैरकानूनी फीस बढ़ोतरी करने पर 1 लाख से 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा।
- अगर कोई स्कूल छात्र का नाम काटता है या अपमान करता है, तो स्कूल पर 50 हजार रुपए प्रति छात्र जुर्माना लगेगा।
- बार-बार गलती करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द हो सकती है या सरकार उसका संचालन अपने हाथ में ले सकती है।
- यदि किसी स्कूल का विवाद कोर्ट या कमेटी में चल रहा है तो वह पिछले साल की ही फीस ले सकेगा।

**हर स्कूल में फीस रेगुलेशन कमेटी बनाना अनिवार्य होगाः** आशीष सूद ने बताया कि अब इस विधेयक के नियम लागू होते ही स्कूल प्रबंधनों की जवाबदेही तय हो सकेगी। इस विधेयक के तहत फीस संरचना को सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा, हर फीस वृद्धि के लिए बोर्ड की मंजूरी आवश्यक होगी और सभी विवरण ऑनलाइन उपलब्ध किए जाएंगे। इस बिल के लागू हो जाने पर स्कूल तय सीमा से अधिक फीस नहीं ले सकेंगे और हर स्कूल में "फीस रेगुलेशन कमेटी' बनाना अनिवार्य होगा, जिसमें इसमें स्कूल के प्रधानाचार्य, 3 शिक्षक, 5 अभिभावक और शिक्षा निदेशालय का 1 प्रतिनिधि शामिल होगा। सर्व सहमति होने के बाद फीस बढ़ाने की मंजूरी दी जाएगी।

### आप विधायकों का प्रदर्शन, दो मांग रखीं

विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी टोका-टोकी और बिल का विरोध करती रहीं। इसके बाद उनके नेतृत्व में आप विधायकों ने विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। आतिशी ने कहा, अप्रैल से जुलाई तक किसी न किसी बहाने से भाजपा जानबूझकर बिल को टालती रही, ताकि प्राइवेट स्कूल आराम से फीस बढ़ा लें और अभिभावकों से जबरन वसूली कर सकें। आप की दो मांग हैं, पहली- बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाए, ताकि अभिभावकों और विशेषज्ञों की राय ली जा सके। दूसरी, सभी स्कूलों की फीस को 2024-25 के स्तर पर स्थिर किया जाए, ताकि प्राइवेट स्कूल मनमानी न कर सकें।

### बिना फायर एनओसी के चल रहे बैंक्वेट हॉल का मुद्दा उठा

विधानसभा के मानसून सत्र में नियम 280 के तहत मोती नगर के विधायक हरीश खुराना ने बैंक्वेट हॉल में आगजनी और इसमें मौत का मामला उठाते हुए कहा कि अधिकतर बैंक्वेट हॉल नियमों को पूरा नहीं कर रहे हैं। जो अधिकारी बैंक्वेट हॉल को फायर एनओसी देने में संलग्न हैं, उनके ऊपर कार्रवाई की जानी चाहिए।






### सकुर्लर जारी कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# एमसीडी स्कूलों में सीसीटीवी लगेंगे, सुरक्षा होगी मजबूत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अपने स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने एक सर्कुलर भी जारी कर दिया है। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य स्कूल परिसर में बच्चों की सुरक्षा को और मजबूत करना है। सर्कुलर के मुताबिक, कैमरों को ऐसी जगहों पर लगाया जाएगा, जिससे स्कूल का कोई भी कोना निगरानी से न छूटे। इसमें स्कूल के एंट्री और एग्जिट गेट, खेल का मैदान (प्लेग्राउंड), क्लासरूम, बाउंड्री वॉल (चारदीवारी), कॉरिडोर और सीढ़ियां, प्रिंसिपल रूम, स्टाफ रूम, स्टोर रूम और हॉल, टॉयलेट ब्लॉक के पास का एरिया शामिल है। शिक्षा विभाग ने सभी जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने इलाके के स्कूलों में कैमरों की जरूरत की लिस्ट तैयार करें।

### प्राथमिक विद्यालयों में 8 हजार शिक्षकों की कमी

दूसरी ओर, नगर निगम शिक्षक संघों का कहना है कि एमसीडी के स्कूलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की आवश्यकता है। शिक्षकों को उनका वाजिब हक तक नहीं मिल रहा है और वे हताशा में कार्य कर रहे हैं। हजारों शिक्षकों के एरियर का भुगतान वर्षों से लंबित है। एमसीडी के प्राथमिक विद्यालयों में करीब 8 हजार शिक्षकों की कमी है। साल 2019 से एक भी सामान्य शिक्षक की भर्ती नहीं की गई है। स्थिति इतनी गंभीर है कि एक शिक्षक को कई-कई कक्षाओं की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है।

## चांदनी चौक में फिर अतिक्रमण, व्यापारियों ने किया मौन प्रदर्शन

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

चांदनी चौक के व्यापारियों ने सोमवार को इलाके में हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ मौन प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुए 140 करोड़ रुपए के पुनर्विकास के बावजूद इलाके में फिर से अराजकता लौट रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अतिक्रमण हटाकर चांदनी चौक की पुरानी गरिमा को वापस लाया जाए। चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल के बैनर तले यह प्रदर्शन सुनेहरी मस्जिद से शुरू होकर लाल किला होते हुए फव्वारा चौक तक गया। यह प्रदर्शन एक घंटे चला। व्यापारियों ने ऐलान किया है कि 14 अगस्त तक हर दोपहर इसी तरह मार्च निकाला जाएगा। इसमें टाउन हॉल, फतेहपुरी मस्जिद और अन्य प्रमुख स्थानों को शामिल किया जाएगा।

बीजेपी प्रवक्ता और चांदनी चौक नागरिक मंच के महासचिव प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि इलाके की समस्याएं गंभीर हैं, लेकिन 9 से 15 अगस्त के बीच कोई प्रदर्शन या गांधीगिरी नहीं की जाएगी। सभी व्यापारी और निवासी देशभक्त हैं। व्यापारियों ने कहा कि मुख्य सड़क और उससे सटी गलियों में फिर से अवैध दुकानदारों का कब्जा हो गया है।

# प्रगति मैदान अंडरपास-5 को मिली मंजूरी, जनता पर नहीं पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा भेजे गए प्रगति मैदान के पास निर्माणाधीन अंडरपास 5 के संशोधित प्रस्ताव को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी से अब बिना किसी अतिरिक्त बजटीय बोझ के परियोजना को पूरा करने का रास्ता साफ हो गया है। पीडब्ल्यूडी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव में तीन अहम तकनीकी उपाय सुझाए गए थे। इनमें बॉक्स संरचनाओं के नीचे ग्राउंटिंग का कार्य तुरंत शुरू किया जाए, जिससे मिट्टी की स्थिरता बनी रहे और आगे धंसने की समस्या न हो। रेलवे एंबैंकमेंट के नीचे स्थित बॉक्सों की स्टिचिंग की जाए, जिससे ट्रैक की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कैस्ट-इन-सिटू निर्माण पद्धति को अपनाया जाए, जिसमें अंडरपास की ऊंचाई और चौड़ाई को नई तकनीकी परिस्थितियों के अनुसार संशोधित किया गया है।

पीडब्ल्यूडी ने स्पष्ट किया है कि अब इस कार्य के लिए कोई नया बजट आवंटित नहीं किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पिछले माह साइट का निरीक्षण किया था और अधिकारियों को फौरन समाधान निकालकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे।






## आवारा कुत्तों को माइक्रो चिप लगाने की एमसीडी की योजना

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से स्थायी समिति द्वारा गठित उप-समिति की दूसरी बैठक सोमवार को हुई। बैठक में पर्यावरणविद् व भाजपा नेता मेनका गांधी तथा स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा मौजूद रहीं। बैठक में निगम की ओर से संचालित किए जाने वाले एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटरों को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने का निर्णय लिया गया, ताकि ऑपरेशनों के साथ-साथ कुत्तों के स्वास्थ्य की समुचित जांच, विशेषकर ब्लड टेस्ट समय पर हो सके। हर जोन में एंटी रैबीज अवेयरनेस कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि नागरिकों को जागरूक किया जा सके और रैबीज जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित हो। अधिकारियों ने बताया, निगम द्वारा विभिन्न एनजीओ के साथ मिलकर संचालित इन केंद्रों में आवारा कुत्तों को एक माइक्रो चिप लगाने की योजना है, जिसमें उनके स्ट्रेलाइजेशन की स्थिति व अन्य महत्वपूर्ण विवरण दर्ज होंगे। इससे भविष्य में कुत्तों की निगरानी और ट्रैकिंग संभव हो सकेगी।


(फीचर इम्पैक्ट)

दैनिक भास्कर HARYANA KE GAURAV AWARDS 2025 SEASON 2

# चमड़ी की हर समस्या को खत्म करेगा जेडीएम आयुर्वेदिक

सभी दवा बेअसर होकर बहुत ज्यादा सीरियस हो चुकी चमड़ी की एलर्जी, अंग बहुत ज्यादा गल गये है, पूरे शरीर पर गम्भीर रूप धारण कर चुकी सोरायसिस, गहरे जख्म, जन्म से खुजली की एलर्जी, पैम्प फिंगस के फफोले पूरे शरीर पर फैलकर सीरियस रूप ले चुके है, सालों पुराने दाद, दाफड़, वैरीकोज के गहरे जख्म, वर्षों पुरानी खुजली भयंकर रूप धारण कर चुकी है, वर्षों से दवा खा-खाकर ठीक होने की बजाय पूरे शरीर पर फैल गई है। सभी ईलाज करके थक चुके है, महीनों से सोये नही है, सालों पुरानी आंख, कान, गुप्त अगों की खारिश, शरीर पर हर प्रकार की सीरियस खारिश की एलर्जी, बहुत ज्यादा खारिश में पहले ही दिन से आराम शुरू हो जाता है, बहुत ज्यादा चक्कर आना (कोई दवा काम नही कर रही) सफेद दाग, सीरियस से सीरियस मरीजों का ईलाज हुआ है जिसका प्रमाण हमारी वेबसाईट www.PSORIASISJDM.com पर है। **संपर्क करने के लिये कॉल करें-98121-57343**




## जेडीएम की सफलता की कहानी मरीजों की जुबानी

**सोरायसिस से मेरा शरीर गल चुका था**



मैं चमन लाल दिल्ली गांव गिटोरनी से हुं। मैं सोरायसिस का बहुत ज्यादा सीरियस मरीज था। पूरे शरीर पर सोरायसिस फैलकर सारा शरीर गल चुका था, चलने-फिरने लायक नहीं रह गया था। सभी जगह से जवाब हो चुका था, फिर मेरे को JDM हिसार के बारे मे किसी जानकार ने बताया, फिर मैंने तुरंत हिसार आकर इलाज शुरू किया। आज मैं सौ प्रतिशत ठीक हो गया हूं। लगता भी नही कभी मेरे सोरायसिस थी, मैं JDM का बहुत धन्यवादी हूं।

**पोती की सोरायसिस ठीक हुई**



मैं गोपी राम सैनी पुत्र श्री हीरा मल गांव मुहाना जिला सोनीपत से हूं। मेरी पोती को एक साल से पूरे शरीर पर सोरायसिस थी, मैंने सोनीपत, पानीपत, रोहतक कई जगह से इलाज करवाया लेकिन कोई भी फायदा नही मिला। JDM का कहीं से पता चला तो मैं तुरन्त हिसार पहुंचकर इलाज शुरू किया। आज मेरी पोती बिल्कुल ठीक हो गई है। विश्वास भी नहीं हो रहा है।

**30 साल की सोरायसिस ठीक हुई**



मैं पप्पु गांव बरकी खेडी हिसार से हूं। मेरे को 30 साल से पूरे शरीर पर सोरायसिस व भयंकर खुजली की एलर्जी थी। मैंने सभी जगह से इलाज करवाया, कहीं से भी कोई 1% भी फर्क नही पड़ा। फिर मैनें JDM से इलाज शुरू किया। आज मैं सौ प्रतिशत ठीक हो गया हूं, मैं JDM का धन्यवाद करता हूं।

**(सभी जगह से जबाब हो चुके मरीज तुरंत संपर्क करें)**

- Serious Psoriasis
- Serious All Skin Allergy
- Serious Pustular Skin Allergy
- Chronic Urticaria
- Serious Pemphigus Vulgarius
- Ichthyosis Vulgarius
- Herpes
- Severe Eczema

ठीक हो चुके मरीजों का विडियो देखने के लिए बार कोड को स्कैन करें

Dr. Rohit Kumar, Chairperson (BAMS)
(Regn. No. 27375 (Hr)

**JDM AYURVEDIC PSORIASIS RESEARCH CENTRE™**

भारत का पहला सीरियस चमड़ी रोगों का हस्पताल

55, Red Cross Market, Railway Road, Hisar (Haryana) Ph : 9812157343


**सिटी एंकर**

### नागपुर से लाई गई बाघिन अदिति की पहली संतानें, 48 घंटे अहम

# 20 साल में पहली बार 'अदिति' ने दिए 6 शावक

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली चिड़ियाघर में सोमवार को 6 रॉयल बंगाल टाइगर शावकों का जन्म हुआ। यह पिछले 20 साल में किसी एक बाघिन की सबसे बड़ी संतान संख्या है। ये शावक सुबह 9 बजे से 11 बजे के बीच सात साल की बाघिन अदिति ने जन्म दिए। अदिति को नागपुर के गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर से लाया गया था। यह उसका पहला लिटर है। चिड़ियाघर के डायरेक्टर संजीत कुमार ने बताया कि मां और शावकों की सीसीटीवी से लगातार निगरानी की जा रही है, क्योंकि जन्म के पहले 48 घंटे बेहद अहम होते हैं। उन्होंने बताया, "अदिति जंगल से लाई गई है और वह शावकों की देखभाल खुद कर रही है। हम लगातार नजर रखे हुए हैं।

### अभी चिड़ियाघर में 6 सफेद बाघ और 7 रॉयल बंगाल टाइगर



अभी तक चिड़ियाघर में 6 सफेद बाघ और 7 रॉयल बंगाल टाइगर हैं। इससे पहले 2023 में भी गोरेवाड़ा से लाई गई बाघिन सिद्धि ने 5 शावकों को जन्म दिया था, लेकिन उनमें से सिर्फ दो ही बच पाए। 2005 में भी 6 शावकों का जन्म हुआ था, तब भी सिर्फ दो ही जीवित रहे। डायरेक्टर संजीत कुमार ने बताया कि सफेद बाघों में नारंगी रंग का पिगमेंट फियोमेलानिन नहीं होता, लेकिन वे भी रॉयल बंगाल टाइगर ही होते हैं। सिर्फ रंग अलग होता है। कहा, दिल्ली चिड़ियाघर 1959 में शुरू हुआ था। यह नेशनल जू पॉलिसी के तहत सेंट्रल जू अथॉरिटी के एंडेंजर्ड स्पीशीज के कंजर्वेशन ब्रीडिंग प्रोग्राम का हिस्सा है। 2010 से इसे टाइगर कंजर्वेशन के लिए नामित किया गया है।

**प्रजनन की कोशिश 2023 से चल रही थी :** चिड़ियाघर के वेटरनरी ऑफिसर अभिजीत भावाल ने बताया कि अदिति के प्रजनन की कोशिश 2023 से की जा रही थी। पहले उसे करण और हरी नाम के बाघों के साथ मिलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में सफेद बाघ विजय के साथ जोड़ा गया, जो पहले भी अवनी और व्योम नाम के शावकों का पिता रह चुका है। 26 मई को इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आइवीआरआइ) ने गर्भ की पुष्टि की थी। भावाल ने बताया कि सभी शावक मां के साथ सेल में हैं। इनमें से 5 शावक स्वस्थ दिख रहे हैं। एक पर विशेष नजर रखी जा रही है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, मंगलवार 5 अगस्त, 2025 |श्रावण, शुक्ल पक्ष-एकादशी, 2082

12 राज्य | 61 संस्करण

**आज का दिन**

**हाई कोर्ट में महिला सीजे**

1991. जस्टिस लीला सेठ हिमाचल हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस बनी थीं। इस पद पर पहुंचने वाली वे पहली महिला थीं। वे दिल्ली हाई कोर्ट की पहली महिला जज भी थीं।



**वनडे जैसा रोमांच**

**फाइनल स्कोर...**
भारत : 224 और 396
इंग्लैंड: 247 और 367

**बिलीव इमेज से प्रेरणा...**
'मैंने सुबह उठते ही गूगल सर्च किया। एक बिलीव इमेज वॉलपेपर निकाला। खुद से कहा कि देश के लिए यह कर दिखाऊंगा। मुझे हमेशा लगता था कि किसी भी स्थिति से मैच जीत सकता हूं और मैंने ऐसा ही किया।'
**मोहम्मद सिराज** (जीत के बाद)

**सिराजः कमाल की बॉलिंग**
- **प्लेयर ऑफ द मैचः** 9 विकेट (पहली पारी में 4, दूसरी में 5)

**विकेट में बुमराह के बराबर**
इंग्लैंड के खिलाफ 2021-22 में बुमराह ने 23 विकेट लिए थे। सिराज ने भी 5 टेस्ट मैच की इस सीरीज में 23 विकेट लिए।

**53 में से वो 3 बॉल, जिन पर सिराज ने विकेट लेकर बाजी पलटी**
7वीं | 21वीं | 53वीं



**शुभमन गिल**
- प्लेयर ऑफ द सीरीजः 754 रन (4 शतक, इनमें 269 सर्वोच्च)



**एक हाथ से खेलने उतरे वोक्स...**
आखिरी विकेट के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स एक हाथ से बैटिंग करने उतरे, क्योंकि उनका बायां कंधा डिसलोकेट हो गया।

### 5वां टेस्ट : इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे, भारत ने 53 गेंद फेंकी, 4 विकेट गिराए, 6 रन से जीते

# 'टेस्ट' ऑफ इंडिया

### सिराज सरताज... आखिरी दिन 3 विकेट लिए, जबकि 5 मैच में कुल 23, इकोनॉमी रेट 4.02

भास्कर न्यूज़ | लंदन

टीम इंडिया ने द ओवल ग्राउंड पर खेले गए 5वें और आखिरी टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 6 रन से हराकर सीरीज 2-2 (एक ड्रॉ) से बराबर कर दी। भारत ने दूसरी पारी में उसे 374 रन का टारगेट दिया था। इसमें 339 रन वो चौथे दिन बना चुका था। पांचवें यानी सोमवार को वह जीत से महज 35 रन दूर था और उसके पास 4 विकेट थे। लेकिन, सिर्फ 53 गेंदों में मोहम्मद सिराज ने 3 और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट झटककर 59वें मिनट में इंग्लैंड को 367 पर रोक दिया। रनों के लिहाज से यह भारत की सबसे छोटी और टेस्ट इतिहास में 9वीं छोटी जीत है।

**युवा टीम, सीरीज 2-2 से बराबर**

- टेस्ट अनुभव में टीम इंडिया के खिलाड़ी इंग्लैंड से पीछे थे। कप्तान गिल 25 साल के हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स से 9 साल छोटे - इंग्लैंड के सभी 16 खिलाड़ी कुल 610 टेस्ट खेले हैं, तो भारत के 413 - इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट के सीरीज से पहले अकेले 36 शतक थे, जबकि टीम इंडिया के कुल 29 ही शतक थे।
- **नई जोड़ी का युग...** गिल ने सीरीज में 754 रन बनाए। यह किसी भारतीय द्वारा एक टेस्ट सीरीज में बनाया दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इनके नेतृत्व में 10 माह बाद भारत ने कोई सीरीज ड्रॉ कराई। वहीं, कोच गौतम गंभीर भारी दबाव में भी रणनीतिक रूप से कामयाब रहे। नई जोड़ी-नया युग।

स्पोर्ट्स पेज पढ़ें
1. एनालिसिसः आखिरी दिन 'टेस्ट' हुआ पास
2. एक्सपर्टः एकजुटता से जीती युवा ब्रिगेड
3. फीचर स्टोरीः अब ग्राउंड पर 'मियां मैजिक'

**इस सीरीज में बने 5 बड़े रिकॉर्ड...**
- दूसरी सबसे ज्यादा रन वाली टेस्ट सीरीज। 7187 रन बने। इससे पहले 1993 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड सीरीज में 7221 रन बने थे - 9 बल्लेबाजों ने 400 से ज्यादा रन बनाए - 19 बार शतकीय पार्टनरशिप। - 21 शतक - 50 से ज्यादा अर्धशतक।

**भारत की टेस्ट में सबसे छोटी जीत**

| अंतर | बनाम | वेन्यू | साल |
|---|---|---|---|
| 6 रन | इंग्लैंड | लंदन | 2025 |
| 13 रन | ऑस्ट्रेलिया | मुंबई | 2004 |
| 28 रन | इंग्लैंड | कोलकाता | 1972 |
| 31 रन | ऑस्ट्रेलिया | एडिलेड | 2018 |

**टेस्ट में अब तक की सबसे छोटी हार...**
इंग्लैंडः 2023 में न्यूजीलैंड ने 1 रन से हराया।
ऑस्ट्रेलियाः 1993 में विंडीज ने 1 रन से हराया।




**भारतीय कंपनी अंतरिक्ष में भेजेगी ऑस्ट्रेलियाई पेलोड**

नई दिल्ली| हैदराबाद की कंपनी ध्रुवा स्पेस दो ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के छोटे उपकरण या पेलोड अंतरिक्ष में भेजेगी। कंपनी का यह पहला कमर्शियल मिशन है।




**सीएमआईई रिपोर्ट** • इनकी कुल पूंजी 36199 करोड़, पिछले साल से 21% ज्यादा

## देश में बीते 3 महीने में खुल गईं 61 हजार से ज्यादा नई कंपनियां

गुरुदत्त तिवारी | मुंबई

देश में नए उद्योगों की रफ्तार तेज हो गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की ताजा रिपोर्ट बताती है कि अप्रैल से जून में भारत में 61 हजार से ज्यादा नई कंपनियां खुलीं। नई कंपनियों का औसत कैपिटल बेस भी बढ़ा है। जहां अक्टूबर से दिसंबर 2024 तक खुली नई कंपनियों के पास औसत 5.2 लाख रुपए की औसत पूंजी थी, जो अब बढ़कर 5.9 लाख रु. हो गई है। जून 2025 में पंजीकृत हुई नई कंपनियों की कुल संयुक्त पूंजी 36199 करोड़ रु. रही। यह सालाना आधार पर 21% ज्यादा है। स्टार्टअप और डिजिटल इंडिया कैंपेन से युवाओं को नई कंपनियां लगाने के लिए पर्याप्त फंडिंग मिल रही है।

**ऐसे बढ़ती गईं नई कंपनियां**

| तिमाही | नई कंपनियां |
|---|---|
| अक्टूबर-दिसंबर 2024 | 37,393 |
| जनवरी-मार्च 2025 | 55,581 |
| अप्रैल-जून 2025 | 61,000 |

**सबसे ज्यादा कंपनियां सर्विस सेक्टर की...**



- रिपोर्ट बताती है कि अप्रैल से जून के बीच खुली 61 हजार कंपनियों में से सबसे ज्यादा 72% सर्विस सेक्टर की थीं। इस सेक्टर में ट्रेड, ट्रेड सर्विस, कम्युनिटी, पर्सनल और सोशल सर्विस से जुड़ी कंपनियां थीं। सालाना आधार पर इनकी संख्या में 36% तक का इजाफा हुआ है।
- इसके बाद इंडस्ट्रियल सेक्टर में सबसे ज्यादा 15% नई कंपनियां आईं। इस सेक्टर में शामिल मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां की हिस्सेदारी 33.3% थी। कंस्ट्रक्शन सेक्टर का योगदान 27.7% था।
- हालांकि इंडस्ट्रियल सेक्टर में कंपनियों की संख्या में बढ़ोतरी के बाद भी प्रति कंपनी निवेश पिछले साल की जून तिमाही की तुलना में काफी कम हो गया।
- नई कंपनियों में कृषि और इनसे जुड़ी कंपनियों का हिस्सा कम है। इसमें सिर्फ 1,701 कंपनियां ही इस सेक्टर की हैं।

**दिक्कतः हर माह बंद हो रहीं 10 हजार कंपनियां**

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के मुताबिक इस समय देश में कुल 28.05 लाख पंजीकृत कंपनियां हैं। इनमें 18.17 लाख सक्रिय हैं। जून 2025 तक करीब 10 लाख पंजीकृत कंपनियां बंद हो चुकी हैं। हर साल 5 से 10 हजार कंपनियां बंद हो जाती हैं। कोविड के बाद से अब तक 2 लाख से ज्यादा कंपनियां बंद हो चुकी हैं। 2022-23 में सर्वाधिक 84 लाख कंपनियां बंद हुईं थीं।

**वारदात** • पीड़ित सांसद ने गृहमंत्री को लिखा पत्र

## दिल्ली: सबसे सुरक्षित इलाके में कांग्रेस सांसद की चेन छीनी

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सबसे सुरक्षित और वीवीआईपी इलाके चाणक्यपुरी में बदमाशों ने सोमवार सुबह कांग्रेस सांसद आर सुधा की चेन छीन ली। आर सुधा तमिलनाडु की मयिलाडुतुरै लोकसभा सीट से सांसद हैं। घटना उस वक्त हुई जब सुधा सुबह की सैर पर निकली थीं। वे चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन में ठहरी थीं। सांसद सुधा ने इस वारदात को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। चाणक्यपुरी में देश-विदेश के कई दूतावास, राजनयिक मिशन और राज्य सरकारों के आधिकारिक आवास हैं, जहां आमतौर पर सुरक्षा बेहद कड़ी रहती है।

पुलिस ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फरार बदमाशों की तलाश में कई पुलिस टीमें जुटी हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है।

### ईवी अपनाने में दिल्ली, महाराष्ट्र, चंडीगढ़ सबसे आगे

एजेंसी | नई दिल्ली

ई-व्हीकल्स (ईवी) अपनाने में देश में दिल्ली, महाराष्ट्र और चंडीगढ़ सबसे आगे हैं। नीति आयोग ने सोमवार को पहली इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स (आईईएमआई) रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट ईवी अपनाने, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी और ईवी टेक्नोलॉजी व इनोवेशन जैसे तीन प्रमुख पहलुओं पर आधारित है। 'इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स 2024' नाम से जारी रिपोर्ट में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का 16 इंडीकेटर्स के आधार पर मूल्यांकन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली और महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट इलेक्ट्रिफिकेशन में सबसे आगे हैं।

### पुलिसकर्मी बनकर बस में यात्री से एक करोड़ लूटे

भास्कर न्यूज़ | पलवल

एनएच-19 पर राजस्थान रोडवेज की बस में लुटेरों ने पुलिसकर्मी बनकर यात्री से एक करोड़ रुपए लूट लिए। यात्री को बस से नीचे उतारा और बंधक बनाकर ले गए। काफी देर तक घुमाने के बाद अगवानपुर गांव के जंगल में यात्री को छोड़कर फरार हो गए। गदपुरी थाना प्रभारी अश्विनी के अनुसार, पीड़ित रामप्रमेश्वर शर्मा की शिकायत पर पांचों लुटेरों के खिलाफ लूट व अपहरण का केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रहे हैं। राजस्थान के सीकर जिले के विजयपुरा गांव निवासी रामप्रमेश्वर शर्मा 25 साल से असम के गुवाहाटी निवासी सुरेश कुमार अग्रवाल के लिए काम करते हैं। -शेष पेज 10पर

**वृंदावन कॉरिडोर मामला** • सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार पर उठाए गंभीर सवाल

## बांके बिहारी... यूपी सरकार फंड व ट्रस्ट पर जल्दी में क्यों, गुपचुप याचिका क्यों

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन पर नियंत्रण की कोशिशों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। कोर्ट ने पूछा कि आखिर राज्य सरकार को इतनी हड़बड़ी क्यों है और क्यों उसने गुपचुप तरीके से मंदिर के फंड के इस्तेमाल की अनुमति ली?

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मंदिर के सेवायतों की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह सवाल उठाया। राज्य सरकार ने 15 मई 2025 को सुप्रीम कोर्ट से दीवानी वाद के जरिए मंदिर फंड से आसपास की जमीन खरीदने की अनुमति ली, पर मंदिर प्रबंधन पक्ष को इसकी जानकारी नहीं दी गई। कोर्ट ने कहा, मंदिर का कोई केस कोर्ट में नहीं था, फिर भी राज्य ने गुप्त तरीके से आदेश हासिल किया, जो ठीक नहीं। कोर्ट ने इस आदेश को स्थगित करने के भी संकेत दिए।

**मंदिर निजी नहीं, सार्वजनिक आस्था का केंद्र है**

सेवायतों की ओर से पेश अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा, मंदिर गोस्वामी परिवारों द्वारा संचालित पारंपरिक निजी मंदिर है। वर्ष 2016 के बाद प्रबंधन समिति के चुनाव नहीं हुए। सरकार बिना पक्षकारों को सुने ट्रस्ट अध्यादेश पास करके मंदिर को नियंत्रण में लेना चाहती है। इस पर कोर्ट ने कहा, मंदिर को निजी कहना ठीक नहीं। लाखों लोग वहां आते हैं। यह सार्वजनिक आस्था का केंद्र है, प्रबंधन निजी हो सकता है। पीठ अध्यादेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार को भी सुनवाई करेगा।

**स्मृति शेष** तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे; धनकटनी आंदोलन से बुलंद की आदिवासियों की आवाज

## गुरुजी का आंदोलन सामाजिक क्रांति भी था... हर धर्म के लोगों को जोड़ा, रात के स्कूल शुरू किए; बनाया 'सपनों का झारखंड'

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन**

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली/रांची



जन्म : 11/1/1944
निधनः 4/8/2025

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, झारखंड के पूर्व सीएम और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन (81) का सोमवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। 'दिशोम गुरु के रूप में चर्चित सोरेन तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री और तीन बार केंद्रीय मंत्री रहे। सोरेन के बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा,'आदरणीय दिशोम गुरुजी हमें छोड़कर चले गए हैं।' पीएम मोदी ने कहा, शिबू सोरेन ने सार्वजनिक जीवन में ऊंचाइयों को छुआ।

**जानिए वो पांच खासियतें... जिन्होंने शिबू सोरेन को झारखंड का दिशोम गुरु बनाया**

**अबुआ राज... महाजनों के कब्जे से आदिवासियों की जमीनें मुक्त करवाईं** : आदिवासियों की जमीन व महिलाओं के सम्मान के लिए 'आदिवासी सुधार समिति' का गठन किया। इस बैनर तले लोगों को इकट्ठा कर महाजनों के खिलाफ संघर्ष शुरू किया। धनकटनी आंदोलन के दौरान महाजनों ने जिन आदिवासी जमीनों पर कब्जा कर रखा था। उसे मुक्त कराने की घोषणा की और बिरसा मुंडा के नारे 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' को सार्थक किया।

**शिक्षा सर्वोपरि... रात्रि पाठशाला का कॉन्सेप्ट शुरू कर लोगों को पढ़ाने लगेः** वर्षों तक जंगल और पहाड़ों के बीच रहे। लोगों की समस्याएं देखकर जाना कि महाजन अनपढ़ आदिवासियों को बरगला कर उनकी जमीनें कब्जा रहे हैं। रात्रि पाठशाला शुरू कर लोगों को पढ़ाने लगे। काम करने के बाद लोगों को इस पाठशाला में आना अनिवार्य किया। शिक्षा के साथ ही उन्नत खेती और पशुपालन का प्रशिक्षण भी देने लगे। इन्हीं बातों ने उन्हें दिशोम गुरु (देश के गुरु) का सम्मान दिलाया।

**सर्वधर्म समभाव... हर धर्म के लोगों को झारखंड आंदोलन से जोड़कर रखा** : उन्होंने कहा था कि झारखंड आंदोलन किसी भी धर्म का आंदोलन नहीं है। इसमें हर धर्म के लोग शामिल होंगे। तभी आंदोलनकारियों में हिंदू, मुस्लिम, सरना, ईसाई ही नहीं, सिख और जैन समाज ने भी योगदान दिया। सोरेन हमेशा आदिवासी और मूलवासी के बीच एकता के पक्षधर रहे। कहते थे- साथ रहेंगे तभी झारखंड मिलेगा।

**नशे का विरोध... लोगों को समझाते कि शराब-से दूर रहो** : गुरुजी मांस-मछली और शराब से दूर रहे। वे लोगों को भी जागरूक करते। बताते थे कि नशे की हालत में कागजात पर ठप्पा लगवाकर उनकी जमीन पर महाजन कब्जा कर रहे हैं। इसलिए नशे से दूर रहें।

**पर्यावरण संरक्षक... लोगों को पेड़-पौधे लगाने को कहते, इसका महत्व बताते** : शिबू को पेड़-पौधों और पर्यावरण से बहुत लगाव था। उनके आंदोलन की शुरुआत ही जंगलों से पेड़ काटने वाले ठेकेदारों का विरोध करने से हुई थी। बाद में वे टुंडी के पास पलमा में आश्रम बनाकर रहने लगे। वह भी पारसनाथ पहाड़ियों के करीब था। पोखरिया आश्रम में भी वे पेड़ लगाने का संदेश देते थे।



निर्देश • कष्ट निवारण समिति की बैठक में निर्माणाधीन नाले की गुणवत्ता पर कैबिनेट मंत्री बोले

# पीडब्ल्यूडी की कंट्रोल एंड क्वालिटी टेस्टिंग लैब से निर्माण सामग्री की जांच कराई जाए

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

सेक्टर-12 स्थित हुडा के कंवेंशन सेंटर में सोमवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने की। बैठक में 17 परिवाद में से 14 का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान दयालपुर होते हुए बल्लभगढ़-मोहना सड़क पर निर्माणाधीन नाले की गुणवत्ता को लेकर की गई शिकायत पर मंत्री ने निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री के गुणवत्ता की जांच केवल गुड़गांव स्थित पीडब्ल्यूडी की कंट्रोल एंड क्वालिटी टेस्टिंग लैब से ही कराई जाए। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि किसी भी परियोजना की सामग्री की जांच किसी निजी लैब से न कराई जाए। यदि निर्माण सामग्री की जांच किसी निजी लैब से कराई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसलिए यह पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए कि सामग्री की जांच पीडब्ल्यूडी की लैब से ही कराई जाए।

एसजीएम नगर में सीवर लाइन, पेयजल पाइपलाइन एवं इंटरलॉकिंग टाइल बिछाने से जुड़े परिवाद पर मंत्री ने कहा कि कार्य के टेंडर खुलने के बाद 30 दिन के भीतर काम शुरू कर उसे समय सीमा में पूरा किया जाए, जिससे लोगों को शीघ्र सुविधा मिल सके।

## प्रदूषण की समस्या का सप्ताहभर में ठोस समाधान करें

बैठक में एक निजी अस्पताल की लापरवाही से दिव्यांगता से जुड़ी शिकायत पर मंत्री ने निर्देश दिया यदि मेडिकल नेग्लिजेंस बोर्ड की रिपोर्ट से परिवादी संतुष्ट नहीं है तो मामले की निष्पक्ष जांच पीजीआई रोहतक से कराई जाए।इसी तरह झाड़सेंतली गांव में इंडस्ट्रियल प्रदूषण की समस्या पर मंत्री ने सख्ती दिखाते हुए अधिकारियों को एक सप्ताह में ठोस समाधान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि समाधान औपचारिकता मात्र न हो बल्कि शिकायतकर्ता को व्यावहारिक राहत देने वाला हो। प्लाट के



कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनता की समस्याएं सुनते कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह।

धोखाधड़ी के एक मामले में मंत्री न जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति गठित कर फर्म के अन्य साझेदारों से संवाद कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। इसी तरह संजय कॉलोनी में मीठे पानी की आपूर्ति को लेकर उन्होंने ट्यूबवेल के स्थान पर नहरी जलापूर्ति सुनिश्चित करने व लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। सेक्टर 41 के अनंगपुर चौक से ग्रीन वैली तक गुरुकुल रोड पर खराब स्ट्रीट लाइटों को लेकर आई शिकायत पर उन्होंने नगर निगम को आदेश दिया कि 10 सितंबर तक सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जाए। जिससे लोगों को सुरक्षित और सुचारू आवागमन की सुविधा मिल सके।

### नगला जोगियान में सप्ताहभर में पेयजल आपूर्ति करें, गांव मंझावली से चांदपुर तक सड़क बनाएं

सेक्टर 49 स्थित एक कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में चुनाव से संबंधित परिवाद पर उन्होंने अवगत कराया कि सोसाइटी चुनाव की तिथि 24 अगस्त निर्धारित की गई है और चुनाव के उपरांत संबंधित सोसाइटी को नगर निगम को हस्तांतरित कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। गांव मंझावली से चांदपुर तक प्रस्तावित पक्की सड़क निर्माण के मुद्दे पर उन्होंने निर्देश दिए कि पैमाइश के अनुसार सड़क का निर्माण सीध में हो। नगला जोगियान गांव में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायत पर उन्होंने एफएमडीए को निर्देशित किया कि एक सप्ताह में विभागीय जांच पूरी कर पूरे गांव में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## महाराजा अग्रसेन सामुदायिक भवन में कैबिनेट मंत्री ने किया प्रतिमा का अनावरण



भास्कर न्यूज़ | पलवल

आल्हापुर गांव के निकट स्थित महाराजा अग्रसेन सामुदायिक भवन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया। महाराजा अग्रसेन समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दीपक मंगला मौजूद रहे। इस दौरान गोयल ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं अपितु पूरे समाज के होते हैं। उन्होंने कहा महाराजा अग्रसेन द्वारा दिया गया समाजवाद का नारा आज भी उतना सार्थक है जितना 5 हजार वर्ष पहले था। अग्रवाल समिति के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार समाज के लिए पुनीत कार्य में लगे रहें। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा केवल एक प्रतिमा नहीं अपितु लोगों को सामाजिक व धार्मिक कार्यों से जुड़ने की प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

# ऑटो ट्रैक्टर से टकराया, चालक की मौत; 4 घायल

### घायलों का दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर व बीके अस्पताल में इलाज चल रहा है

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

दिल्ली-आगरा हाईवे पर मेवला महाराजपुर फ्लाईओवर के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार ऑटो आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। इससे ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसमें बैठी चार सवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर और बीके अस्पताल में इलाज चल रहा है। सेक्टर-31 थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृत ऑटो चालक की पहचान गौंछी निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान जवाहर कालोनी निवासी नंदनी, लक्कड़पुर निवासी भूरा, सेहतपुर निवासी ज्योति और सेक्टर-30 निवासी यशिका के रूप में हुई है। ज्योति और यशिका को दिल्ली के एम्स ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। जबकि नंदनी और भूरा का इलाज बीके अस्पताल में चल रहा है। दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस के अनुसार हादसा सोमवार दोपहर का है। अमित अपने ऑटो में तीन महिला



फरीदाबाद. ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ने के बाद आटो का यह हाल हो गया।

समेत चार सवारी बैठाकर दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे होते हुए बदरपुर बार्डर से बल्लभगढ़ की तरफ जा रहा था। मेवला महाराजपुर फ्लाईओवर पर आटोप आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। इस हादसे में चालक अमित कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चारों सवारी घायल हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर अन्य वाहन चालक रुक गए। उनमें से किसी ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है पुलिस मौके पर समय से नहीं पहुंच पाई। ऐसे में हाईवे पर हादसा देखकर कई वाहन चालक रुक गए। इससे जाम की स्थिति बन गई।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने बड़खल में 2.18 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

### बड़खल क्षेत्र को विकसित व आदर्श क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगीः मेयर

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बड़खल में 2.18 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में अब 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। पीने के पानी की समस्या भी कम हुई है। लोगों को अन्य मुलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कुछ माह के अंदर जनता को कोई काम बताने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

सरकार सुनिश्चित करेगी कि सभी आवश्यक विकास कार्य समय और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा केंद्र सरकार का उद्देश्य



शिलान्यास अवसर पर संबोधन देते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

सिर्फ योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी तरीके से जमीनी स्तर तक पहुंचाना है, जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे। महापौर प्रवीण जोशी ने कहा कि वह बड़खल क्षेत्र की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। यहां की जनता को बुनियादी परेशानियों से राहत दिलाने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं।

महापौर ने कहा जल, सड़क, स्वच्छता और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं। नगर निगम इन सुविधाओं को बड़खल क्षेत्र में सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बड़खल क्षेत्र को एक विकसित और आदर्श क्षेत्र बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। बड़खल के विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि विकास कार्य किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि पूरे शहर व उसके नागरिकों के लिए होने चाहिए। वे निरंतर क्षेत्र के विकास हेतु कार्य करते रहेंगे।

## युवक ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या, भाई-बहन पर केस

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

सेक्टर-30 स्थित श्रमिक विहार में एक युवक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की ली। उसकी पहचान 33 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है। घटना सूचना मिलने पर पहुंची सेक्टर-31 थाने की पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने हिमांशु के पिता की शिकायत पर भाई-बहन के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हिमांशु परिवार के साथ श्रमिक विहार में रहते थे और एक कंपनी में काम करते थे। जांच में सामने आया कि शनिवार शाम परिवार के सभी सदस्य कहीं बाहर गए थे। हिमांशु घर पर अकेले थे। इस दौरान उन्होंने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घर लौटने पर जब परिजन उनके कमरे में गए तो हिमांशु को पंखे से लटका देखा। परिजनों ने तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। उसने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी एएसआई अमित ने बताया कि हिमांशु के पिता त्रिलोक नाथ कपूर ने रविवार रात अमित और उसकी बहन के खिलाफ एक शकायत दी है।

# अमृता हॉस्पिटलः कंधे का नई तकनीक से पहला ऑपरेशन हुआ

फरीदाबाद | फरीदाबाद (हरियाणा) के रहने वाले 28 साल के वासु बत्रा उत्तर भारत में ऐसे पहले मरीज बने जिनकी कंधे की सर्जरी ह्यूमन डर्मल एलोग्राफ्ट (एचडीए) पैच की मदद से की गई। यह इलाज आमतौर पर अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों में होता है। यह सर्जरी 5 जून 2025 को अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद में की गई। यह देश के इस क्षेत्र में पहली बार था जब फटी हुई रोटेटर कफ मांसपेशी की मरम्मत के लिए एचडीए पैच का इस्तेमाल किया गया, और यह पैच खासतौर पर इस मरीज के लिए भारत में मंगवाया गया था।

वासु बत्रा की 2021 में बार-बार कंधा खिसकने की समस्या के लिए बैंकार्ट सर्जरी हुई थी। लेकिन वह सर्जरी लंबे समय तक राहत नहीं दे पाई



और समय के साथ उनकी हालत और बिगड़ गई। कंधा कमजोर और अस्थिर बना रहा, जिससे उन्हें बार-बार दर्द और कंधा खिसकने की परेशानी होती रही। इस कारण डॉक्टरों को एक और सटीक और एडवांस्ड सर्जरी करनी पड़ी। यह केस अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के सीनियर ऑर्थोपेडिक और अपर लिंब सर्जन, डॉ. प्रियतर्शी अमित द्वारा संभाला गया। डॉ. प्रियतर्शी अमित ने इस केस के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## वाहन की टक्कर से कैंटर चालक की मौत, केबिन में फंसा मिला शव

भास्कर न्यूज़ | पलवल

नेशनल हाईवे पर खड़े एक कैंटर में चालक मृत मिला। हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने जब देखा तो ड्राइवर केबिन में फंसा हुआ था। पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पुलिस को बुलाया। उसने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

होडल थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल के अनुसार यूपी के आगरा जिले के अभेदोपुरा गांव निवासी शिवेंद्र ने शिकायत में कहा कि वह एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम के साथ हाईवे पर सुबह पांच बजे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें हाईवे किनारे पेट्रोल पंप के निकट एक कैंटर खड़ा दिखाई दिया। उसके केबिन में ड्राइवर फंसा हुआ था। उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत होडल पुलिस को दी। इसके बाद पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को केबिन से निकाल कर जिला अस्पताल भिजवाया। ड्राइवर की पहचान पंजाब के गुरदासपुर निवासी सिमरनजीत सिंह के रूप में हुई है। उसकी मौत कैंटर में किसी वाहन की टक्कर से हुई है। पुलिस ने हाईवे पेट्रोलिंग कर्मचारी शिवेंद्र की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



वीडियो वायरल • सड़क पर खड़ी की गाड़ियां और कारें, पुलिस बोली-होगी कार्रवाई

# रील बनाने व टशन दिखाने के लिए अपर द्वारका एक्सप्रेस-वे किया जाम

### 15 कारों में सवार युवकों ने 10 मिनट तक सड़कों को बंद रखा

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

इन दिनों रील बनाने वालों के लिए द्वारका एक्सप्रेसवे पहली पसंद बना हुआ है। यहां रील बनाने को लेकर आए दिन समस्या खड़ी हो रही है। सोमवार को रील बनाने और टशन दिखाने के लिए युवकों ने कारों का काफिला लाकर अपर द्वारका एक्सप्रेसवे जाम कर दिया। इस घटना का 2 मिनट 23 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, इस मामले में अभी तक पुलिस के पास कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस का कहना है शिकायत मिलने व वीडियो की जांच के बाद आरोपियों पर कार्रवाई होगी। इससे पहले भी गुरुग्राम के एक्सप्रेसवे व सोहना रोड हाइवे पर भी युवा सोशल मीडिया पर लाइक व फॉलोवर्स बढ़ाने की चाह में जमकर ट्रैफिक नियम तोड़ते हुए लोगों की जान को जोखिम में डाल चुके हैं।



यह घटना, अपर द्वारका एक्सप्रेसवे पर घटना बीते रविवार शाम सेक्टर-108 स्थित शोभा सिटी के पास हुई। करीब 15 कारों में सवार युवकों ने 10 मिनट तक सड़कों को बंद किए रखा। इस दौरान युवकों द्वारा सड़क के बीच में गाड़ियों को खड़े करने और सायरन बजाकर रील बनाने के कारण अन्य वाहन चालकों को परेशानी हुई। अपर द्वारका एक्सप्रेसवे पर सभी गाड़ियों में सबसे आगे काले रंग की एक लग्जरी गाड़ी खड़ी थी, जबकि दाएं-बाएं और पीछे कई गाडियों को खड़ी करके वीडियो बनाया जा रहा है। इन गाडियों व कारों में कुछ युवक खिड़कियों पर बैठे हैं, तो कुछ सनरूफ से बाहर निकलकर खड़े हैं। तीन युवक मोबाइल से आगे-पीछे होकर और दौड़-दौड़कर गाड़ियों व उनकी खिड़कियों में बैठे युवकों की वीडियो बना रहे हैं। वीडियो बनाने के दौरान कुछ कारें बैक होकर पीछे के रोड पर निकल जाती हैं, जबकि कुछ कारें आगे चलती गई।

### पहले भी आए कई मामले

दरअसल, साइबर सिटी की सड़कों पर रील बनाने के चक्कर में स्टंटबाजी करने के मामले पहले भी सामने आए हैं। पुलिस के संज्ञान में आने पर उन पर मामले भी दर्ज हुए हैं। लेकिन, इसके बावजूद साइबर सिटी में युवा रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं।

*अपर द्वारका एक्सप्रेसवे की सड़क पर गाडियों व कारों को रोककर रील बनाने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। सड़क को बाधित करके वीडियो बनाने वाले युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।*
**-संदीप कुमार,** पुलिस प्रवक्ता

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे जवानों की गाड़ी ट्रैक्टर से टकराई, दो की मौत

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

अपराधियों को पकड़ने गुरुग्राम से छत्तीसगढ़ जा रही पुलिसकर्मियों की गाड़ी का चित्रकूट के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक्सीडेंट हो गया। इस घटना में सब इंस्पेक्टर सहित दो की मौत हो गई जबकि 2 घायल पुलिसकर्मियों को क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश पुलिस ने दोनों पुलिसकर्मियों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। एक मामले में अपराधी के छत्तीसगढ़ में होने की सूचना अपराध शाखा सेक्टर-40 को मिली थी। सूचना के बाद अपराध शाखा सेक्टर-40 में तैनात सब इंस्पेक्टर संजय, आरक्षी अमित, एएसआई इंद्रजीत, हैड कांस्टेबल राजेश बोलेरो गाड़ी से छत्तीसगढ़ जा रहे थे। रात करीब सवा दस बजे वह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 127.6 के पास चित्रकूट के नजदीक पहुंचे थे कि अचानक एक ट्रैक्टर उनकी गाड़ी के सामने आ गया जिससे गाड़ी टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और मौके पर एसआई संजय व आरक्षी अमित कुमार ने दम तोड़ दिया।

# पार्षद के चचेरे भाई का शव स्कूल के शौचालय में मिला

### दो दिन से गायब था, मौके से मिले कैंची व इंजेक्शन

भास्कर न्यूज़ | पटौदी

सोमवार को जाटौली मंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के शौचालय में मिले शव की पहचान नगर परिषद के वार्ड एक से पार्षद के चचेरे भाई करण सिंह के रूप में हुई है। करण सिंह मूल रूप से जाटौली गांव का ही रहने वाला था और दो दिन से घर से गायब था। स्कूल के बरामदे में चारों ओर खून फैला हुआ मिला। मृतक के शव पर भारी संख्या में नुकीले घाव मिले हैं। बरामदे में खून पड़ा होने पर शक के आधार स्कूल प्रबंधन द्वारा पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं में खौफ नजर आया।

सोमवार सुबह स्कूल खुलने के बाद अध्यापकों ने स्कूल के स्कूल के प्राथमिक विंग के कमरों के बाहर बने बरामदे में खून दिखाई दिया। खून के साथ ही एक काले रंग की टीशर्ट और चप्पल भी पड़ी हुई थी। इसके अलावा कमरे के साथ से घसीटने के निशान बने हुए थे, जो स्कूल के शौचालय तक जाकर समाप्त हो रहे थे। अध्यापकों को स्कूल में कुछ अनहोनी का संदेह हुआ। स्कूल प्रबंधन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शौचालय का दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर युवक का शव बदबू मार रहा था।

पुलिस ने मौके से नशे की सुई बरामद की है। स्कूल में चौकीदार नहीं होने के कारण शाम होते-होते यहां नशा करने वाले युवा अपना डेरा जमा लेते हैं। नशे की हालत में यह हत्या की गई है। शव को नशे के कारण उठाने में असमर्थ होने के कारण घसीटकर शौचालय तक लेकर गए। गत शनिवार को स्कूल कार्य दिवस था। बाद में स्कूल को बंद कर दिया गया। माना जा रहा है कि शनिवार की रात में यहां हत्या को अंजाम दिया गया। पुलिस को मौके वारदात से नशे के इंजेक्शन की सुई के अलावा एक छोटी कैंची भी मिली है। इसी कैंची की सहायता से युवक की हत्या की गई है। मृतक की छाती, मुंह, सिर, हाथ व अन्य जगह कैंची के मारने निशान मिले हैं।

## डेंगू के चार और एक मलेरिया का मरीज मिला

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में डेंगू का डंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को दूसरे दिन भी गुरुग्राम में डेंगू के चार मरीज मिले, जबकि मलेरिया का भी एक मरीज सामने आया। वहीं डेंगू के दस मरीजों को अस्पतालों में एडमिट किया गया है। आठ मरीज प्राइवेट अस्पतालों में जबकि दो मरीज नागरिक अस्पताल के डेंगू वार्ड में एडमिट हैं। वहीं डेंगू के संदिग्ध 39 मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में नागरिक अस्पताल में भी बुखार की ओपीडी में 300 से अधिक मरीज रोजाना पहुंच रहे हैं।

जिला में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा सोमवार को बढ़कर 33 हो गया। साथ ही मलेरिया का एक नया मरीज मिलने के साथ ही मलेरिया के मरीजों की संख्या भी बढ़कर आठ हो गई। मलेरिया के मरीज भी कई साल बाद गुरुग्राम में बढ़ रहे हैं। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों की तो दूर शहरी क्षेत्रों में भी फॉगिंग तक नहीं की जा रही है। यही नहीं कई स्थानों पर बारिश के कारण लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

## निगम ने राजेंद्र पार्क क्षेत्र में सीवर व जल कनेक्शन काटे



गुरुग्राम | नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अवैध कनेक्शन पर सख्त कार्रवाई करते हुए राजेंद्र पार्क क्षेत्र स्थित सत्कार पॉलिमर्स इंडस्ट्री के सीवर और पानी के कनेक्शन को तत्काल प्रभाव से काट दिया गया है। सोमवार को टीम एमसीजी ने क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान पाया कि सत्कार पॉलिमर्स द्वारा सड़क पर पानी डाला जा रहा है। टीम ने जांच-पड़ताल के दौरान संबंधित सीवर व पानी के कनेक्शन को अवैध पाया तथा उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया। टीम ने मौके पर पहुंचकर सीवर और जलापूर्ति की लाइनों को बंद किया। यह कार्रवाई निगम के मानकों का उल्लंघन करने और निर्धारित नियमों के विरुद्ध कार्य करने पर की गई है।

## पत्नी को मैसेज कर ऑटो ड्राइवर ने की आत्महत्या

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

खेड़कीदौला थाना क्षेत्र में सेक्टर-81 स्थित ग्रैंड फोर्ड के पास एक ऑटो ड्राइवर ने बीते रविवार की शाम सड़क किनारे पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की जांच में सामने आया कि ऑटो चालक का दो दिन पहले ही उसकी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था और वह घर से ऑटो लेकर निकल गया।

फंदा लगाने से पहले ऑटो चालक ने अपनी पत्नी को व्हाट्सएप पर मैसेज किया कि मैं जीना नहीं चाहता, मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। ऑटो चालक का पेड़ से फंदा लगाकर लटके हुए का वीडियो भी सामने आया है। मृत ऑटो चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद निवासी सत्यम चतुर्वेदी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम में परिवार के साथ रहकर ऑटो चलाता था। मृतक सत्यम की पत्नी ने बताया कि बीते शनिवार को उसके पति के शराब पीने पर बहस हो गई थी।

# जच्चा-बच्चा केंद्र पर टीम ने छापेमारी की, अवैध गर्भपात का भांडाफोड़ किया

भास्कर न्यूज़ | नूंह

स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने तावडू शहर में चल रहे अवैध गर्भपात केंद्र का भंडाफोड किया है। छापेमारी में टीम को गर्भपात करने वाले उपकरण व बड़ी संख्या में गर्भपात के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बरामद की हैं। केंद्र को सील कर मौके से फरार हुई फर्जी डॉक्टर ज्योति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

स्वास्थ्य विभाग की डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर मनप्रीत के नेतृत्व वाली टीम ने तावडू के कॉलेज रोड पर अवैध तरीके से चलाए जा रहे केयरवेल क्लीनिक पर छापेमारी की। टीम को देखते ही यहां मौजूद कथित डॉक्टर मौके से फरार हो गई। टीम ने केंद्र क्लीनिक की जांच की तो अंदर जच्चा-बच्चा केंद्र के नाम पर चलाए जा रहे अवैध गर्भपात केंद्र का खुलासा




हुआ। क्लीनिक में गर्भपात संबंधी दवाइयां और इंस्ट्रूमेंट रखे मिले। इसके अलावा यहां बड़ी संख्या में प्रतिबंधित इंजेक्शन, एमटीपी किट (गर्भपात के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवाईयां) बरामद हुई। पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉक्टर मनप्रीत सिंह के अनुसार इस क्लीनिक का संचालन एक जीएनएम कर रही थी। वह डॉक्टर बनकर क्लीनिक में आने वालों का इलाज करती तथा अवैध तरीके से गर्भपात करती थी। उसने अपने आईकार्ड में खुद को डॉक्टर लिख रखा था। डॉक्टर मनप्रीत के अनुसार क्लीनिक को सील कर आरोपित फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। गौरतलब है कि मेवात में गरीबी और अशिक्षा का फायदा उठाकर फर्जी डॉक्टर स्वास्थ्यकर्मी लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। हाल ही में फिरोजपुर इलाके में एक फर्जी जीएनएम को भी इसी तरह जच्चा बच्चा केंद्र के नाम पर अवैध गर्भपात केंद्र चलाते हुए पकड़ा था।

## मनचले हलवाई से परेशान छात्रा ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

भास्कर न्यूज़ | नूंह

मनचले हलवाई से तंग आकर एक किशोरी ने घर की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। हादसे में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि हलवाई किशोरी के उपर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था।

पिनगवां पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी 10वीं कक्षा की छात्रा है। परिजनों के अनुसार पड़ोस में रहने वाला एक 21 वर्षीय युवक उसे काफी दिनों से परेशान कर रहा था। वह स्कूल आते-जाते उसका पीछा करता और उसके उपर दोस्ती करने का दबाव बना रहा था। गांव में ही मिठाई की दुकान चलाने वाले युवक ने उसे एक मोबाइल भी दिया ताकि वह उसके साथ बात कर सके। लेकिन किशोरी ने वह मोबाइल तोड़ दिया। इसके बाद भी युवक ने किशोरी का पीछा करना जारी रखा और उसे दोबारा नया मोबाइल लाकर ले दिया।

किशोरी युवक के लगातार पीछा करने से परेशान हो गई और मानसिक दबाव में रहने लगी। इसी से परेशान होकर उसने तीन दिन पहले घर से छत पर चढ़कर तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। नहलड़ मेडिकल कॉलेज में किशोरी का इलाज चल रहा है। उसके पैरों में कई फ्रैक्चर हैं और शरीर में दूसरे स्थानों पर गंभीर चोटें लगी हैं। परिजनों की ओर से दी गई शिकायत पर पिनगवां थाने में एफआईआर दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि आरोपित युवक को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया जहां उसे अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




घायल युवक पर पहले से दर्ज हैं हत्या जैसे गंभीर मामले

# मोहन गार्डनः युवक को गोली मारी, गैंगवार होने की आशंका

### तीन बाइक सवार हमलावरों ने की फायरिंग, हो गए फरार

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में सोमवार शाम एक 28 साल के युवक को तीन बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। पुलिस को शक है कि यह हमला दो गैंगों- नंदू गैंग और हिमांशु भाऊ गैंग के बीच चल रही रंजिश का नतीजा हो सकता है। घटना शाम करीब 6:23 बजे द्वारका जिले के नवादा हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पास हुई। पुलिस को तारक अस्पताल से कॉल मिली कि एक युवक को गोली लगी है। घायल की पहचान मोहित के रूप में हुई है, जो हरियाणा के रोहतक जिले के काबुलपुर घिटोली गांव का रहने वाला है। उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि मोहित पर तीन हमलावरों ने बाइक से आकर हमला किया। गोली मारने के बाद वे भागने लगे, लेकिन इलाके में भारी ट्रैफिक के कारण फंस गए। इसके बाद वे बाइक छोड़कर पैदल ही फरार हो गए। मोहित के खिलाफ पहले से हत्या समेत दो गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि हमले की असली वजह अभी साफ नहीं है, लेकिन यह व्यक्तिगत दुश्मनी या गैंगवार का नतीजा हो सकता है।



**आरोपियों की तलाश जारी :** पुलिस ने मोहन गार्डन थाने में केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें बनाई गई हैं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके और घटना की पूरी कड़ी समझी जा सके। हमलावरों की छोड़ी गई बाइक को जब्त कर लिया गया है और फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और मोहित की हाल की गतिविधियों और संपर्कों की भी जांच कर रही है।

## 2023 में बरामद देसी बमों सुरक्षित तरीके से नष्ट किए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ दिल्ली के होलंबी कलां क्षेत्र में 2023 में बरामद 10 देसी बमों का सोमवार को सुरक्षित निस्तारण किया गया। यह कार्रवाई एनआईए थाना में दर्ज मामले के तहत की गई। बमों को पहले होलंबी कलां में एक अलग और सुरक्षित जमीन पर दबाकर रखा गया था ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डीसीपी हरेश्वर ने संबंधित विभागों को बमों के सुरक्षित निस्तारण के लिए औपचारिक अनुरोध पत्र भेजा था। इसके जवाब में आज राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी), बम निरोधक दस्ता (बीडीटी) आउटर नॉर्थ और एफएसएल रोहिणी की टीमें मौके पर पहुंचीं। बम निरोधक दस्ते और एनएसजी ने स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार बमों का निरीक्षण और निष्क्रिय करण किया। सभी 10 देसी बमों को आगे की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने और संभावित खतरे को टालने के लिए की गई।

# 'लेडी डॉन' और 7 अन्य के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 17 साल के लड़के की चाकू मारकर हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। इस मामले में स्थानीय रूप से 'लेडी डॉन' के नाम से जानी जाने वाली महिला समेत कुल 8 लोगों को आरोपी बनाया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट अनमोल नोहरिया ने 26 जुलाई को दिए आदेश में कहा, रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री का अवलोकन करने के बाद मैं अपराध का संज्ञान लेता हूं। कोर्ट ने चार्जशीट में लगाए गए आरोपों को गंभीर माना है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को समन जारी कर 8 अगस्त को पेश होने का आदेश दिया है।

### चार्जशीट में ये आरोप शामिल

पुलिस ने चार्जशीट में हत्या, आपराधिक साजिश, आपराधिक धमकी, साझा मंशा, अपराधी को छिपाने या शरण देने और अपराध के सबूत मिटाने जैसे आरोप लगाए हैं। चार्जशीट में जिक्र किया गया है कि मुख्य आरोपी जिकरा, जिसे सीलमपुर में 'लेडी डॉन' के नाम से जाना जाता है, जेल में बंद गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी के लिए बाउंसर का काम करती थी। उसके अलावा अनस, साहिल अंसारी, जाहिदा, नफीस, विकास, शाहिद उर्फ शुएब और अनीश को भी आरोपी बनाया गया है। इन सभी के खिलाफ अब आगे ट्रायल चलेगा।

## क्विज 91 के 100 विजेताओं के नाम




| | | | |
|---|---|---|---|
| चिराग | *****91635 | सुनील पारीक | *****72829 |
| मुकेश जैन | *****95685 | रवींद्र चौधरी | *****76170 |
| उषा बंसल | *****02734 | सूरज कुमार | *****54731 |
| राघवेंद्र त्रिपाठी | *****73472 | सविता बुडानिया | *****82673 |
| आदित्य राज | *****06501 | नंद लाल | *****93240 |
| बिट्टू शर्मा | *****59010 | प्रियंका भारती | *****73044 |
| अमित गुप्ता | *****90227 | सुमन जांगिड़ | *****96945 |
| अरुण झा | *****81376 | प्रवीण कुमार | *****67708 |
| तांडले सुगदेव | *****63761 | शेखर चौहान | *****59576 |
| निर्मल कुमार | *****68115 | लाल सिंह | *****92011 |
| रमाकांत देशपांडे | *****06889 | प्रिंस राणा | *****05762 |
| पल्लवी बोरकर | *****31582 | अशोक गुप्ता | *****38409 |
| अनुराग गोयल | *****02169 | देवेंद्र राठौड़ | *****72105 |
| शुचिता | *****89960 | गोकुलचंद पुरविया | *****64455 |
| सुखवर्षा शर्मा | *****37542 | फरहीन अंसारी | *****70507 |
| अनीता | *****20393 | अक्षित | *****08791 |
| संजय अरोड़ा | *****43030 | दिलीप जैन | *****48836 |
| विनोद अग्रवाल | *****80835 | कैलाश सैनी | *****78687 |
| लक्ष्य गुप्ता | *****43087 | रेनू चौधरी | *****69205 |
| राकेश | *****78130 | रेखा मेहता | *****98908 |
| हर्ष | *****16152 | मैनुद्दीन | *****81115 |
| रेनू शर्मा | *****79948 | लक्ष्मी अमेता | *****27273 |
| रवीन | *****05328 | इंद्र जीत झारोटिया | *****09079 |
| मोनिका बिंदल | *****81265 | सचिन गोयल | *****63240 |
| कृष्ण जायसवाल | *****51949 | अभिषेक सिंह | *****13183 |
| ठाकुर देवांगन | *****08120 | केशा नरवरिया | *****40491 |
| दिव्यांश आर्य | *****10604 | सुमित यादव | *****70383 |
| गणेश दुबे | *****88626 | सरोज सक्सेना | *****91961 |
| एन एस मूर्ति | *****18999 | श्वेता अग्रवाल | *****92032 |
| भूधर साहू | *****19891 | वंशिका शर्मा | *****79708 |
| चंद्र नायक | *****71845 | भगवती पटेल | *****40833 |
| प्रिंस सैनी | *****78756 | राहुल सिंह | *****94590 |
| नीलम जावा | *****62252 | लता सोमानी | *****98283 |
| भारती साहू | *****97435 | भावना तैलंग | *****29456 |
| सुनीता गोयल | *****62832 | लकी ठाकुर | *****67438 |
| आर्यन अग्रवाल | *****68727 | जनक परिहार | *****36802 |
| पूनम कुमारी | *****11507 | सुषमा खेमसर | *****38269 |
| प्रेम शंकर लोहार | *****87774 | सुरेंद्र मेहता | *****55355 |
| सुनील मेघानी | *****93189 | पुष्कर पटेल | *****98770 |
| राजेंद्र वर्मा | *****43364 | विशाल सोनी | *****97154 |
| मोहित सैनी | *****03957 | हेमंत सोनवा | *****69700 |
| कमलेश व्यास | *****88279 | अरुणाबेन दवे | *****95526 |
| मोनिका कुमावत | *****84729 | कांताबेन पटेल | *****97825 |
| | | रतनलाल वर्मा | *****10832 |
| | | ध्रुव सोनी | *****59810 |
| | | यादव विजयबहादुर | *****54560 |
| | | जयेंद्र गोर | *****79059 |
| | | फलक नानावला | *****25280 |
| | | राजेश गुप्ता | *****36791 |
| | | जयेश एन | *****97644 |
| | | भगवतीबेन जोशी | *****60006 |
| | | गज्जर विकास | *****73882 |
| | | वजुल मंडल | *****71307 |
| | | पियूष घुसार | *****82562 |
| | | रियाबेन राणा | *****97516 |
| | | लक्ष्मी नारायण | *****28071 |
| | | अंकिता डाके | *****51655 |

चांदी के सिक्के पर ₹1300/- का वाउचर प्रदान किया जाएगा। यह राशि दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।

**बिजली चोरी में दो दोषी :** रोहिणी बिजली कोर्ट ने बिजली चोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों को दोषी करार दिया है। प्रत्येक पर 13 लाख रुपए से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया है। इस आशय की जानकारी टाटा पावर डीडीएल ने सोमवार को दी।

# पिता को 1.21 लाख रुपए बकाया स्कूली फीस देने का दिया आदेश

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपने बच्चे की स्कूल फीस के रूप में 1.21 लाख रुपए से ज्यादा की राशि दक्षिण दिल्ली के एक इंटरनेशनल स्कूल को चुकाने का आदेश दिया है। सिविल जज यशु खुराना ने यह आदेश स्कूल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। स्कूल ने वीरेंद्र राणा के खिलाफ यह केस दाखिल किया था। स्कूल का कहना था कि राणा ने अपने बच्चे की फीस लंबे समय तक नहीं चुकाई। स्कूल ने कोर्ट में कहा कि राणा ने 1 अगस्त 2018 को शिक्षा निदेशालय के उस आदेश का हवाला देकर फीस नहीं दी, जिसमें 2017-18 के फीस स्ट्रक्चर को लेकर निर्देश दिए गए थे। साथ ही यह भी कहा गया कि यह मामला दिल्ली हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसी वजह से उन्होंने फीस भुगतान में देरी की। स्कूल ने कहा कि फीस न मिलने से उसकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ा।

# लक्ष्मी नगरः डीटीसी बस चालक को पड़ा दौरा, अनियंत्रित बस ने ली ऑटो चालक की जान

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में सोमवार सुबह एक डीटीसी बस चालक को चलती बस में दौरा पड़ने से अनियंत्रित हो गई, जिसने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को रौंद डाला और एक ऑटो से जा टकराई। इस भीषण टक्कर में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, और ऑटो पूरी तरह चकनाचूर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस ड्राइवर की अचानक बिगड़ी तबीयत के कारण वह वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया आईटीओ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बस ने लक्ष्मी नगर पहुंचते ही अचानक बाईं ओर मोड़ लिया और सड़क किनारे खड़े वाहनों को घसीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान सवारी का इंतजार कर रहे एक ऑटो चालक को बस ने अपनी चपेट में ले लिया। ऑटो खड़ी कारों के बीच फंसकर पिचक गया, और चालक की मौके पर मौत हो गई। कुछ लोगों का कहना है कि चालक को मिर्गी का दौरा पड़ा था। हादसे में बस चालक भी घायल हुआ।



# सरेराहः 15 साल की लड़की को बॉयफ्रेंड ने गोलियों से भूना, मौत

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को दो अलग-अलग इलाकों में हुई फायरिंग की घटनाओं ने सनसनी फैला दी। पहली घटना जहांगीर पुरी के डी-ई ब्लॉक मार्केट में हुई, जहां 15 वर्षीय सुम्बुल की उसके कथित बॉयफ्रेंड आर्यन (20) ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, रात 8:10 बजे सुम्बुल अपनी दोस्त डी-669, निवासी प्राची के साथ स्नैक्स खान बाजार गई थी। तभी आर्यन अपने एक साथी के साथ वहां पहुंचा और डी ब्लॉक में डॉ. के.के. महाजन क्लिनिक के सामने सुम्बुल पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमले से पहले दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई थी, जिसके बाद आर्यन ने गुस्से में आकर फायरिंग की और मौके से फरार हो गया। सुम्बुल को तुरंत बीजेआरएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग को हत्या का कारण माना है और आर्यन व उसके साथी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

# स्कूटी पर बैठने के विवाद में अधेड़ को फेंका

### नौ माह बाद दर्ज हुई एफआइआर, जांच अधिकारी पर गंभीर आरोप

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

द्वारका नॉर्थ में स्कूटी पर बैठने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति को इमारत की चौथी मंजिल से नीचे फेंकने मामले में आखिरकार नौ माह बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह घटना नवंबर 2024 में हुई थी, लेकिन पीड़ित परिवार को एफआईआर दर्ज कराने के लिए नौ महीने तक थाने के चक्कर काटने पड़े। पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद 1 अगस्त 2025 को संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मामले की जांच पहले कर रहे सब-इंस्पेक्टर पर गंभीर आरोप लगे हैं, जिसके बाद नए जांच अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता रूबी अपने परिवार के साथ द्वारका सेक्टर 15 में रहती हैं। उन्होंने शिकायत में बताया है कि 15 नवंबर 2024 की दोपहर उनके पति शाहनवाज घर के नीचे टहलने गए थे। थकान के कारण वह वहां खड़ी एक स्कूटी पर बैठ गए, जो सविता तिवारी की थी। सविता ने शाहनवाज को स्कूटी पर बैठा देखकर गुस्सा हो गई और पड़ोस में रहने वाले तनवीर की पत्नी को बुला लिया। दोनों ने शाहनवाज से झगड़ा शुरू कर दिया। सविता ने अपने पति, तनवीर और उसके भाइयों को फोन कर बुलाया, जिन्होंने शाहनवाज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान शाहनवाज किसी तरह बचकर पास की इमारत की चौथी मंजिल पर पहुंच गए। आरोपियों ने उन्हें चौथी मंजिल पर पकड़कर वहां से नीचे फेंक दिया। द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शाहनवाज को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, वहां उनका लंबे समय तक इलाज चला। नौ महीने तक थाने के चक्कर काटने के बाद परिवार ने पुलिस मुख्यालय में शिकायत की। मुख्यालय के आदेश पर आखिरकार 1 अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई और जांच अधिकारी को बदल दिया गया।

## सीएम ने वैद्यनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया

**नई दिल्ली**| मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रावण मास के अंतिम सोमवार को अशोक विहार स्थित वैद्यनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। इस विशेष अनुष्ठान के जरिए उन्होंने दिल्ली वासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा, श्रावण का यह पुण्य अवसर हमें श्रद्धा, सेवा और संस्कृति के मूल्यों को पुनः जागृत करने का सशक्त माध्यम देता है। भगवान शिव के चरणों में यह रुद्राभिषेक राजधानी में आध्यात्मिक ऊर्जा, सामाजिक समरसता और शांति की भावना को सुदृढ़ करने के लिए किया गया है।

## एम्स में स्वैच्छिक रक्तदान, 2400 यूनिट एकत्र किए

**नई दिल्ली**| देश की स्वतंत्रता के 78 गौरवशाली वर्षों के सम्मान में, एम्स दिल्ली द्वारा सोमवार को मुख्य अस्पताल स्थित रक्त केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान 5.0 का आयोजन किया। इस दौरान अर्धसैनिक बलों और एम्स कर्मचारियों की भागीदारी से महज एक दिन में 2400 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया जो एक कीर्तिमान है। एम्स निदेशक डॉ एम श्रीनिवास ने कहा, रक्तदान शिविर में 2400 यूनिट रक्त संग्रहित किया जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने रक्तदान शिविर में योगदान देने वाले विभिन्न बलों के तमाम प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रक्त केंद्र की सीएमओ डॉ पूनम कौशिक और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के प्रमुख डॉ हेमचंद्र पांडेय ने कहा, रक्तदान वो उपहार है जो मानव ही मानव को दे सकता है। शिविर में सीमा सुरक्षा बल आदि ने भाग लिया।

# भरोसे के रिश्ते का बर्बरता से किया गया शोषणः हाईकोर्ट

### 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को जमानत नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी ने चचेरे भाई-बहन के भरोसे के रिश्ते का बर्बरता से शोषण किया। यह अपराध बेहद गंभीर है और इसका असर समाज पर गहरा पड़ता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने 1 अगस्त को दिए फैसले में कहा कि मीडिया कवरेज और जन आक्रोश से अपराध की गंभीरता कम नहीं होती। कोर्ट ने कहा कि इस स्टेज पर सबूतों की गहराई से जांच नहीं की जा सकती, लेकिन अब तक की जानकारी से साफ है कि बच्ची के साथ बेहद क्रूरता से दुष्कर्म और हत्या की गई, वो भी उसके अपने चचेरे भाई द्वारा। कोर्ट ने बताया कि आरोपी पर पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत केस दर्ज है, जिसमें कम से कम 20 साल की सजा और अधिकतम उम्रकैद का प्रावधान है। उम्रकैद का मतलब है कि दोषी को पूरी जिंदगी जेल में रहना होगा। इसके अलावा आरोपी पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत भी केस है, जिसमें मौत की सजा तक हो सकती है। पुलिस ने अप्रैल 2016 में बच्ची के पिता की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पिता ने बताया था कि बच्ची घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गई थी। बच्ची को आखिरी बार उसके चचेरे भाई के साथ देखा गया था। अगले दिन उत्तम नगर इलाके में एक श्मशान घाट के पीछे बच्ची की लाश मिली।

चेन स्नैचरों ने पुलिस का निकाला दम...सीसीटीवी भी आरोपी के सामने फेल

# खौफनाक...हर दिन हो रही 14 स्नैचिंग, 6 महीने में 2,500 से ज्यादा केस दर्ज

एजेंसी | नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में इस साल जनवरी से जून तक स्नैचिंग के 2,503 मामले दर्ज किए गए हैं। यानी हर दिन औसतन 14 वारदातें हो रही हैं। सोमवार सुबह चाणक्यपुरी जैसे हाई सिक्योरिटी इलाके में तमिलनाडु की लोकसभा सांसद आर. सुधा से चेन स्नैचिंग की घटना ने राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**स्नैचिंग का तरीकाः चोरी की बाइक, अंधेरे रास्ते और सीसीटीवी से बचने की चालः** पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, स्नैचिंग करने वाले आमतौर पर चोरी या बिना रजिस्ट्रेशन वाली टू-व्हीलर का इस्तेमाल करते हैं। वे अकेली चल रही महिलाओं या बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वारदात चंद सेकंड में होती है और आरोपी सुनसान, कम रोशनी वाले या सीसीटीवी से रहित रास्तों से फरार हो जाते हैं। कई इलाकों में सीसीटीवी या तो काम नहीं करते या नंबर प्लेट साफ नहीं दिखाते। आरोपी जानबूझकर ऐसे ब्लाइंड स्पॉट चुनते हैं। कई बार वे हेलमेट या जैकेट फेंक देते हैं और वाहन छोड़कर भाग जाते हैं ताकि पहचान न हो सके।

**पीड़ितों को नहीं याद रहता चेहरा या गाड़ीः** पुलिस का कहना है कि वारदात इतनी जल्दी होती है कि पीड़ित आरोपी का चेहरा या गाड़ी पहचान नहीं पाते। इससे जांच में मुश्किल आती है। कई बार आरोपी हेलमेट पहने हुए होते हैं, जिससे उनकी पहचान मुश्किल हो जाती है। घटना स्थल से कुछ दूरी के जाने पर आरोपी हेलमेट उतार लेते हैं।

### पिछले सालों के आंकड़े

- 2024 (जनवरी-जून): 2,503 केस
- 2023 (जनवरी-जून): 3,381 केस
- 2022 (जनवरी-जून): 3,865 केस

नोटः हालांकि आंकड़ों में गिरावट दिख रही है, लेकिन स्नैचिंग की घटनाएं लगातार बनी हुई हैं। पुलिस के लिए यह अब भी बड़ी चुनौती है।









**मानसून का कहर जारी** • पठानकोट-भरमौर हाईवे समेत 265 सड़कें बंद, आज भी भारी बारिश

# लैंडस्लाइड से निरमंड में तीन घर गिरे भरमौर में 1 दर्जन गांवों का संपर्क कटा

भास्कर न्यूज | टीम हिमाचल

प्रदेश में मानसून की बारिशों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को कुल्लू जिला के निरमंड में रामपुर के साथ लगते नोनू गांव में सोमवार तड़के 3 बजे भारी बारिश से लैंडस्लाइड हुआ, जिसमें यहां के 3 घरों को नुकसान और हजारों सेब के पौधे नष्ट हो गए। यहां चरणदास, सुरजीत और राजीव कुमार के घरों पर भूस्खलन से नुकसान हुआ है, जिन्हें रात को अपने मकान खाली करके जान बचानी पड़ी। भारी बारिश के कारण कुल्लू जिले के मनाली डिवीजन में सोमवार सुबह ही यहां के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों और आईटीआई तक में छुट्टी कर दी गई। मनाली में ब्यास नदी का जल स्तर भी सुबह के समय काफी बढ़ गया था, जिससे नदी किनारे बस लोग भय में आ गए।

भारी बारिश ने मंडी जिले के पंडोह क्षेत्र में हाईवे के साथ बसे लोअर 9 मील में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। उफान पर आए जागर नाले में कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पूरी तरह से बंद हो गया। यहां बड़े-बड़े पत्थर हाईवे पर आ गए, जिससे सड़क के नीचे कल्वर्ट बंद होने से पानी का बहाव मुड़कर लोअर 9 मील की ओर हो गया। इसके चलते यहां के 13 परिवारों ने पूरी रात डर के साए में काटी। वहीं, राज्य में सोमवार शाम तक एक नेशनल हाईवे सहित 265 सड़कें बाधित रहीं। 41 बिजली ट्रांसफार्मर व 282 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 155 सड़कें व 86 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं। चंबा में 49 व कांगड़ा जिले में 120 जल आपूर्ति योजनाएं भी ठप हैं।

## भरमौर के बलोठ पंचायत के सेरी उस्लाड में गिरी पहाड़ी



चंबा जिले में भरमौर की बलोठ पंचायत के सेरी उस्लाड में दोपहर को लैंडस्लाइड से लगभग एक दर्जन गांवों को संपर्क कट गया है। यहां पहाड़ी का बहुत बड़ा हिस्सा भर-भराकर नीचे गिरा, जिससे नीचे रहने वाले गांवों के लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय पंचायत प्रधान देवराज के मुताबिक लैंडस्लाइड से यहां की सड़क भी बंद हो गई है और बच्चे स्कूल नहीं जा पाए, जबकि नौकरी पेशा लोग भी अपनी ड्यूटी पर नहीं पहुंच सके।

**कोल डैम का जलस्तर बढ़ने से छोड़ा गया पानी...** इसी तरह बिलासपुर में सतलुज नदी पर बने कोल डैम का जलस्तर बढ़ने से दोपहर के समय यहां से पानी छोड़ा गया, जिससे आगे की नदी में भी पानी का जलस्तर 4-5 मीटर बढ़ गया है। इसे देखते हुए हिमाचल से लेकर पंजाब तक के लोगों को अलर्ट किया गया है।

### कालका-शिमला रेल मार्ग पर गिरी चट्टान, 2 घंटे जंगल में खड़ी रही ट्रेन

**जाबली** | विश्व धरोहर कालका -शिमला रेल मार्ग पर सोमवार तड़के करीब चार बजे गुम्मन -कोटी स्टेशन के बीच कालका से शिमला की ओर चलने वाली ट्रेन बड़े हादसे का शिकार होने से बच गई।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गत रविवार रात्रि को हुई तेज बारिश के कारण कोटी रेलवे स्टेशन के समीप सुरंग नं 9 के पास पहाड़ी से एक बड़ी चट्टान गिरने के कारण ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया था। रेलवे विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने तत्परता से कार्य करते हुए मौके पर पहुंच कर ट्रैक को तीन घंटे बाद ठीक कर ट्रेन को रवाना किया।

### पांगी के कडू नाले में फंसे 17 लोगों को प्रशासन ने सुरक्षित निकाला

पांगी में भी भारी बारिश के कारण कडू नाले का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की तीन अधिकारी और 14 कुली फंस गए। बताया जाता है कि कडू नाले में अचानक पानी का बहाव तेज हो गया, जिस कारण यहां का पुल और सड़क पानी में बह गई। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग पांगी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर 3200 मीटर ऊंचाई पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया। पांगी के आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने बताया कि रेस्क्यू टीम ने सभी को सुरक्षित यहां से निकाल लिया है। इसके अलावा चंबा के परिहार के पास भी सोमवार सुबह लैंडस्लाइड के कारण पठानकोट-भरमौर हाईवे बंद हो गया।

**आगे क्या :** मौसम विभाग ने 8 अगस्त तक मानसून के सक्रिय रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। 5 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर और 6 से 10 अगस्त तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने आज ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी व सिरमौर जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## डेटा एनालिटिक्स में पंजाब को एक्सीलेंस अवॉर्ड मिला

**चंडीगढ़** | जयपुर में आयोजित समारोह में डेटा एनालिटिक्स श्रेणी में पंजाब सरकार को टेक्नोलॉजी सभा एक्सीलेंस अवॉर्ड मिला है। यह पुरस्कार नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने और सुशासन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी व डेटा विश्लेषण के उपयोग से संबंधित पहलों को दर्शाता है। यह अवॉर्ड पंजाब सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डीके तिवारी ने प्राप्त किया। टेक्नोलॉजी सभा अग्रणी ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म है, जो देश के सरकारी क्षेत्र से जुड़े आईसीटी पेशेवरों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाकर सूचनाओं के आदान-प्रदान, तकनीकी नवाचारों और डिजिटल गवर्नेंस के भविष्य पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। वहीं, पंजाब आप प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा, यह अवॉर्ड सरकार की दूरदर्शी लीडरशिप का प्रमाण है।

## एसवाईएलः केंद्र से पंजाब हरियाणा की मीटिंग आज

**चंडीगढ़** | सतलुज यमुना लिंक नहर के मामले को लेकर पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री करेंगे। इसमें हरियाणा से मुख्यमंत्री नायब सैनी और पंजाब से मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल होंगे। मीटिंग में दोनों राज्यों द्वारा पेश किए तथ्यों को लेकर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

अंतिम निर्णय के लिए जहां हरियाणा सरकार दबाव बनाएगी। पंजाब भी अपना स्टैंड स्पष्ट करेगा। कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि हमारा स्टैंड स्पष्ट है कि पंजाब के पास पहले से ही पानी कम है, पंजाब के किसानों को पानी की कमी पड़ती है। इसलिए पंजाब किसी सूरत में किसी को अतिरिक्त पानी नहीं दे सकता।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** • आईजीएमसी की लापरवाही, दिल के रोगियों पर भारी

# आईसीएमआर स्टेमी एक्ट प्रोजेक्ट के तहत आए 26 लाख रु. नहीं खर्चे, ब्याज सहित लौटाने पड़े

जोगेंद्र शर्मा | शिमला

प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल आईजीएमसी.. यूं तो ग्रांट न मिलने का रोना रोता रहता है, लेकिन जब ग्रांट मिलती है तो उसे समय रहते खर्च नहीं कर पाया। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के स्टेमी एक्ट प्रोजेक्ट की ओर से साल 2024 में मिले 26 लाख रुपए आईजीएमसी नहीं खर्च पाया जिस वजह से ग्रांट लैप्स हो गई है। ऐसे में अब इसे ब्याज सहित वापस आईसीएमआर को देना पड़ा है। इसी साल मई में गुपचुप तरीके से आईजीएमसी ने इन पैसों को वापस कर दिया है। भास्कर के पास पैसों के लैप्स होने संबंधी डॉक्यूमेंट की कॉपी है।

आईसीएमआर के तहत मिले इन पैसों से हार्ट के मरीजों के लिए इमरजेंसी में लगने वाला टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन (हृदय रक्षक टीका) खरीदे जाने थे। जिसकी एक इंजेक्शन की कीमत करीब 40 हजार हैं। खरीद के लिए टैंडर की भी कोई जरूरत नहीं थी। आईजीएमसी के परचेज डिपार्टमेंट की लापरवाही के चलते हार्ट केयर प्रोग्राम पर अब सवाल उठने लगे हैं। पूरे साल डिपार्टमेंट के कर्मचारी और अधिकारी क्या करते रहे?

**यहां समझे पूरा मामला...** आईसीएमआर के स्टेमी एक्ट प्रोजेक्ट की ओर से टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन खरीदने के लिए 2024 में हृदय घात रक्षक टीका खरीदने को 26 लाख रुपए की ग्रांट आई। लेकिन प्रशासन 31 दिसंबर 2024 तक इसको खर्च ही नहीं कर पाया। समय पर खर्च न होने की वजह से इस पर 48,492 रुपए ब्याज भी देना पड़ा। ऐसे में आईजीएमसी को अन्य कुछ चार्जिस के साथ 26,57,074 रुपए वापस करने पड़े। आईजीएमसी ने 19 मई 2025 को गुपचुप तरीके से इस राशि को आईसीएमआर के अकाउंट में डाल दिया।

**ये हैं प्रमाण**



### टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन खरीदने के लिए तत्कालीन विभागाध्यक्ष ने लिखा था पत्र

आईजीएमसी प्रशासन की लापरवाही की हद ये है कि टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन को सिविल अस्पताल और सीएचसी में उपलब्ध करवाने के लिए और उनकी खरीद के लिए कार्डियोलॉजी विभाग के तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ. पीसी नेगी की ओर से प्रिंसिपल को एक पत्र भेजा गया था। इस पर भी आईजीएमसी प्रशासन ने कोई गौर नहीं किया। इसकी कॉपी भी “”भास्कर”” के पास मौजूद है। टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन, सिविल अस्पताल जुब्बल, सिविल अस्पताल रोहड़ू, सिविल अस्पताल सुन्नी, सिविल अस्पताल चौपाल, सिविल अस्पताल ठियोग, सिविल अस्पताल कोटखाई, सिविल अस्पताल नेरवा, सिविल अस्पताल ननखड़ी, एमजीएमएस खनेरी, सिविल अस्पताल कुमारसैन,सिविल अस्पताल जुन्गा, नागरिक अस्पताल कोटगढ़, सीएचसी चिड़गांव, टिक्कर, धामी, जलोग और कुपवी को मिलने थे।

### यहां भी जिम्मेदारों का गैर जिम्मेदाराना जवाब

इस मामले में आईजीएमसी की प्रिंसिपल डॉ. सीता ठाकुर ने कहा कि मुझे इस बारे में पता ही नहीं है, आपके पास अगर इसकी डिटेल है तो इस बारे में एमएस से पूछो, मैं इस पर कुछ नहीं बता सकती। वहीं, जब इस मामले में एमएस डॉ. राहुल रॉव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा इस प्रोजेक्ट से कोई लेना-देना नहीं है। ये आईसीएमआर का प्रोजेक्ट प्रिंसिपल ऑफिस में आता है। इस बारे में वे ही कुछ बता पाएंगी।

### इसलिए जरूरी है टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन

हार्ट अटैक पीड़ितों को बचाने और उनके इलाज में पहला घंटा (गोल्डन ऑवर) बेहद अहम होता है। इसी को ध्यान में रखते आईजीएमसी में टेनेक्टेप्लेस इंजेक्शन (हृदय रक्षक टीका) फ्री उपलब्ध कराने की सरकार की ओर से व्यवस्था की गई है। कई हार्ट अटैक पीड़ित इन इंजेक्शनों का लाभ उठा रहे हैं और अपनी जान बचा रहे हैं। अब इसे एनएचएम को अपने पैसों से पीएचसी के लिए खरीदना पड़ेगा।

# बारिश से मकान की छत गिरी, महिला की मौत; आज-कल भी भारी बारिश के आसार

## भिवानी में 35 गांवों के खेतों में 2 से 5 फीट तक भरा पानी

**चंडीगढ़/बराड़ा (अम्बाला)** | हरियाणा पर सावन पूरी तरह मेहरबान रहा है। सोमवार को प्रदेश में 3.1 मिमी. बारिश हुई। अम्बाला के गांव धनौरा में तड़के बारिश के कारण जर्जर मकान की छत गिर गई। मलबे में दबने से महिंद्री देवी (56) की मौत हो गई। उधर, भिवानी के 35 गांवों की फसलें पानी में डूबी हुई हैं। खेतों में कहीं-कहीं 2 से 5 फीट तक पानी भरा है। फतेहाबाद में भी फसलें जलमग्न हैं।



बराड़ा में बारिश के कारण गिरी मकान की छत।

मौसम विभाग के अनुसार, आज और कल भी प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। 5 अगस्त को कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंट अलर्ट जारी किया है। 6 अगस्त को भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद 10 अगस्त को भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अभी मानसून की सक्रियता बनी रहेगी। 10 अगस्त से भादो शुरू होगा। मौसम विभाग का मानना है कि अगस्त के पहले और दूसरे सप्ताह में अच्छी बारिश होगी, क्योंकि बंगाल की खाड़ी के अलावा अरब सागर से भी नमी वाली हवाएं आएंगी।

### पोस्त की तस्करी करने वाले तस्कर को 10 साल की कैद, 1 लाख रुपए जुर्माना

**फाजिल्का** | फाजिल्का स्पेशल कोर्ट के जज अजीत पाल सिंह की अदालत ने राजस्थान और मध्य प्रदेश से पोस्त की तस्करी करने वाले दोषी तस्कर बलविंदर सिंह उर्फ भिंदर को 10 साल की सख्त कैद और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी बलविंदर सिंह पर आरोप था कि वह अपने ट्रक (पीबी 05-जे 9505) के जरिए राजस्थान और मध्य प्रदेश से पोस्त लेकर पंजाब में सप्लाई करता था। सूचना पर पुलिस ने उसको ट्रक के साथ गंगानगर बाईपास चौक अबोहर से गिरफ्तार किया था और उसके कब्जे से 168 किलो पोस्त बरामद की थी। तस्कर पर 16 नवंबर, 2022 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 और 29 के तहत थाना सिटी अबोहर-2 में मामला दर्ज किया गया था।

मुक्तसर में 2.30 करोड़ और गिद्दड़बाहा में 1.93 करोड़ रु. का घपला सामने आया

# मनरेगा के तहत करवाए काम में मुक्तसर और गिद्दड़बाहा में 4.23 करोड़ का घोटाला

**बीडीपीओ समेत कई अधिकारी और कर्मचारी जांच के दायरे में**

भास्कर न्यूज | मुक्तसर

मनरेगा के तहत करवाए गए काम में मुक्तसर और गिद्दड़बाहा में 4.23 करोड़ का घोटाला सामने आया। 2016 से 2021 तक मनरेगा के कार्य में करोड़ों की हेराफेरी हुई। पूर्व शिअद विधायक के पैतृक गांव में एक छप्पड़ का नवनिर्माण कर सुंदर झील बनाने का दावा किया गया पर असल में यहां पर एक ईंट भी नहीं लगाई गई।

जांच में कमेटी ने पाया गिद्दड़बाहा के तत्कालीन बीडीपीओ सहित कई अधिकारी व कर्मचारी आरोपी पाए गए जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए संयुक्त विकास कमिश्नर व कमिश्नर मनरेगा पंजाब सरकार, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग शैना अग्रवाल ने मुक्तसर के डीसी अभिजीत कपलिश को लिखकर उक्त अधिकारियों से उक्त रकम की रिकवरी करने व सख्त कार्रवाई करने के लिए लिखा है।

मालवा टीम एंटी करप्शन सोसायटी के राजेन्द्र सिंह, हरिंदर सिंह, नायब सिंह, सुखबीर सिंह, गुरसेवक सिंह, कर्मजीत सिंह व सेवक सिंह मलोट ने बताया कि मुक्तसर के गांव बरकंदी में 2016-17 में गांव बरकंदी मुक्तसर के गांव बरकंदी में एक करोड़ 57 हजार रुपए की धांधली सामने आई है। यहां उक्त अधिकारियों ने कागजों में ही गांव के छप्पड़ का नवनिर्माण कर एक झील बनी हुई दिखा दी जबकि वास्तव में वहां ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने बताया कि यह गांव शिअद नेता व उस समय की विधायक कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी का पैतृक गांव है जबकि सरकार कांग्रेस की थी।

### नशों के विरुद्ध जंग के 'जरनैल' बनकर रक्षा करेंगे डिफेंस कमेटी सदस्य : मान

**लुधियाना** | सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम अंतिम दौर में पहुंच चुकी है और गांवों व शहरों के लिए डिफेंस कमेटियां पंजाब में से नशा तस्करी का नामोनिशान मिटा देंगी। मान ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि नशों के विरुद्ध जंग के 'जरनैल' बनकर गांवों और शहरों की रक्षा करेंगे। हमने पंजाब को फिर 'रंगला पंजाब' बनाने का सपना देखा है और इसे साकार करने में दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। सीएम ने बताया कि विलेज डिफेंस कमेटियां और वार्ड डिफेंस कमेटियों का गठन 4 सदस्यीय कमेटी करेगी, जिनमें सरपंच या काउंसलर मुहिम का सदस्य, बीडीपीओ या उनका प्रतिनिधि और एसएचओ या उनका प्रतिनिधि शामिल होगा।

# लैंड पूलिंग योजना के विरोध में अमृतसर में किसानों ने प्रदर्शन किया, एसकेएम गैर राजनीतिक का 7 को लुधियाना में धरना

भास्कर न्यूज | अमृतसर/लहरा

किसानों ने लैंड पूलिंग योजना के विरोध में अमृतसर में प्रदर्शन किया और सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) ने 7 अगस्त को गांव जोधां (लुधियाना) में राज्य स्तरीय धरना लगाने का एलान किया है। यूनियन ब्लॉक प्रधान भूरा सिंह सलेमगढ़, महासचिव रामफल सिंह जलूर, और खजांची लखविंदर सिंह ने बताया कि सरकार करीब 50 हजार एकड़ उपजाऊ जमीन को अर्बन एस्टेट बनाने के नाम पर जबरन अधिग्रहीत कर रही है। बदले में किसानों को जमीन की सही कीमत नहीं दी जा रही, बल्कि छोटे-छोटे प्लॉट देकर गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब का किसान लैंड पूलिंग नीति का विरोध कर रहे हैं, लेकिन सरकार मीडिया में करोड़ों के विज्ञापन देकर किसानों के हित में बता रही है। किसान नेताओं ने एलान किया कि वे एक इंच भी जमीन अर्बन स्टेट के लिए नहीं लेने देंगे। भाकियू (एकता) सिद्धूपुर प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि सरकार की लैंड पूलिंग नीति से किसानी बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की यह नीति ठीक नहीं है। सरकार को किसानी को बचाने का काम करना चाहिए।

## सरकार को किसानी को बचाने का काम करना चाहिए : डल्लेवाल



अमृतसर में प्रदर्शन करते किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और अन्य।

### इधर... योजना बोर्ड चेयरमैन हरमनदीप सिंह का इस्तीफा

**मोगा** | लैंड पूलिंग के विरोध में जिला योजना बोर्ड के चेयरमैन एवं आप पूर्व जिला प्रधान हरमनदीप सिंह दीदारेवाला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।



उन्होंने पोस्ट में लिखा, मैं लैंड पूलिंग नीति से असहमत हूं और अपने पद से इस्तीफा देता हूं। किसानी हमारे लिए सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि जिंदगी जीने का तरीका है।' दीदारेवाला का यह फैसला नाराजगी का नतीजा हो सकता है।

## जीएसटी धोखाधड़ी पकड़ने को स्पेशल फ्रॉड डिटेक्शन यूनिट बनाएगी सरकार

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने जीएसटी धोखाधड़ी पकड़ने के लिए राज्य स्तरीय विशेष स्पेशल फ्रॉड डिटेक्शन यूनिट बनाने के प्रस्ताव का एलान किया। यूनिट का हेड क्वार्टर पटियाला में होगा। यूनिट वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उल्लंघना से संबंधित जटिल मामलों की जांच में एकरूपता लाएगी और जांच को सुचारू बनाएगी। चीमा ने बताया कि स्पेशल फ्रॉड डिटेक्शन यूनिट (एसएफडीयू) को जीएसटी ठगी और जांच करने का काम सौंपा जाएगा।

उन्होंने कहा कि यूनिट को संदिग्ध जीएसटी पहचान नंबरों (जीएसटी आईएन) रद्द करने, इनपुट टैक्स क्रैडिट (आईटीसी) के गलत दावे रोकने और कानूनी जवाबदेही बरकरार रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध केस चलाने की सिफारिश करने समेत सख्त कार्यान्वयन कार्रवाई शुरू की शक्ति मिलेगी। चीमा ने बताया, यूनिट में कराधान अफसरों, आईटी पेशेवरों, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और एक कानूनी अधिकारी वाली बहु-अनुशासनी टीम शामिल होगी ताकि टैक्स चोरी के विरुद्ध सटीक कार्रवाई की जा सके।

**अकाली नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री को एक बार फिर झटका**

# मजीठिया की जमानत पर 6वीं सुनवाई भी बेनतीजा, कोर्ट ने कल फिर बुलाया

भास्कर न्यूज | मोहाली

अकाली नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम मजीठिया को एक बार फिर झटका लगा है। नाभा जेल में बंद मजीठिया की बेल एप्लिकेशन पर सोमवार को 6वीं बार सुनवाई हुई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। सरकारी वकील फिर बहस के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने समय की मांग की और कोर्ट ने अगली तारीख 6 अगस्त दी है। मजीठिया की लीगल टीम लगातार आरोप लगा रही है कि सरकार हर बार सुनियोजित तरीके से बहस टाल रही है। वकीलों का कहना है कि सरकारी वकील हर बार कोई न कोई नया बहाना लेकर आ जाते हैं, लेकिन मुद्दे पर कभी बात नहीं होती। 4 अगस्त को भी वही हुआ जो पिछली 5 सुनवाइयों में हो चुका है। सरकारी वकील बोले, मजीठिया के केस संबंधी काफी डॉक्यूमेंट उनके वकीलों ने सब्मिट किए हैं। उन्हें पढ़ने के लिए उन्हें थोड़ा समय चाहिए। इसके बाद ही वह केस में बहस कर सकते हैं इसलिए उन्हें इन कागजों को पढ़ने के लिए मोहलत दी जाए। कोर्ट में मजीठिया की टीम अपनी बहस पहले ही पूरी कर चुकी है। उनका कहना है कि अब सरकार को जवाब देना है, लेकिन वह जानबूझकर मामले को लटका रही है। वकीलों ने साफ कहा कि यह केस पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है और सरकार का मकसद सिर्फ मजीठिया को जेल में बनाए रखना और उनकी छवि खराब करना है। मजीठिया की जमानत याचिका 14 जुलाई को दाखिल हुई थी। बाद में 6 बार सुनवाई हो चुकी है, लेकिन हर बार सरकारी वकील या तो तैयारी के नाम पर या कागज पूरे न होने का बहाना बनाकर तारीख ले लेते हैं। मजीठिया के वकील कहते हैं कि अगर सरकार के पास कोई ठोस दलील होती तो अब तक बहस हो चुकी होती।

**भास्कर खास** बठिंडा की आंचल अब वकील बनकर सुप्रीम कोर्ट में डिसएबिलिटी राइट्स के लिए आवाज उठा रही

# 10वीं में आंखों की रोशनी गई... स्कूलों में टीचर्स के चैप्टर रिकॉर्ड कर पढ़ी, एनएलयू बेंगलूर से लॉ की, सुप्रीम कोर्ट में पहली नेत्रहीन वकील बनी आंचल

प्रदीप शर्मा | बठिंडा

जो बच्चे नंबर नहीं आने या छोटी-छोटी मुश्किलों पर आत्महत्या जैसा कदम उठाते हैं, ये खबर उनके लिए सबक है। बठिंडा की आंचल भठेजा की दसवीं के पढ़ाई के दौरान दोनों आंखों की रोशनी चली गई। मां की मृत्यु हो गई। पिता शिंदरपाल इन दोनों सदमों से पूरी तरह टूट गए। तब आंचल ने पापा को वादा किया कि वह अपनी पढ़ाई जारी रखेगी और उनका नाम भी रोशन करेगी। मैंने टीचर्स के चैप्टर रिकार्ड कर फिर से पढ़ाई शुरू की।

10वीं पास करने के बाद नेत्रहीन होने के कारण मुझे स्कूल वालों ने निकाल दिया। कई स्कूलों के चक्कर काटने के बाद एक स्कूल ने मुझे एडमिशन दिया। वहां 11वीं व 12वीं तक पढ़ी। फिर क्लैट पास करके बैंगलुरू नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई शुरू की। अब मैं सुप्रीम कोर्ट की पहली वकील हूं, जो नेत्रहीन है। 6 जून को पहली बार एक मामले की पैरवी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई। तब मैंने उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल जज जूनियर डिविजन की भर्ती के लिए जारी इश्तिहार की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले पिटीशनर का प्रतिनिधित्व किया। पिटीशनर भी 100% नेत्रहीन है। मैं डिसएबिलिटी राइट्स पर काम कर रही हूं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के 4 रिटायर्ड जज के अलावा 1 मौजूदा जज की मौजूदगी में डिसएबिलिटी राइट की बात कर चुकी हूं।

## होशियार इतनी कि कक्षा 10वीं में 10 सीजीपीए तो 12वीं में पंजाबभर में सेकंड रैंक

जन्म से ही मेरी एक आंख की रोशनी नहीं थी, जबकि दूसरी की निगाह थोड़ी कमजोर थी। मेरी मम्मी शशि भठेजा का 19 मार्च 2016 को निधन हुआ। इस बीच, 10वीं के प्री-एग्जाम के दौरान ही दूसरी आंख की भी पूरी रोशनी चली गई। चेन्नई से ऑपरेशन करवाया, लेकिन कामयाब नहीं हुआ। फिर वापस आकर राइटर की सहायता से फाइनल पेपर दिए और 10 सीजीपीए हासिल किया। लगातार 3 ऑपरेशन फेल रहने पर डॉक्टरों ने कह दिया कि



इसका कहीं कोई इलाज नहीं है। इसके बाद मुझे जिंदगी में अंधेरा दिखाई देने लगा। मेरा 10वीं कक्षा से ही मेडिकल करने का टारगेट था और बाकायदा कोचिंग के लिए मैंने ट्यूटर तक फाइनल कर लिया था। लेकिन भगवान को शायद कुछ और ही मंजूर था। मैंने अपने पापा से बोला कि जिस तरह 10वीं पास की है, उसी तरह मैं उच्च शिक्षा भी हासिल करुंगी। तब दो स्कूलों ने 11वीं में मुझे दाखिला देने से मना किया। फिर सेंट जेवियर्स में ह्यूमेनेटिज में दाखिला लिया और 90% अंक हासिल किए। 12वीं में 97.2% अंकों के साथ पंजाब में दूसरी पोजिशन हासिल की। 2018 में चंडीगढ़ में क्लैट की कोचिंग लेकर आल इंडिया रिजर्व कैटेगिरी में 5वां और जनरल में 1103 रैंक पाया। इसके बाद मैंने बैंगलुरू की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। 2023 में वकालत पूरी हुई, 17 दिन बाद ही मुझे सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के साथ इंटरर्नशिप करने का अवसर मिला। कुछ करने का जज्बा हो तो सब परेशानी भी अपने आप हल होती जाती है। मेरे साथ भी यही हुआ। स्पोकन एप्लीकेशन व सॉफ्टवेयर की मदद से सामान्य तरीके से पढ़ाई की और वही मेरे लिए मददगार साबित हुए।

**कैबिनेट सब कमेटी की यूनियनों से मीटिंग**

## यूनियनों की मुख्य मांगों पर विचार करने के बाद प्रस्ताव रखें अधिकारी : वित्तमंत्री

भास्कर न्यूज | चंडीगढ़

कैबिनेट सब कमेटी चेयरमैन एवं वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने सोमवार को वन विभाग और शिक्षा विभाग की विभिन्न यूनियनों के साथ मीटिंगें कीं। शिक्षा विभाग की यूनियनों के साथ मीटिंगों के दौरान उनके साथ शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस भी मौजूद थे। पंजाब सिविल सचिवालय में हुई इन मीटिंगों का उद्देश्य यूनियनों द्वारा उठाई गई जायज़ माँगों और मुद्दों का समाधान करना था। मीटिंगों के दौरान जंगलात वर्कर्ज यूनियन, ईटीटी टेस्ट पास अध्यापक एसोसिएशन (जय सिंह वाला), मुड़बहाल कच्चे अध्यापक यूनियन, और बेरोजगार बीएड टीईटी पास अध्यापक यूनियन के नुमायंदों ने अपनी मांगें और मुद्दे पेश किए। जंगलात कर्मचारी यूनियन के साथ मीटिंग के दौरान वन विभाग के सचिव प्रियांक भारती ने वित्त मंत्री चीमा को यूनियन की माँगों की स्थिति के बारे जानकारी दी। वित्त मंत्री ने यूनियन के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद विभाग को निर्देश दिए कि वह अफ़सर कमेटी में यूनियन की मुख्य मांगों पर विचार करने के बाद कैबिनेट सब-कमेटी के सामने प्रस्ताव रखें। शिक्षा विभाग की यूनियनों के साथ मीटिंगों के दौरान वित्त मंत्री चीमा और शिक्षा मंत्री बैंस ने यूनियन नेताओं को भरोसा दिया कि उनकी ज़्यादातर माँगें पहले ही विचाराधीन हैं। मीटिंग में यूनियन प्रधान अमरीक सिंह, सीनियर मीत प्रधान रवि कांत और उप प्रधान सतनाम सिंह आदि मौजूद थे।

# झारखंड की आवाज अमर

## नेमरा में आज दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार

भास्कर न्यूज | रांची

झारखंड की मिट्टी, जंगल, पहाड़ और लोगों की आवाज शून्य में विलीन हो गई। 81 वर्षीय शिबू सोरेन नहीं रहे। लंबी बीमारी के बाद सोमवार सुबह 8:56 बजे दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अस्पताल में उन्हें श्रद्धांजलि दी। सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

सोमवार-मंगलवार को सरकारी कार्यालयों में छुट्टी रहेगी। विधानसभा सत्र स्थगित कर दी गई है। स्कूलों ने भी मंगलवार को छुट्टी घोषित कर दी है। सोमवार शाम सात बजे विशेष विमान से पार्थिव शरीर रांची लाया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए एयरपोर्ट पर लोग उमड़ पड़े। पार्थिव शरीर को एयरपोर्ट से सीधे उनके मोरहाबादी आवास पर ले जाया गया। वहां अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। मंगलवार को पैतृक गांव नेमरा में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



**अंतिम जोहार...** रांची एयरपोर्ट से गुरुजी का पार्थिव शरीर मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। इस दौरान पूरा शहर उनके अंतिम दर्शन को सड़क पर उमड़ पड़ा।

पिता के पार्थिव शरीर के साथ हेमंत सोरेन।

### राहुल गांधी और खरगे ने दी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### देश के राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र को हुई अपूरणीय क्षति

*झारखंड की राजनीति में शिबू सोरेन जी का महत्वपूर्ण योगदान स्मरणीय है। उनके निधन से न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार, समर्थकों एवं प्रशंसकों को इस दुःख को धैर्यपूर्वक सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। प्रभु दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें।*

**- नीतीश कुमार,** सीएम, बिहार

### दिशोम गुरु ने जनजातीय समाज के उन्नयन में जीवन झोंक दिया

*जनजातीय समाज के उन्नयन में जीवन समर्पित किया उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। जनजातीय समाज के उन्नयन में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति दें। साथ ही दुख की इस विकट घड़ी में शोकाकुल परिवार, समर्थकों एवं प्रशंसकों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे।*

**- योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

## राष्ट्रपति और पीएम ने शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी...

### शिबू सोरेन का निधन सामाजिक न्याय क्षेत्र में बड़ी क्षति



*शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य के निर्माण के लिए संघर्ष किया। जनता, विशेषकर आदिवासियों के कल्याण पर उनके जोर को सदैव याद रखा जाएगा। मैं सीएम हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों व प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।*

**-द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति

### आदिवासियों और गरीबों के लिए समर्पित थे



*शिबू सोरेन जी एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में ऊंचाइयों को छुआ। वे आदिवासियों, गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित थे। उनके निधन से दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार व प्रशंसकों के साथ है।*

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री






**मुख्यमंत्री का ऐलान** • बिहार के अभ्यर्थियों को सौगात

# बिहार में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल लागू होगा

भास्कर न्यूज | पटना

बिहार में अब शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को इस संबंध में घोषणा करते हुए शिक्षा विभाग को नियमानुसार संशोधन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-4) से ही यह प्रावधान लागू होगा, जिसमें बिहार के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि टीआरई-5 से पहले राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा सुनिश्चित की जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार को प्राथमिकता दी गई है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूत किया गया है। इस निर्णय को बिहार के युवा, विशेषकर शिक्षक अभ्यर्थी, लंबे समय से मांग कर रहे थे। विपक्ष भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरता रहा है। ऐसे में डोमिसाइल लागू करने का यह फैसला बिहार के युवाओं को रोजगार देने और राज्य के शिक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### हालात... अभी 83000 शिक्षक दूसरे राज्यों के

- बिहार के सरकारी स्कूलों में फिलहाल 5.65 लाख शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें से करीब 83,000 शिक्षक उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान जैसे अन्य राज्यों के निवासी हैं।
- टीआरई-1, 2 और 3 से करीब 52,000 शिक्षक बिहार के बाहर के हैं। अब डोमिसाइल लागू होने के बाद ऐसी नियुक्तियों पर अंकुश लगेगा और बिहार के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिलेगी।
- बीते 5 वर्षों में बीपीएससी के माध्यम से तीन चरणों (टीआरई-1, 2 और 3) में कुल 2,66,558 शिक्षकों की बहाली हुई है। इनमें

| टीआरई-1 | टीआरई-2 | टीआरई-3 |
|---|---|---|
| 1,20,336 शिक्षक | 94,833 शिक्षक | 51,389 शिक्षक |

*नियमों के मुताबिक डोमिसाइल लागू किया जाएगा। इसके लिए काम किया जा रहा है।* **-सुनील कुमार,** मंत्री, शिक्षा विभाग

**भास्कर एक्सपर्ट**

**डॉ. संजीव कुमार सिंह, एमएलसी सह शिक्षक नेता**

- **डोमिसाइल लागू होने पर दूसरे राज्य के लोगों के लिए क्या?**
  **जवाबः** मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक बाहरी राज्यों के व्यक्ति अब फॉर्म नहीं भर सकेंगे।
- **नियम में क्या बदलाव होंगे?**
  **जवाबः** बाहरी राज्यों के सभी लोग अभी सामान्य श्रेणी में आवेदन करते हैं। नए नियम के मुताबिक दूसरे राज्य के लोग आवेदन नहीं कर पाएंगे।
- **बिहार के मूल निवासी जिन्होंने बाहर से पढ़ाई की है, उन्हें लाभ मिलेगा।**
  **जवाबः** हां। लाभ मिलेगा। आवेदन के लिए बिहार का मूल निवासी होना जरूरी है।
- **बिहार की बेटी, जिसकी बाहर शादी हो गई है, उसके लिए क्या नियम होंगे?**
  हां। ऐसे अभ्यर्थियों को इसका लाभ मिलेगा।



*20 सालों की इस थकी-हारी सरकार हमारी हर योजना, दृष्टि एवं मांग की नकल कर रही है। आनन-फानन में ये घोषणाएं की जा रही हैं।* **-तेजस्वी यादव**



*डोमिसाइल नीति लागू होने से बिहार के युवाओं को अधिक अवसर मिलेगा। सीएम ने बिहार के युवाओं के लिए यह निर्णय लिया है।* **-सम्राट चौधरी**

### मुख्तार अंसारी का छोटा बेटा लखनऊ से गिरफ्तार

**लखनऊ |** बाहुबली मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गाजीपुर पुलिस रविवार देर रात लखनऊ पहुंची। उमर अंसारी की लोकेशन दारुलशफा स्थित विधायक निवास में मिली। पुलिस ने छापा मारकर उमर को अरेस्ट किया और गाजीपुर ले गई।

उमर अंसारी जिस आवास में थे, वह उनके बड़े भाई और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) से विधायक अब्बास अंसारी का है। दारुलशफा में प्रदेश के कई पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों का आवास है। ऐसे में यहां से उमर की गिरफ्तारी एक बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। आरोप है कि उमर ने फरार चल रही अपनी मां और एक लाख की इनामी अफशां अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर कर अदालत में याचिका दाखिल की थी, ताकि गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की गई संपत्ति को छुड़ाया जा सके। पुलिस मामले में उमर अंसारी से गाजीपुर में पूछताछ करेगी। वहीं कोर्ट में पेशी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद उमर अंसारी के परिवार और समर्थकों में हलचल तेज हो गई है।

### प्रत्यय अमृत बिहार के नए मुख्य सचिव होंगे, 1 सितंबर से करेंगे पदभार ग्रहण

भास्कर न्यूज | पटना

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रत्यय अमृत बिहार के नए मुख्य सचिव होंगे। वे 1 सितंबर से पदभार ग्रहण करेंगे। इस बीच उन्हें एक महीने के लिए मुख्य सचिव कार्यालय में विशेष कार्य पदाधिकारी यानी ओएसडी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। प्रत्यय अमृत फिलहाल बिहार के विकास आयुक्त हैं। मुख्य सचिव के रूप में प्रत्यय अमृत 1989 बैच के आईएएस अफसर अमृत लाल मीणा का स्थान लेंगे जो 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। प्रत्यय अमृत 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। वे बिहार में स्वास्थ्य, ऊर्जा और पथ निर्माण समेत कई महत्वपूर्ण विभागों के सचिव और प्रधान सचिव रहे हैं। कटिहार और छपरा समेत कई जिलों के डीएम भी रहे हैं। बिहार की कई महत्वपूर्ण संरचनागत परियोजनाओं को परवान चढ़ाने का श्रेय इन्हें जाता है।

**मानसून** • उत्तर-पूर्वी जिलों में अलर्ट, पटना में तीन दिन से बारिश

# आज भी पूरे बिहार में झमाझम... पूर्णिया में 1987 का रिकॉर्ड टूटा

भास्कर न्यूज | पटना



पटना के गर्दनीबाग अस्पताल में जल जमाव।

बिहार में मानसून ने जोर पकड़ लिया है। राज्य के कई जिलों में रविवार रात से लेकर सोमवार शाम तक भारी बारिश हुई। पूर्णिया में 24 घंटे में 270.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। यह अब तक एक दिन में इतनी बारिश का रिकॉर्ड है। यहां 1987 का रिकॉर्ड टूटा। तब 294.9 एमएम बारिश हुई थी। पटना में भी लगातार तीसरे दिन बारिश होती रही। कभी तेज तो कभी रिमझिम। यहां रविवार रात से सोमवार शाम 5:30 बजे तक 55 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। दरभंगा के हायाघाट में 155.8 एमएम, सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में 136.4, शिवहर में 134.2 एमएम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस बारिश से राज्य का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। पटना में गंगा नदी का जलस्तर लाल निशान को पार कर गया है। सोमवार को दोपहर 2 बजे गंगा नदी का जलस्तर गांधी घाट पर खतरे के निशान से 75 सेमी ऊपर था। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 10 अगस्त तक राज्य में मानसून सक्रिय रहेगा। मंगलवार को उत्तर और पूर्वी बिहार के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। कुछ स्थानों पर तेज हवा और ठनका की चेतावनी भी जारी की गई है।

### हाजीपुर : अमेरिकन बुजुर्गों को शिकार बनाने वाले 5 साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

**हाजीपुर |** साइबर फ्रॉड गिरोह के पांच हैकर्स को वैशाली की साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पांचों पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। ये वैशाली में बैठकर अमेरिका के नागरिकों को टारगेट करते थे। पांचों को फरवरी माह से ही मुख्य सरगना ने अपने घर में रखा था। ये साइबर अपराधी अंतरराष्ट्रीय वाइप कॉल के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को साइबर ठगी का शिकार बनाते थे। ये जंदाहा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर कदुटांड गांव से पकड़े गए। गिरोह का मुख्य सरगना सिलीगुड़ी में बैठ कर पूरे गिरोह को चला रहा था। उसकी गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है।

### पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला, पहचान छिपाने को तेजाब से जलाया

**कोल |** अलीगढ़ में पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी। वारदात को प्रेमी संग मिलकर अंजाम दिया। उसके दोनों हाथ बांधे दिए, फिर पेट पर धारदार हथियार से हमला किया। शव की पहचान न हो इसके लिए उसके शरीर पर तेजाब उड़ेल दिया। इसके बाद लाश को बंद पड़े ईंट भट्ठे में फेंककर भाग गया। इसके बाद दोनों भाग निकले। 2 अगस्त को उसकी लाश मिली। जिसकी शिनाख्त परिजनों ने की। परिजनों ने पत्नी तबस्सुम, उसके प्रेमी दानिश पर हत्या का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने पत्नी की कॉल डिटेल खंगाली तो एक नंबर ऐसा मिला, जिससे लगातार बात हो रही थी।








PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) : U40109PB2010SGC033813
वेबसाइट : www.pspcl.in (संपर्क: 96461-10914)
ई-निविदा आमंत्रण संख्या 653/पी-1/ईएमपी डब्ल्यू-13086 दिनांक 02.08.25
उप-मुख्य अभियंता/मुख्यालय (खरीद प्रकोष्ठ-1) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा पावर कॉलोनी की सड़कों और पेट्रोल पंप से सीएचपी रेलवे यार्ड, जीजीएसएसटीपी, रूपनगर तक की सड़कों पर टैक कोट, सील कोट, वाटर बाउंड मैकडैम ग्रेडिंग-II (बिना स्क्रीनिंग के) सहित 20 मिमी मोटी ओपन ग्रेडेड प्रीमिक्स कार्पेट उपलब्ध कराने और बिछाने के लिए ई-निविदा आईडी संख्या 2025_POWER_146360_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा विनिर्देशों के लिए कृपया 02.08.25 शाम 05.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट : शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएँगे।
1079/12/2025-26/1906 RTP-90/25


**कटिहार** • मुखिया व बीसीएम ने अभ्यर्थियों से की राशि की पेशकश

# आशा बहाली में लेनदेन की बात, पूछा सवाल तो मुखिया ने नोट थमा कहा- इसे मत छापिए

रमेश पोद्दार | कुरसेला

आशा बहाली प्रक्रिया के नाम पर खुलेआम चढ़ावा लिया जा रहा है। जब गड़बड़ी उजागर होती है तो पैसे की पेशकश की जाती है। चयन प्रक्रिया में स्थानीय मुखिया और स्वास्थ्य विभाग की संलिप्तता भी सवालों के घेरे में है। कुरसेला प्रखंड की दक्षिणी मुरादपुर पंचायत में तब हद हो गई जब पंचायत के मुखिया ने सड़क के बीचोंबीच मीडिया कर्मियों को रुपए देने की पेशकश कर दी। उनसे मामले को उजागर न करने का अनुरोध किया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए तीन आवेदिकाओं ने स्वास्थ्य विभाग व जिलाधिकारी को आवेदन देकर जांच की मांग की। मामला दक्षिणी मुरादपुर पंचायत के वार्ड संख्या 1, 6 और 7 का है। आरोप लगाने वालों में वार्ड संख्या 1 की मोसमात प्रीति कुमारी, वार्ड संख्या 2 की भारती झा और वार्ड संख्या 7 की सोनाक्षी देवी शामिल हैं। इनका आरोप है कि पंचायत के मुखिया ललन राम और बीसीएम अभय कुमार झा ने मिलीभगत कर बिना किसी बैठक और ग्राम सभा के गुपचुप तरीके से बहाली प्रक्रिया पूरी कर ली। पीड़ित प्रीति कुमारी ने बताया कि जब उन्होंने मुखिया से बहाली को लेकर जानकारी मांगी तो उनसे 2 लाख की मांग की गई। वहीं, सोनाक्षी देवी ने आरोप लगाया कि उन्होंने 40 हजार रुपए दिए इसके बाद उनसे पूरे गांव का सर्वे कराया गया। अभ्यर्थियों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमर लाल को लिखित शिकायत दी है। वहीं, प्रीति कुमारी ने डीएम को आवेदन देकर बहाली को रद्द करने की मांग की है।



पैसे की पेशकश करते मुखिया।

### मुखिया ने कहा- यह विरोधियों की साजिश

बहाली में धांधली पर जब मीडिया कर्मियों ने मुखिया ललन राम से सवाल किया तो उन्होंने इसे विरोधियों की साजिश बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की। पुनः सवाल किया, तो मुखिया का रुख अचानक बदल गया। उन्होंने बातचीत को मोड़ते हुए अपने जेब से 500 के नोट निकालकर मीडिया कर्मियों से खबर नहीं छापने का आग्रह करने लगे। भाईचारे की बात कह दबाव की कोशिश की।

### मुजफ्फरपुर : शिक्षिका से ठगी, पुलिस बन मर्डर के नाम पर चेन-अंगूठी ले उड़े

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरपुर

नगर थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर सोमवार को दो शातिरों ने खुद को पुलिस अफसर बताकर एक रिटायर्ड शिक्षिका से सोने की लॉकेट वाली चेन और अंगूठी ठग ली। वारदात शाम 4:30 बजे की है। मिठनपुरा के सादपुरा गुमटी के पास से रजिया शाहीन ई-रिक्शा से तिलक मैदान रोड स्थित ससुराल जा रही थी। सादपुरा में उसका मायका है। जैसे ही ई-रिक्शा तिलक मैदान रोड में नगर थाने के समीप पहुंची, एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार से आया और ई-रिक्शा के आगे ब्रेक लगाकर रोक दी। शातिर ने फिल्मी स्टाइल में महिला से सख्त लहजे में कहा कि पीछे से कितनी बार आवाज दी, सुन नहीं रही हो? फिर खुद को पुलिस अफसर बताते हुए कहा, "तुम्हें नहीं पता, पीछे एक महिला से अपराधियों ने चेन छीन ली है और उसका मर्डर कर दिया है। चेन पहनकर घूमना खतरे से खाली नहीं है।' डरी-सहमी महिला ने अपनी सोने की चेन, लॉकेट और अंगूठी उतार दी।

# डाक विभाग : 148 साल पुरानी रजिस्ट्री सेवा एक सितंबर से बंद

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरपुर

डाक विभाग की सबसे पुरानी, भरोसेमंद और लोगों से भावनात्मक रूप से जुड़ी रजिस्ट्री पोस्ट सेवा अगले महीने से इतिहास का हिस्सा बन जाएगी। विभाग ने इस सेवा को 1 सितंबर 2025 से बंद कर इसे स्पीड पोस्ट में विलय करने का निर्णय लिया है। यानी, डाक विभाग में रजिस्टर्ड डाक के रूप में सिर्फ स्पीड पोस्ट सेवा रह जाएगी। ऐसे में न सिर्फ एक परंपरागत सेवा खत्म हो जाएगी, बल्कि ग्राहकों को अधिक शुल्क का भुगतान भी करना पड़ेगा। लोकल स्पीड पोस्ट का शुल्क 41 रुपए और रजिस्ट्री का 26 रुपए है।

दूरी बढ़ने पर रजिस्ट्री सेवा थोड़ी महंगी होती जाती थी, लेकिन स्पीड पोस्ट उससे भी महंगा पड़ेगा। उदाहरण के लिए अब तक दिल्ली भेजने पर रजिस्टर्ड डाक के लिए 36 रुपए और स्पीड पोस्ट के लिए 41 रुपए देना होता है, लेकिन स्पीड पोस्ट की नई व्यवस्था में यह शुल्क बढ़ेगा। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। विभाग के कर्मचारी बताते हैं कि इसे लेकर डाक सेवा लेने वाले लोगों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि रजिस्टर्ड डाक सेवा के साथ उनकी यादें और भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

### 1877 में शुरू हुई थी सेवा

भारत में डाक सेवा की शुरुआत अंग्रेजों ने 1766 में कराई थी। स्वतंत्रता के बाद डाक विभाग ने 1877 में रजिस्ट्री, वीपीपी और पार्सल सेवा की शुरुआत एक साथ की थी। लगभग 148 साल पुरानी यह सेवा कोर्ट के कागजात, नौकरी के पत्र, शादी के कार्ड, निमंत्रण पत्र जैसी अहम और संवेदनशील सामग्री के सुरक्षित आदान-प्रदान के लिए जानी जाती रही है। रजिस्ट्री की खासियत यह थी कि डाकिया सिर्फ उसी व्यक्ति को पत्र सौंपता है जिसके नाम से वह भेजा गया हो। वहीं, स्पीड पोस्ट में यह बंदिश नहीं होती।




# छत्तीसगढ़ में आ रहा पाक से ड्रग्स, 9 गिरफ्तार

## 1 करोड़ की हेरोइन जब्त, 250 ड्रग्स एडिक्ट से पूछताछ करेगी पुलिस



क्राइम रिपोर्टर | रायपुर

छत्तीसगढ़ में पंजाब के रास्ते ड्रग से पाकिस्तान का ड्रग्स आ रहा है। एक ग्राम ड्रग्स 6-10 हजार रुपए में बिक रहा है। पूरा कारोबार कोडवर्ड में चलता है। मुख्य तस्कर खुद ड्रग्स की डिलवरी करने छत्तीसगढ़ आता है और छोड़कर चला जाता है। पुलिस ने छापा मारकर 9 तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनसे 412 ग्राम 87 मिलीग्राम हेरोइन जब्त किया गया है, जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपए है। साथ ही मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक नापतौल मशीन और पैकिंग मशीन जब्त किया गया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि पंजाब गुरदासपुर निवासी लवजीत सिंह उर्फ बंटी (39) मुख्य तस्कर है। लवजीत ही पाकिस्तान से अलग-अलग तरह का ड्रग्स मंगाता है। फिर उसे देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करता है। एक तस्कर के माध्यम से उसकी मुलाकात सुवित श्रीवास्तव (31) राजनांदगांव से हुई। सुवित एक रिटायर डीजे का रिश्तेदार है। वह महावीर नगर में किराए पर रहता है। सुवित ने छत्तीसगढ़ में ड्रग्स तस्करी का रैकेट खड़ा किया।

दूसरी ओर, मौदहापारा निवासी सैफ चिल्ला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह वीआईपी रोड के एक पब में बाउंसर है।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार

लवजीत सिंह उर्फ बंटी (39) पंजाब, सुवित श्रीवास्तव (31) राजनांदगांव, अश्वनी चंद्रवंशी (33) डोंगरगढ़, लक्ष्य परिफल राघव उर्फ लव (24) तेलीबांधा, अनिकेत मालाधर (24) गोंदिया, मनोज सेठ (27) महासमुंद, मुकेश सिंह (39) टाटीबंध, जुनैद खान उर्फ सैफ चिल्ला (27) मौदहापारा और राजविंदर सिंह उर्फ राजू (30) रायपुरा को गिरफ्तार किया है।

## कोडवर्ड से चला रहे पूरा कारोबार, सिगरेट और चॉकलेट के रैपर के जरिए हो रही ड्रग्स की सप्लाई

**भास्कर इनसाइट** विदेश से ड्रग्स आने से एक ग्राम ड्रग्स की कीमत 10 हजार रुपए तक

प्रमोद साहू | रायपुर

पाकिस्तान में बैठे अंतरराष्ट्रीय तस्कर बड़ी मात्रा में कई देशों में ड्रग्स की तस्करी कर रहे हैं। भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद भी ड्रोन से बॉर्डर पार कर ड्रग्स आ रहा है। ड्रग्स की अच्छी तरह से पैकेजिंग की जाती है, फिर उसे ड्रोन में बांधकर भारत में गिराया जाता है। इसमें एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। पंजाब के तस्कर इन ड्रग्स को दोगुने दाम पर सप्लाई करते हैं। छत्तीसगढ़ में भी पिछले एक साल से ड्रग्स आ रहा है। पिछले दो माह में पंजाब के तस्कर लवजीत को 2800 बार पेमेंट किया गया है। यह पेमेंट एक करोड़ से ज्यादा की है। इसी से अंदाजा लगाया जा रहा है कि बड़ी मात्रा में पाकिस्तानी ड्रग्स छत्तीसगढ़ आ रहा है। जांच एजेंसियों से बचने के लिए चॉकलेट के रैपर, माचिस की डिब्बी, सिगरेट के रैपर, चाय की डिस्पोजल, दवाइयों की शीशी और कैप्सूल में डालकर ड्रग्स की सप्लाई की जा रही है। आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि रायपुर क्राइम ब्रांच को पड़ताल के दौरान एक इनपुट मिला था। उसके बाद लंबी जांच की गई और तस्करों को पकड़ लिया गया। रायपुर के कमल विहार के एक मकान से ही ड्रग्स की सप्लाई होती थी। वहीं से ऑर्डर के अनुसार अलग-अलग तरह की पैकिंग कर ड्रग्स को सप्लाई किया जाता था। शेष | पेज 5

### चाय वाला बनकर ट्रेन में चढ़ी पुलिस, 11 स्टेशन में लगाई एंबुश

पुलिस ने पंजाब के मुख्य तस्कर लवजीत को पकड़ने के लिए दिल्ली से लेकर नागपुर तक जाल बिछाया था। कटनी, शहडोल, पेंड्रा, उसलापुर-बिलासपुर, भाठापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया और नागपुर में 24 घंटे का एंबुश लगाया था। क्राइम ब्रांच की टीम सभी स्टेशन में सादी वर्दी में खड़ी रही। कोई चाय बेच रहा था तो कोई पानी की बोतल। जैसे ही लवजीत का पुख्ता लोकेशन मिला। पुलिस हमसफर एक्सप्रेस में चढ़ी और ट्रेन में ही उसे घेर दिया गया था, लेकिन पकड़ नहीं पाई। क्योंकि वह भिलाई स्टेशन में उतरा, जहां पहले से ही सुवित कार लेकर खड़ा हुआ था। वहां से दोनों कार में बैठकर रायपुर के कमल विहार पहुंच गए। क्राइम ब्रांच की टीम भी दोनों के पीछे-पीछे कमल विहार पहुंची और मकान घेरकर छापा मारा। यहां से लवजीत, सुवित और ड्राइवर अश्वनी को पकड़ा गया। तीनों से पूछताछ के बाद बाकी आरोपियों को पकड़ा गया।

### रायपुर में रहकर नेपाल का सिम चला रहा था सुवित

पुलिस व जांच एजेंसियों से बचने के लिए लवजीत और सुवित दोनों वर्चुअल नंबर उपयोग कर रहे थे। दोनों नेपाल का सिम चला रहे थे और सिर्फ वाट्सएप कॉलिंग पर बातचीत करते थे। ऑर्डर भी ऑनलाइन लेते थे। लवजीत अपने साथी के खाते में पेमेंट लेता था। वहीं सुवित अपने ड्राइवर अश्वनी के खाते में पैसा लेता था।

### लोकेशन तय कर छोड़ते थे ड्रग्स, वीडियो भी बनाते थे

ड्रग्स का ऑर्डर करने वालों को कभी भी उनके हाथ में पार्सल नहीं छोड़ा जाता था। जैसे ही ऑर्डर आता था, पहले पेमेंट लेते थे। फिर ड्रग्स लेकर एक बंदा शहर में निकलता था। गार्डन, होटल, बस स्टैंड, स्कूल-कॉलेज किसी भी जगह पर पार्सल को रखते फिर उसका फोटो-वीडियो बनाते। वहां का लोकेशन सुवित को भेजा जाता।

**विधायक पर आरोप:** डीआईजी स्तर के अफसर करेंगे निगरानी

## कटारे पर दुष्कर्म मामले की दोबारा जांच होगी, सुप्रीम कोर्ट का आदेश

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

भिंड की अटेर सीट से कांग्रेस विधायक और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के सात साल पुराने मामले की जांच फिर से होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि जांच भोपाल रेंज के डीआईजी की निगरानी में हो, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। साथ ही कहा कि यदि कटारे जांच में सहयोग करते हैं तो फिलहाल उन्हें गिरफ्तार न किया जाए। यह आदेश मध्यप्रदेश सरकार की उस याचिका पर दिया गया, जिसमें हाईकोर्ट के 2 दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती दी गई थी।

### 2018 का है मामला

जनवरी 2018 में जर्नलिज्म की छात्रा ने हेमंत कटारे के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी की एफआईआर दर्ज कराई थी। बाद में कटारे की शिकायत पर छात्रा पर ब्लैकमेलिंग और अड़ीबाजी का केस दर्ज हुआ। 3 माह बाद छात्रा ने बयान बदलते हुए कहा कि कटारे निर्दोष हैं।

## डिजिटल सिग्नेचर से भ्रष्टाचार में संविदा कर्मी हुआ बर्खास्त

भास्कर न्यूज़ | पथरिया

जिला पंचायत के अंतर्गत 64 ग्राम पंचायतों में 'सुशासन तिहार' के नाम पर डिजिटल सिग्नेचर का दुरुपयोग कर 16 लाख 9 हजार 700 रुपए का गबन किया गया। मामले की खबर दैनिक भास्कर ने प्रकाशित की। खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लिया और जांच टीम का गठन किया। समिति की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में जिला प्रशासन ने संकाय सदस्य अनिल अमादिया की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह अनियमितता स्पष्ट हुई थी कि बिना पंचायत प्रस्ताव के सहमति के यह राशि 64 ग्राम पंचायतों में वितरित की गई। जांच में पाया गया कि संकाय सदस्य अमादिया ने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर ग्राम पंचायतों के ई-मेल के स्थान पर जनपद पंचायत का ई-मेल आईडी दर्ज किया, जिससे भुगतान जनपद पंचायत के ई-मेल पर ओटीपी के माध्यम से संभव हो सका। डिजिटल सिग्नेचर का दुरुपयोग कर यह भुगतान हुआ, जो वित्तीय अनियमितता और लापरवाही है। मामले में अनिल अमादिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब संतोषजनक नहीं मिला था।

**विधानसभा** • मेट्रोपॉलिटन रीजन के गठन का बिल पेश

## मेट्रोपॉलिटन रीजन के लिए सुप्रीम बॉडी, 200 करोड़ का फंड मिलेगा

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

सरकार ने भोपाल- इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन के गठन के लिए सोमवार को विधानसभा में मप्र महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 पेश किया। हर मेट्रो रीजन में महानगर योजना समिति और 12 सदस्यीय मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी बनेगी, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। नगरीय विकास, पंचायत, राजस्व मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। मुख्य सचिव समेत 9 वरिष्ठ अधिकारी और 3 स्थानीय प्रतिनिधि अथॉरिटी में शामिल होंगे। इसके तहत 16 सदस्यीय एक्जीक्यूटिव कमेटी बनेगी, जिसकी अध्यक्षता महानगर आयुक्त करेंगे। विकास के लिए राज्य सरकार 200 करोड़ रुपए की प्रारंभिक पूंजी और 100 करोड़ रुपए का डेवलपमेंट फंड देगी। अथॉरिटी को उपकर, शुल्क लगाने, संपत्ति बेचने व भूमि अधिग्रहण का अधिकार होगा।

**कारखाना, दुकान स्थापना संशोधन बिल**

### महिलाओं को मिलेंगे पुरुषों के समान अधिकार, कर्मचारियों की सहमति से तय होंगे काम के घंटे

राज्य सरकार ने कारखाना (मप्र संशोधन) विधेयक 2025 और दुकान तथा स्थापना (संशोधन) विधेयक 2025 भी विधानसभा में पेश कर दिया। इसके जरिये महिलाओं को भी पुरुषों के समान रात की पाली में काम करने, ओवरटाइम काम करने की छूट देने के साथ ही औद्योगिक जरूरतों के हिसाब से काम के घंटों में लचीलापन लाना है। दोनों विधेयकों पर मंगलवार को चर्चा होगी। कारखाना अधिनियम में अब उद्योगों को सप्ताह में काम के दिन और घंटे अपने हिसाब से तय करने का अधिकार होगा। पूरे सप्ताह काम की स्थिति में कुल काम के घंटे 48 से ज्यादा नहीं होंगे। सप्ताह में 6 दिन काम की स्थिति में प्रतिदिन काम के घंटे 9 से ज्यादा नहीं होंगे। 5 दिन की व्यवस्था में अधिकतम 10 घंटे, चार दिन में अधिकतम 11:30 घंटे काम कराया जा सकेगा।

**सम्राट विक्रमादित्य विवि होगा विक्रम यूनिवर्सिटी का नाम**

उज्जैन का विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय होगा। सोमवार को विधानसभा में मप्र विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 को पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विक्रम विवि के 29वें दीक्षांत समारोह में नाम बदलने की घोषणा की थी।

### जबलपुर : लैंडिंग के बाद प्लेन का टायर प्रेशर लीक

**जबलपुर** | डुमना एयरपोर्ट पर सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे मुंबई से आई इंडिगो की 180 सीटर एयरबस के उतरने के बाद पता चला कि उसके टायर से प्रेशर लीक हो रहा है। बताया गया है कि विमान लगभग फुल था और यात्रियों को उतारने के बाद जब उसे एप्रन में खड़ा करने ले जाया गया, तब टायर की खराबी सामने आई। डुमना एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर पांडे के मुताबिक जांच में पता चला कि कोई नुकीली वस्तु गड़ने की वजह से उससे हवा लीक हो रही है। जबलपुर में इसका सुधार संभव नहीं था। आनन-फानन में दिल्ली से टेक्निकल टीम बुलाई गई जिसके बाद सुधारा गया।

### ओबीसी आरक्षण : सरकार ने मांगी मोहलत, सुनवाई टली

**जबलपुर** | सुप्रीम कोर्ट में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण से जुड़े लंबित मामलों में सुनवाई टल गई। दरअसल, मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह और केएम नटराजन ने कोर्ट से निवेदन किया कि इस मामले में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता जिरह करेंगे, इसलिए, मोहलत दे दी जाए। इसके लिए सरकार ने एक आवेदन पेश किया था।



**सावन का अंतिम सोमवार**

## शिव के दरबार में श्रद्धा की डोर

## 50 हजार से ज्यादा ने किए भोजेश्वर महादेव के दर्शन

**रायसेन** | श्रावण के आखिरी सोमवार को भोजपुर स्थित प्राचीन भोजेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धा की अनोखी छटा दिखी। सुबह से ही शिवभक्तों का रेला मंदिर पहुंचना शुरू हो गया। दर्शन के लिए भक्तों को लाइन में करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच थानों का पुलिसबल तैनात किया गया था। एसडीओपी शीला सुराना ने बताया कि शाम तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के दर्शन किए।

**3 कांवड़ यात्रा पहुंचीं**

**05** बजे सुबह महंत पवन गिरि ने अभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए अंदर प्रवेश मिला। शाम छह बजे तक दर्शन का सिलसिला चलता रहा। 3 बड़ी कांवड़ यात्राओं में आए भक्तों ने भी अभिषेक किया।

### एक्ट्रेस बनाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**सूरजपुर** | युवती से दुष्कर्म के मामले के एक आरोपी को पुलिस बिहार के पटना जिले से गिरफ्तार कर सूरजपुर ले आई। पुलिस ने बताया कि चांदनी बिहारपुर थाना क्षेत्र की एक युवती ने एक जुलाई को आरोपी पटना बिहार निवासी चिंतामणी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराई थी। युवती से 2023 में इंस्टाग्राम पर पटना निवासी चिंतामणी से दोस्ती हुई। फिर मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने फिल्मों में हीरोइन और सिंगर बनाने का झांसा दिया। साथ ही हर महीने डेढ़ लाख रुपए देने की बात कही। युवती उसकी बातों में आकर पटना पहुंची। पटना में आरोपी ने उसे किराए के कमरे में रखा। मोबाइल छीन लिया। उसे अपनी कस्टडी में रखकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। एक महीने बाद युवती किसी तरह वहां से भागकर घर लौटी।

## पानी के तेज बहाव में 'खिसक गई' सड़क



**भिलाई** | तस्वीर भिलाई में धमधा ब्लॉक के ग्राम डोड़की से देवरकोना जाने वाली सड़क की है। देखने से ऐसा लग रहा है कि करीब 40 फीट लंबी सड़क का हिस्सा उठाकर बगल में रख दिया गया हो। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 68.47 लाख रुपए की लागत से बनाई गई थी। करीब 2 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण मेसर्स राजकॉन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 2023 के आखिर में किया। सकी मेंटेनेंस अवधि पांच साल निर्धारित है। तेज बारिश में पानी के बहाव से ये हालात बन गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की नींव कमजोर थी। फोटोः अजीत सिंह भाटिया

## जवान ने खुद को मारी गोली नक्सल मोर्चे पर था तैनात

**भिलाई** | नक्सल मोर्चे पर तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के जवान दिनेश सिंह चंदेल ने बटालियन के कैंप में सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वह प्लाटून कमांडर के पद पर तैनात थे। फिलहाल आत्मघाती कदम उठाने की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। मोहन नगर थाना क्षेत्र के हरि नगर में रहने वाले दिनेश अपने परिवार में दूसरी पीढ़ी के व्यक्ति थे, जो आर्म्स फोर्स में तैनात थे। पिता भी सीएएफ से रिटायर्ड हुए। उन्हें देखकर वे खुद फोर्स ज्वाइन किए। इसके बाद उनके छोटे भाई भी फोर्स में भर्ती हो गए। उनके परिवार में पत्नी और तीन लड़के हैं। घटना रविवार रात 10 बजे की बताई जा रही है। कोंडागांव के बयानार गांव में सीएएफ की दूसरी बटालियन का कैंप है, जहां प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने कैंप में अपने कमरे में जान दे दी। हालांकि दिनेश के आत्मघाती कदम उठाने के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। वहीं, कोंडागांव के एसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि घटना की असल वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी है।

**छत्तीसगढ़** • दो हादसों में चार लोगों की मौत, छह घायल भी

## रुद्रेश्वर महादेव को जलाभिषेक करने रुद्री आते 3 कांवरियों को कार ने रौंदा

भास्कर न्यूज़ | धमतरी

सावन के आखिरी सोमवार को रुद्रेश्वर महादेव में जल चढ़ाने आ रहे 3 कांवरियों को एक कार ने कुचल दिया। इस हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर घायल है। अर्जुनी थाना प्रभारी चंद्रकांत साहू ने बताया कि पीपरछेड़ी निवासी राहुल साहू (18), कन्हैया साहू (17) और मोक्ष साहू 3 अगस्त को रविवार की रात करीब 11.30 बजे कांवर लेकर रुद्रेश्वर धाम रुद्री आने निकले थे। अर्जुनी थाना क्षेत्र के तेलीनसत्ती के पास धमतरी-रायपुर स्टेट हाईवे पर अज्ञात कार ने तीनों को रौंदकर फरार हो गया। घायलों को दूसरे कांवरियों ने एंबुलेंस बुलाकर तीनों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान राहुल और कन्हैया की मौत हो गई।

### बेकाबू कार नाले में गिरी, दो की मौत



**फिंगेश्वर** | बिलाईगढ़ से भूतेश्वरनाथ मंदिर दर्शन के लिए निकले 5 युवकों की कार फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गई। रात में चालक को झपकी लगी, जिसके बाद कार बेकाबू होकर सरगी नाले में जा गिरी। टक्कर के बाद कार का दरवाजा लॉक हो गया। अंदर फंसे युवक पूरी रात बाहर निकलने की कोशिश करते रहे। सुबह ग्रामीणों ने कार का शीशा तोड़ा और सभी घायलों को बाहर निकाला। मृतकों में भटगांव निवासी लोकेश साहू (35) पंकज दास मानिकपुरी (38) शामिल है।

**पैचवर्क मौत का जाल, एनएचएआई हलफनामे देकर बच नहीं सकता**

## हाई कोर्ट ने कहा- रायपुर से सड़क के रास्ते आएं प्रोजेक्ट डायरेक्टर और मैनेजर

भास्कर न्यूज़ | बिलासपुर

बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे की बदहाली पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिवेक गुरु की डिवीजन बेंच ने सख्त रवैया अपनाते हुए एनएचएआई, रायपुर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और प्रोजेक्ट मैनेजर को मंगलवार को सड़क के रास्ते उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब सिर्फ एफिडेविट नहीं, जिम्मेदार अफसर की मौजूदगी जरूरी है। एनएच की तरफ से पक्ष रख रहे अधिवक्ता से सीजे ने कहा कि आप तो रोज रायपुर जाते होंगे, आपने इस सड़क की हालत देखी है? क्या चाहते हैं कि लोग उड़ते हुए निकलें इन स्टॉपर्स से? हाई कोर्ट ने सोमवार को जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग-130 की जर्जर स्थिति, अधूरी मरम्मत और सड़क पर पसरी गंदगी को लेकर नाराजगी जताई। सोमवार को एनएचएआई की तरफ से कोर्ट में हलफनामा देकर बताया गया कि तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव, मेलनाडीह और बेलतरा में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। पहले इनकी अनुमानित लागत 17.95 करोड़ थी, जो अब घटकर 11.38 करोड़ हो गई है। निर्माण स्थल की संयुक्त जांच भी हो चुकी है। टेंडर जारी हो चुका है। टेंडर मंजूर होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इस पर हाई कोर्ट ने कहा कि एनएचएआई की ओर से किए जा रहे कार्यों की निगरानी होगी।

**अपग्रेडेशन भी योजना में, डीपीआर अंतिम चरण में**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने भी सोमवार को शपथ पत्र देकर बताया कि रायपुर के धनेली चौक से नहराडा चौक तक 130-बी को अपग्रेड करने की योजना है, इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। जमीन का नामांतरण चल रहा है, जिसके बाद अंतिम डीपीआर, लागत, सामान्य प्रशासन विभाग और रेलवे से स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी होगी।

### ड्राइवर को जिस रिसॉर्ट में पीटा, उसे सील किया गया

**जगदलपुर** | उत्तरप्रदेश के ड्राइवर के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट के मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। सोमवार को पुलिस ने सबसे पहले उस रिसॉर्ट को सील कर दिया है जहां ड्राइवर के साथ मारपीट हुई थी। इसके बाद कबाड़ कारोबारी नितिन साहू की दुकान और गोदाम को भी सील करने की तैयारी कर ली गई है और किसी भी समय उसकी दुकान गोदाम सील हो सकती है। इसके साथ नितिन के दोस्त आयुष की संपत्ति की जानकारी भी जुटाई जा रही है। आरोपियों की संपत्ति सील करने के साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए भी टीमों का गठन किया गया है। एसपी महेश्वर नाग ने बताया कि हम आरोपियों की कुछ संपत्तियों को सील कर रहे हैं। इसके अलावा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है जो संभावित लोकेशन में दबिश दे रही है।

## पूर्व सीएम भूपेश की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार, कहा- हाईकोर्ट जाएं

**हर मामले की सुनवाई हम करेंगे तो बाकी अदालतों का क्या उपयोगः शीर्ष अदालत**

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि हर मामले की सुनवाई हम करेंगे तो बाकी अदालतों का क्या उपयोग रह जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वह दोनों की अर्जियों पर जल्द सुनवाई करे। साथ ही उनकी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कई सख्त टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा कि दोनों ने एक ही याचिका में पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने के साथ-साथ जमानत जैसी व्यक्तिगत राहत की मांग भी की है, जो उचित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भूपेश और चैतन्य के सीधे सुप्रीम कोर्ट आने पर भी सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जब किसी मामले में कोई प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होता है, तो वो सीधे सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है। अगर हम ही हर मामले की सुनवाई करेंगे, तो अन्य अदालतों का क्या उपयोग रह जाएगा? अगर ऐसा होता रहा तो फिर गरीब लोग कहां जाएंगे? एक आम आदमी और साधारण वकील के पास सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने की कोई जगह ही नहीं बचेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्रावधानों की वैधता को चुनौती देने के नाम पर याचिकाकर्ता सीधे अंतिम राहत नहीं मांग सकते।

**चैतन्य की बढ़ी रिमांड, 18 तक रहेंगे जेल में**

छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को सोमवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई को बाद कोर्ट ने चैतन्य की न्यायिक रिमांड बढ़ा दी है। चैतन्य बघेल को 18 अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 14 दिनों की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था।

### नाबालिग छात्रा को पुलिस ने लखनऊ से बरामद किया

**सूरजपुर** | प्रेमनगर थाना क्षेत्र की नाबालिग छात्रा को लखनऊ से बरामद कर सूरजपुर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। छात्रा परीक्षा देने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी तलाश की पर उसका कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। अज्ञात युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया। पुलिस ने गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कर अपहरण की धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला कायम किया। मालूम हो कि एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने महिला और बच्चों से जुड़े अपराधों पर गंभीरता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिसपर एसपी संतोष महतो और एसडीओपी नरेंद्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में प्रेमनगर पुलिस ने तकनीकी मदद से छात्रा की लोकेशन ट्रेस की। पता चला कि वह लखनऊ में है। इसके बाद पुलिस टीम लखनऊ रवाना हुई।



# कांवड़ियों की आभा से सोने-सी चमक उठी गलता

फोटो : महेन्द्र शर्मा

**जयपुर|** सावन के अंतिम सोमवार से पहले गलता का माहौल पूरी तरह धार्मिक हो गया। कांवड़ियों की आभा से गलताजी सोने की तरह चमक उठी। यहां पर हर तरफ 'हर-हर महादेव' की गूंज उठ रही थी। कहीं डीजे पर गूंजते भक्ति गीत सुनाई दिए तो कहीं तिरंगे के साथ लहराती नारीशक्ति। कहीं नेपाल-भारत की सांझी संस्कृति की झलक दिखाई दी। शहर जैसे शिव की बारात बन गया हो। जहां आस्था हर मोड़ पर मुस्कुरा रही थी और हर गली 'बोल बम' के जयकारों से गूंज रही थी।

- **श्री रंगेश्वर महादेव सेवा समिति,** जयपुर की ओर से 1100 कावड़ियों की कावड़ यात्रा में 500 कन्याओं ने भी भाग लिया।
- **बेटी पढ़ाओं''** से प्रेरित होकर बेटियां भगवा रंग की टी-शर्ट पहने दो लंबी कतार में एक के पीछे एक कदमताल करते और भोले के जयकारे करती हुई गलता से रवाना हुई।
- **यात्रा में ऊंट, घोड़े लवाजमा ओर गाजे-बाजों** के साथ में 500 कन्याएं कंधे पर कावड़ धामे चल रही थीं। वहीं 300 महिलाएं सिर कलश धारण किए थी।
- **यह कांवड़** यात्रा गलता गेट से रवाना होकर सूरजपोल, रामगंज, त्रिपोलिया, जयलाल मुंशी का रास्ता, नाहरगढ़ थाना, भाइयों का चौराहा होते हुए श्री रंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां महादेवजी का अभिषेक किया गया।






हत्या-आत्महत्या • पति ने हेलमेट मारा, पत्नी ने झूले की पाइप; पत्नी-प्रेमिका दोनों के साथ रहता था

## अहमदाबाद: अफेयर के झगड़े में पुलिस पति की हत्या कर पत्नी फांसी पर झूली

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

अहमदाबाद में एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का दुखद अंत आया है। मूलतः राजकोट, जसदण निवसी और वर्तमान में दानीलीमडा पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिसकर्मी मुकेश परमार का एक महिला पुलिसकर्मी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह कुछ दिन पत्नी के साथ और कुछ दिन प्रेमिका के साथ रहता था। इसे लेकर मृतक पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते थे। सोमवार को मामला बिगड़ने पर पति ने पत्नी संगीता पर हेलमेट से वार किया, फिर पत्नी ने पति को झूले की पाइप से मारा, जिसमें उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद पत्नी ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली। इस जानलेवा वारदात के समय उनका बच्चा घर में ही था और बाद में दरवाजा खोलकर बाहर जाकर पड़ोसी को सूचना दी तब पुलिस पहुंची। मृतक पुलिसकर्मी मुकेश परमार की ड्यूटी ए-डिवीजन ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में थी।

### बच्चे के सामने मां-बाप की मौत: महिला पुलिसकर्मी संग प्रेम संबंध थे



मुकेश परमार (मृतक पति)



संगीता परमार (मृतक पत्नी)

मृतक पुलिस कांस्टेबल मुकेश परमार का अहमदाबाद की पुलिस कांस्टेबल के साथ प्रेम प्रसंग था। मृतक कुछ दिन पत्नी के साथ और कुछ दिन महिला पुलिसकर्मी के साथ रहता था।। इस बात पर दोनों में झगड़े होते थे। पत्नी ने उसे मारा तो वह गिर पड़ा। पहले तो पत्नी को लगा कि वह बेहोश हो गया है, इसलिए उसने उसके शरीर के नीचे कपड़ा रख दिया क्योंकि खून बह रहा था। बाद में जब पत्नी को इसकी जानकारी हुई तो उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### DCP बोले- सुसाइड नोट मिली, घटना के समय घर में 7-8 साल के बच्चे मौजूद थे

प्राथमिक जांच में ऐसा लग रहा है कि मुकेश की मौत सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से हुई और उसकी पत्नी संगीता की मौत फांसी लगाने से हुई। इस पूरी घटना के दौरान उनके 7-8 साल के बच्चे घर में मौजूद थे और प्रत्यक्षदर्शी भी हैं। लड़कों से शुरुआती पूछताछ में उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच कल रात से झगड़ा चल रहा था। और यह घटना उनके सामने ही हुई। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है। फिलहाल, इस मामले की अलग-अलग एंगल से जांच की जा रही है।

### घटना के बाद बच्चे ने दरवाजा खोला, पड़ोसी को बताया और पुलिस पहुंची

जोन 6 के डीसीपी रवि मोहन सैनी ने बताया कि ट्रैफिक कांस्टेबल मुकेश परमार के सिर के पिछले हिस्से में चोट थी। पास में डंडा पड़ा था। और पत्नी संगीता फांसी पर लटकी मिली थी। पति के सिर पर गंभीर चोटें लगने के बाद, पत्नी संगीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब यह पूरी घटना हुई, तो दरवाजा अंदर से बंद था और बेटा यह सब देख रहा था। माता-पिता दोनों की मौत के बाद, डरे हुए बेटे ने दरवाजा खोला और पड़ोसियों को सारी बात बताई।

## ऊना: तेंदुए ने 2 वर्षीय बच्चे को नोच खाया, शव बरामद

**ऊना |** गिर सोमनाथ जिले के ऊना तालुका के भाचा गांव के पास खोडियारधार की झोपड़ी में पिता के बगल में सोए 2 साल के बच्चे को तेंदुआ उठा ले गया और नोच खाया। बेटे को बचाने के लिए पिता दौड़ा, लेकिन केवल शव ही हाथ लगा। बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। भूपत जीवा सोलंकी रविवार को रात करीब 1 बजे 2 वर्षीय बेटे राजवीर के साथ सोए थे, तभी तेंदुआ झोपड़ी में घुसा और बच्चे को गर्दन से पकड़ उठा ले गया।

## पशु परिचर भर्ती से रोक हटी, इसी माह रिजल्ट

**जोधपुर|** पशु परिचर भर्ती-2023 प्रक्रिया पर से हाई कोर्ट ने रोक हटा दी है। भर्ती में नंबरों को बराबर करने का तरीका गलत बताते हुए लगाई गई याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब 6433 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। जस्टिस रेखा बोराणा की कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भर्तियों की प्रक्रिया, जिसमें विशेषज्ञों की ओर से चुने गए मानकों का पालन किया गया, उसमें कोर्ट को हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं दिखा। इधर, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने कहा कि बोर्ड जल्द ही रिजल्ट जारी करेगा।

केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अकाउंट्स की राज्य के साथ मैपिंग होगी

## योजनाओं का पैसा अब दूसरे काम में नहीं खर्च हो सकेगा

**जयपुर|** केंद्र सरकार राज्य सरकार को भेजे जाने वाली राशि को लेकर मॉनिटरिंग का सिस्टम बना रही है। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए यह सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसमें केंद्र के अकाउंट हैड की मैपिंग राज्य के स्टेट बजट लिंक से की जाएगी।

इसके लिए केंद्र सरकार से आए निर्देश के अनुसार राज्य के वित्त विभाग ने योजनाओं से संबंधित विभागों से इस मैपिंग कार्य को पूरा करने को कहा है। कई विभागों ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मैपिंग का फायदा यह होगा कि योजनाओं की गति और फंड के समुचित उपयोग को लेकर केंद्र लगातार नजर बनाए रखेगा। कई बार केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के बजट का उपयोग राज्यों में संबंधित योजना के बजाय अन्य योजना या अन्य कार्य के लिए ट्रांसफर कर दिया जाता है। इससे योजना के क्रियान्वयन में देरी होती है।

लोकार्पण • ₹400 करोड़ की लागत से आमोद-रोजा-टंकारिया-मूलेर मार्ग विकसित होगा

## अंकलेश्वर: CM ने ₹639 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन किया, 46 किमी मार्ग फोरलेन बनेगा

भास्कर न्यूज़ | अंकलेश्वर



मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को भरूच जिले में आमोद-रोजा-टंकारिया-मूलेर के 46 किमी मार्ग को ₹400 करोड़ की अनुमानित लागत से फोरलेन और सुदृढ़ीकरण कार्य का ई-लोकार्पण किया। यह रोड फोरलेन होने से भविष्य में वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर वाहनों को दहेज तक पहुंचना और आसान हो जाएगा और ट्रैफिक का भार भी कम होगा।

मुख्यमंत्री ने भरूच जिला प्रशासन द्वारा आयोजित उद्घाटन-लोकार्पण विकास उत्सव में एक ही दिन में जिले के नागरिकों को एक साथ ₹367 करोड़ के 34 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इन विकास कार्यों में ₹576 करोड़ के सड़क संपर्क और सड़क सुधार कार्य शामिल हैं। इसके अलावा, भरूच जिले को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तालुका खेल परिसर, स्कूल कक्ष और भूमिगत सीवरेज योजना कार्यों की भी सौगात मिली है। भरूच को मिले इन विकास कार्यों से लोगों के जीवन में 'ईज ऑफ लिविंग' में वृद्धि होने का विश्वास दिलाया।

जयपुर से फलोदी गए थे सीएम भजनलाल, जांच शुरू हुई

## चूक : तय जगह से 5 किमी दूर उतारा सीएम को, दोनों पायलट हटाए गए



**जयपुर|** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विमान को गलत एयर स्ट्रिप पर उतारे जाने की जांच शुरू हो गई है। विमान को नियत एयरस्ट्रिप के बजाय 5 किलोमीटर दूर उतार दिया गया। घटना को मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक माना जा रहा है। विमान की उड़ान को अंजाम देने वाले पायलट व को-पायलट को हटा दिया गया है। घटना 31 जुलाई की दोपहर 1:18 बजे की है। मुख्यमंत्री फाल्कन-2000 चार्टर विमान से जयपुर से फलोदी गए थे। विमान को फलोदी एयरफोर्स स्टेशन पर उतरना था, लेकिन पायलटों ने विमान को फलौदी की सिविल एयरस्ट्रिप पर उतार दिया। उतारे जाने के तुरंत बाद अहसास हुआ कि यह गलती हुई है। उन्होंने विमान को फिर उड़ाया और करीब 5 किमी दूर स्थित फलोदी एयरफोर्स बेस पर लेकर गए।

### कंपनी ने कहा- एक जैसी स्ट्रिप थी इसलिए चूक

राज्य के सिविल एविएशन बेड़े में वर्तमान में एक भी विमान नहीं हैं। पूर्व में मौजूद हेलिकॉप्टर दुर्घटना के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। विमान भी पुराने हो चुके थे, जिन्हें बेच दिया गया। इसके बाद कई बार प्रक्रिया चलने के बावजूद खरीद को अंजाम नहीं दिया जा सका। ऐसे में सरकार उड़ान के लिए प्राइवेट कंपनियों से विमान व हेलिकॉप्टर किराए पर लेती है। इस यात्रा के लिए भी निजी कंपनी का चार्टर विमान आया था। यात्रा के बाद चार्टर कंपनी की ही रिपोर्ट से गलत एयरपोर्ट पर लैंडिंग का खुलासा हुआ। कंपनी का तर्क है कि इस चूक की वजह दोनों एयरस्ट्रिप की एक समान स्थिति है। दोनों एयरस्ट्रिप की रनवे दिशा, दृश्य विशेषताएं और भौगोलिक स्थिति मिलती-जुलती हैं, जिसके चलते पायलटों को भ्रम हुआ। चूंकि इस घटना को मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक माना गया है। ऐसे में दोनों पायलटों को ग्राउंडेड कर दिया गया है। वहीं डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने जांच शुरू कर दी है।

### दूसरी कंपनी के विमान से कर रहे यात्रा

सूत्रों ने बताया कि सीएम जिस कंपनी के विमान से अमूमन यात्रा करते हैं, उसे कंपनी ने पीरियोडिकल मेंटीनेंस के लिए दुबई भेजा है। ऐसे में सरकार अन्य कंपनी का विमान उपयोग कर रही है। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि कंपनी सीएम के अलग-अलग दौरों के लिए बदल-बदल कर विमान भेज रही है। सुरक्षा के लिहाज से यह भी गंभीर है।

## झूठ पर राजनीति करने वाले राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया आईना: जोशी



**जयपुर |** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राहुल गांधी बिना तथ्यों के गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर भी गलत बयानबाजी करते हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण है। चीन जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति करना और झूठ फैलाना न केवल गैर जिम्मेदाराना है, बल्कि देश की एकता और सुरक्षा के लिए भी खतरा है। राहुल गांधी ने बार-बार यह आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन हड़प ली है और सरकार कुछ नहीं कर रही। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की इन टिप्पणियों को गंभीर, तथ्यहीन और गैर जिम्मेदाराना बताया है, जिससे उनकी साख और मंशा दोनों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## प्रदेश के 30 मेडिकल कॉलेजों में प्रत्यारोपण की सुविधा होगी

**जयपुर |** प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में अंगदान और प्रत्यारोपण किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोगों का जीवन बचाया जा सके। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीष कुमार ने दी। वे सोमवार को एसएमएस अस्पताल में अंगदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर साल 10 हजार मौतें सड़क हादसों में होती हैं। इनमें से 10 प्रतिशत ब्रेन डेड व्यक्तियों का अंगदान भी संभव हो सके तो अंगों की प्रतीक्षा कर रहे अनेक रोगियों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि अंगदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है और दूसरों का जीवन बचाता है।

## डेलकर सुसाइड केस: सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

FIR रद्द करने के खिलाफ बेटे ने याचिका दायर की थी

भास्कर न्यूज़ | दमण

2021 में पूर्व लोकसभा सांसद मोहन डेलकर की आत्महत्या में उकसाने के आरोप में दानह, दमन और दीव के प्रशासक प्रफुल खोडा पटेल सहित 9 लोगों पर दर्ज FIR रद्द करने के आदेश के खिलाफ अपील की गई थी। इस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 8 सितंबर 2022 को 9 आरोपितों के खिलाफ मामला रद्द किया था। डेलकर की मृत्यु के बाद FIR दर्ज की गई थी। दानह से 7 बार सांसद डेलकर 2021 में मुंबई के एक होटल में मृत मिले थे। उनके कथित आत्महत्या नोट में परेशान करने और धमकाने का जिक्र था। पुलिस ने राजनीतिक हस्तियों-अधिकारियों पर कार्रवाई की थी। सोमवार को सुनवाई में वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, दिवंगत सांसद के पुत्र अभिनव डेलकर की ओर से पेश हुईं।

## चिड़िया घर के शेर, बाघ, लेपर्ड व भालू गोद ले सकेंगे

**कोटा |** वन्यजीव प्रेमी और संस्थाएं चिड़िया घर के जानवरों को गोद ले सकेंगे। इसके लिए उन्हें जानवरों का सालाना खर्च (खाने-पीने, रहने और इलाज) उठाना होगा। वन्यजीव विभाग की कैप्टिव एनिमल स्पॉन्सरशिप के तहत 13 प्रजातियों के करीब 85 से ज्यादा वन्यजीवों को गोद ले सकते हैं। डीएफओ अनुराग भटनागर का कहना है कि विभाग ने कैपिटल एनिमल स्पॉन्सरशिप लागू की है। इसके तहत बॉयोलॉजिकल पार्क में रहने वाले जानवर शेर, भालू, लेपर्ड, बाघ, हिरण, मगरमच्छ सहित अन्य वन्यजीवों को शामिल किया है। इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति या संस्था, ग्रुप, एनजीओ जानवरों को गोद (अडॉप्ट) ले सकते है। हमने हर जानवर का साल भर का खर्चा (रहने, खाने व इलाज का) मेंटिनेंस सहित निकाला हुआ है।

## निर्माणाधीन घर की दीवार गिरी, 3 मजदूरों की मौत

**रोहिड़ा (सिरोही)|** जिले के रोहिड़ा थाना क्षेत्र के भारजा में निर्माणाधीन मकान की दीवार सोमवार को भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से दो महिला सहित 3 मजदूरों की मौत हो गई। 3 घायल हो गए।

पिंडवाड़ा डीएसपी भंवरलाल चौधरी ने बताया कि भूराराम पुत्र भूबाराम का मकान बन रहा है। दोपहर 12:15 बजे दीवार अचानक ढह गई। वहां काम कर रहे 6 लोग दब गए। 3 की मौत गई है। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को



अस्पताल में भर्ती घायल मजदूर।

आबूरोड अस्पताल से सिरोही रेफर कर दिया। हादसे में भारजा निवासी पिपली उर्फ दीपली (40) पत्नी मोयला राम भील, काली पत्नी चुन्नीलाल और जोड़ फली वाटेरा निवासी दिनेश (18) पुत्र ओरसिया की मौत हो गई। मुगली (21), राजू (27) और शैतान (20) गंभीर घायल हैं।

### मिट्टी भर रहे थे मजदूर

निर्माणाधीन मकान में तीसरी मंजिल पर 8 मजदूर दीवार और मगरी के बीच मिट्टी भर रहे थे। इसी बीच दीवार गिर गई।

जांच • गुजरात के इतिहास में पहली बार कानून और व्यवस्था की स्थिति का आकलन निकालने का प्रयास संघवी ने किया

## पुलिस आपके साथ कैसा व्यवहार कर रही है? संतोषजनक उत्तर मिल रहा है? लोगों से फीडबैक ले रहे हैं गृह राज्य मंत्री

हीरेन भट्ट | राजकोट



गृह मंत्री कार्यालय से बोल रहा हूं। 'कैसे हैं? हम कानून और व्यवस्था की स्थिति का आकलन निकालने और पुलिस प्रशासन के कामकाज को और प्रभावी बनाने के लिए गुजरात के हर शहर के पत्रकारों, विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं से लेकर आम लोगों को फोन करके पुलिस की छवि और भूमिका के बारे में पारदर्शी राय ले रहे हैं। पुलिस प्रशासन के बारे में अपने अनुभव साझा करें, प्लीज। आपकी निष्पक्ष राय हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जा सकता है और खराब काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। आपके शहर में पुलिस का काम अच्छा है या बुरा? बेफिकर होकर बताइए, सही तस्वीर सामने आई तो पदोन्नति-तबादला या बर्खास्तगी तक के फैसले लिए जाएंगे।' ऐसे फोन गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी के कार्यालय से आ रहे हैं।

फिलहाल राज्य भर में कानून और व्यवस्था की स्थिति भले ही बिगड़ी हो, लेकिन गुजरात के इतिहास में पहली बार गृह मंत्री के कार्यालय से ऐसी राय लेकर पुलिस की कार्रवाई या छवि को सुधारने की कोशिश की जा रही है।

### 10 हजार लोगों की राय लेकर पदोन्नति-तबादले होंगे: संघवी

गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि राज्य में वास्तव में ग्राउंड रियलिटी क्या है, यह जानने के लिए लोगों की राय ले रहे हैं। यह प्रैक्टिस स्थायी बनाकर पूरा सिस्टम सुधारकर और सुदृढ़ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राजकोट, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा समेत राज्य भर के 10 हजार लोगों की राय का विश्लेषण करेंगे। इसके आधार पर पदोन्नति, तबादले या बर्खास्तगी तक के फैसले लिए जाएंगे।

### ये सवाल पूछे जा रहे हैं...

- क्या आपको पुलिस स्टेशन जाना पड़ता है? आपका अनुभव कैसा है?
- क्या आपको संतोषजनक जवाब मिलता है या नहीं?
- क्या पीएसआई और पीआई मौजूद रहते हैं या नहीं?
- पुलिस स्टेशन से उचित उत्तर न मिले और उच्च अधिकारी से मिलने जाना पड़े तो मुलाकात होती है या नहीं?
- पुलिस स्टेशन में शिकायत या मांग का आसानी से समाधान होता है या नहीं?

## पुणे में खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला धंसा, दो मजदूर फंसे

**पुणे |** पुणे में सिंहगढ़ रोड पर जल निकासी लाइन के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी का एक टीला धंस गया। इसमें दो मजदूर फंस गए। यह घटना उस समय हुई जब नांदेड़ शहर के टाउनशिप परिसर की दीवार के बाहर जल निकासी लाइन का काम हो रहा था। अग्निशमन विभाग के अधिकारी के अनुसार, मिट्टी के नीचे फंसे तीन मजदूरों में से एक को निकाल लिया गया है, जबकि दो अन्य को निकालने के प्रयास जारी हैं। निकाले गए मजदूर को तुरंत ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई। पुणे महानगरपालिका और पुणे महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (पीएमआरडीए) के अधिकारी बचाव अभियान चला रहे हैं।

## ईडी-इनकम टैक्स की तरह होगी पौधारोपण की जांच : वन मंत्री

### बंद लिफाफे में टीम को बताया जाएगा निरीक्षण कहां करना है

**चित्तौड़गढ़ |** प्रदेश में ईडी और इनकम टैक्स विभाग की तर्ज पर पौधों की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण होगा। मौके पर जाकर जिम्मेदारों को बंद लिफाफा सौंपा जाएगा, जिसमें टीम बताएगी कि कहां निरीक्षण करना है। वन, पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा- पौधों की देखभाल के लिए जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। पहली बार राज्य में सरकार के स्तर पर त्रि-स्तरीय मूल्यांकन प्रणाली बनाई गई है। पौधारोपण की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए सरकारी एजेंसियां और एक थर्ड पार्टी एजेंसी जांच करेंगी।

उन्होंने बताया कि पिछले साल केंद्र सरकार ने प्रदेश को 3 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य दिया था और हमने 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए थे। इस बार योजना का लक्ष्य बढ़ाकर 10 करोड़ पौधे लगाने का रखा गया है। रविवार देर रात तक 7 करोड़ 91 लाख पौधे रोपित किए जा चुके हैं। इस की पूरी जानकारी हरियालो राजस्थान वेबसाइट पर जियो टैगिंग फोटो के साथ अपलोड की गई है।

## प्रेरणा

छोटी-छोटी बातों में छुपी ख़ुशी खुद से मिलने का पहला कदम है।- **चार्ली चैप्लिन**

## संपादकीय

# आखिर किसकी इकोनॉमी नीचे की ओर जा रही है?

**ट्रम्प** ने भारत और रूस की इकोनॉमी को मृतप्राय बता दिया। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ने इतना बड़ा बयान देने के पहले तथ्य देखे और क्या स्वयं अमेरिकी अर्थव्यवस्था के तुलनात्मक आंकड़े परखे? अर्थव्यवस्था की मजबूती जीडीपी के आयतन और काल-विशेष में उसकी वार्षिक विकास-दर से आंकी जाती है। जीडीपी का बंटवारा समाज में उचित ढंग से होना सम्यक विकास का सूचक होता है। दुनिया में अगर कोई एक अर्थव्यवस्था पिछले कुछ वर्षों में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ रही है तो वह है भारत की। जीडीपी का आयतन भी कई वर्षों में अन्य देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ता हुआ भारत को तीसरे और चौथे स्थान तक पहुंचा चुका है। अगर अमेरिका की जीडीपी पिछले 30 वर्षों में मात्र चार गुना बढ़ी तो यह भारत, रूस और चीन का क्रमशः 11.6, 6.2 और 26.1 गुना रहा है। तो नीचे कौन जा रहा है? इसे दूसरे रूप में देखें तो अमेरिकी जीडीपी के प्रतिशत के रूप में जहां भारत की जीडीपी 30 साल पहले मात्र 4.7% थी, वहीं वह आज 13.7% है। इसी काल में रूस का प्रतिशत 4.7 था, जो आज 6.8 है। चीन की जीडीपी तो 30 साल पहले अमेरिकी जीडीपी की 9.7 प्रतिशत थी, जो आज 63 फीसदी है। कोई ताज्जुब नहीं कि अगर अमेरिकी अर्थव्यवस्था इसी तरह सुस्त रही तो चीन जल्द ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए।

## जीने की राह




**पं. विजयशंकर मेहता**

humarehanuman@gmail.com


# गुरु के पास जाएं तो मानकर चलें कि एक नया जन्म होगा

**शास्त्रों** में लिखा है- आचार्यो मृत्युः। यानी गुरु के पास जाने पर मृत्यु हो जाती है। हम जैसे होते हैं, गुरु के सान्निध्य में वैसे नहीं रह जाते। और वैसे हो जाते हैं, जैसा हमें होना चाहिए। यही पुनर्जन्म है। गुरु का प्रताप तो ये होता है कि पशु-पक्षी भी गुरु के सामने गुरुभाव से झुक जाते हैं। शिव जी पार्वती जी को बता रहे थे कि काकभुशुंडि जब कथा सुनाया करते थे तो उनके द्वार पर पक्षी आ जाते थे- बर तर कह हरि कथा प्रसंगा। आवहिं सुनहिं अनेक बिहंगा। बरगद के नीचे वह श्रीहरि की कथाओं के प्रसंग कहता तो वहां अनेक पक्षी आते और कथा सुनते। यह काकभुशुंडि जी के लिए कहा गया है। गुरु के पास जाएं तो वे हमें हरिकथा ही सुनाते हैं, चाहे गुरुमंत्र के रूप में हो। पशु-पक्षी को यदि गुरु की भाषा समझ आ सकती है तो हम तो मनुष्य हैं। इसलिए जब भी गुरु के सान्निध्य में जाएं तो मानकर चलें कि जो आप थे, शायद वैसे ना रहें। गुरु नया जन्म देगा। इसमें आड़े आएगा अहंकार। गुरु के सामने भी यदि अहंकार नहीं गिरा तो शायद जीवन में कभी परिवर्तन नहीं आएगा। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## विश्लेषण • बिहार चुनावों से पहले सौगातों की बौछार

# सरकारी खजानों में सेंध लगा रही है लोकलुभावन राजनीति

## सियासत




**आरती जेरथ**

राजनीतिक टिप्पणीकार

aratijerath@gmail.com


**नीतीश** कुमार ने हर महीने 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की एक और चुनाव-पूर्व लुभावनी घोषणा करके बिहार के राजनीतिक गलियारों में सुगबुगाहटें पैदा कर दी हैं। जो नीतीश 2015 के दिल्ली चुनाव में खुले तौर पर ठीक ऐसी ही घोषणा के लिए अरविंद केजरीवाल की आलोचना कर चुके हैं, अब उन्हीं के द्वारा ऐसा ऐलान बताता है कि चुनाव के वक्त पॉपुलिस्ट घोषणाओं के प्रति नेताओं का आकर्षण कितना बढ़ता जा रहा है। देखें तो चुनाव जीतने की अंधी दौड़ में सभी दल इसके आगे झुकते जा रहे हैं। चाहे महिलाओं को लुभाने के लिए उनके खातों में हर माह पैसा देने की बात हो या सरकारी नौकरियों का वादा, नेताओं को लग रहा है राज्यसत्ता उनकी निजी कंपनी है! समग्र विकास और वित्तीय अनुशासन को ताक पर रखकर मुफ्त रेवड़ियां बांटने की सीमाएं तोड़ दी गई हैं। यह प्रवृत्ति चुनावी तंत्र को तार-तार कर रही है और देश भर के राज्यों के खर्च पर भारी-भरकम बोझ डाल रही है।

गौर करें कि बिहार में चुनाव से कुछ ही माह पहले नीतीश ने जल्दबाजी में कितनी घोषणाएं कर डाली हैं : बिहार की मूल निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33% आरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन में तीन गुना बढ़ोतरी, एक करोड़ रोजगारों का सृजन, विद्यार्थियों को हर माह 4 से 6 हजार रुपए तक का स्टाइपेंड, महिलाओं को फ्री बस यात्रा और गरीबों को मुफ्त में आवास। इनमें से कई योजनाएं लागू हो चुकी हैं, इसलिए वोटरों को इनका फायदा और इसका बोझ तत्काल दिखने लगेंगे।

मसलन, चुनाव आने तक परिवारों को बिजली उपभोग के 'शून्य' भुगतान वाले तीन बिल मिल चुके होंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी से राज्य के खजाने पर इस साल 9000 करोड़ रु. का अतिरिक्त बोझ आने का अनुमान है। बसों में मुफ्त यात्रा से राजस्व नुकसान का अहसास धीरे-धीरे होगा। कर्नाटक में सत्ता में दो साल पूरा करने के बाद कांग्रेस सरकार को इसकी चुभन महसूस होने लगी है। विद्यार्थियों को स्टाइपेंड का हिसाब तो अभी किया ही नहीं।

बीते 20 वर्षों से बिहार की राजनीति में हावी नीतीश ने 'सुशासन' के लिए प्रतिष्ठा अर्जित की थी। हालांकि उन्होंने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की थीं, पर उनका रवैया एहतियात भरा रहा। उन्होंने अपनी योजनाओं को जरूरतमंदों तक सीमित रखा है, उद्देश्यहीन तरीके से सौगातें नहीं बांटीं। लेकिन वे मध्यप्रदेश से लेकर महाराष्ट्र और झारखंड तक सत्तारूढ़ सरकारों की हालिया चुनावों में हुई शानदार जीतों से बेखबर नहीं रह पाए। इन राज्यों में सत्तासीन दलों को निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए सफल योजनाएं लागू करने के कारण खासे वोट मिले थे।

कल्याणकारी राजनीति और लोकलुभावनी सियासत में बहुत अंतर है। कल्याणकारी राजनीति का मकसद गरीबों को सहारा देना होता है। भारत जैसे देश में- जहां अनुमानों के मुताबिक 20% आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करती है- वहां सरकारों को लोगों की मदद के लिए आगे आना होगा। वे लोगों को बाजार की ताकतों के भरोसे नहीं छोड़ सकतीं। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा लगता है कि जमीनी हकीकत से राजनीतिक दलों का नाता टूट चुका है। उनके पास ऐसे कार्यकर्ता और संगठन नहीं बचे, जो उन्हें वास्तविक फीडबैक दे सकें।

दिसंबर, 2024 में आरबीआई ने राज्यों के बजट पर जारी अपनी रिपोर्ट में 'फ्रीबीज' और रियायतों पर होने वाले खर्च में तेजी से बढ़ोतरी पर चिंता जताई थी। इसमें राज्य सरकारों को उनके सब्सिडी खर्च को

**नेताओं को समझना चाहिए कि चुनावी वादों से वोट जरूर बटोरे जा सकते हैं, लेकिन लंबे समय में वे लोकतांत्रिक राजनीति की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। चुनावी खुमार उतरने पर कठोर सच्चाई से सामना होता है।**

नियंत्रित करने और तर्कसंगत बनाने की सलाह दी गई थी, ताकि व्यापक महत्व की अधिक महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए पैसा कम ना पड़ जाए।

यही कारण है कि आज महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड या बिहार- सभी जगहों पर सरकारें खर्चों में नियंत्रण के लिए लाभार्थियों की सूची में छंटनी करने में लगी हैं, ताकि राज्य की देनदारियों का बोझ बहुत ना बढ़ जाए। महाराष्ट्र सरकार भी चुनाव जिताने वाली 'लाडकी बहिण' योजना से 26.34 लाख लाभार्थियों के नाम हटा चुकी है, क्योंकि वे अपात्र पाई गई थीं। झारखंड की 'मईयां सम्मान योजना' भी लड़खड़ा रही है और महिलाओं के खाते में पैसों का हस्तांतरण रुक-रुककर हो रहा है। कर्नाटक सरकार महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की योजना पर बढ़ते खर्च के कारण इस पर विचार कर रही है। दिल्ली सरकार अधिक राजस्व पाने के लिए जमीनों के दाम बढ़ाने के बारे में सोच रही है, ताकि चुनाव के समय पर किए गए वादे पूरे किए जा सकें। वेतनभोगी वर्ग भी नाराज है कि प्रतिस्पर्धी राजनीति में उन्हें कोई बिना लाभ दिए बिना पीछे धकेला जा रहा है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

## दूरदृष्टि • ट्रम्प को भारत द्वारा संदेश दिया जा चुका है

# आत्मसम्मान की कीमत पर अमेरिका से रिश्ते सम्भव नहीं

## देश-दुनिया




**लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन**

कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर


**वॉशिंगटन** में हवाओं के बदलते रुख से निपटना कभी आसान नहीं होता, खासतौर पर जब नेतृत्व की बागडोर ट्रम्प के हाथों में हो। भारत को लेकर ट्रम्प की भावनाओं में इधर एक नाटकीय बदलाव देखा जा रहा है, हालांकि यह न तो अप्रत्याशित है और न ही अभूतपूर्व। भारत-अमेरिका संबंधों का इतिहास ऐसे अनेक अवसरों से भरा रहा है। और इन सभी को जोड़ने वाला साझा सूत्र अपने राष्ट्रीय हितों और रणनीतिक गरिमा पर भारत का सदैव ही अडिग रहने वाला ध्यान है।

1990 के दशक की शुरुआत से ही भारत और अमेरिका की साझेदारी निरंतरता के साथ, लेकिन सावधानी से बढ़ी है। शीत युद्ध के बाद एकध्रुवीय विश्व की महाशक्ति के रूप में उभरे अमेरिका ने अपनी नजरें एशिया की ओर मोड़ ली थीं। लेकिन मैन्युफैक्चरिंग और आर्थिक क्षेत्र में एक दिग्गज के रूप में चीन के उदय ने वॉशिंगटन में खतरे की घंटी बजानी शुरू कर दी। इसकी तुलना में भारत में अमेरिका ने न केवल अपना एक लोकतांत्रिक समकक्ष देखा, बल्कि रणनीतिक भूगोल वाला एक विशाल राष्ट्र भी पाया, जिसकी सीमाएं चीन से लगी हुई थीं। वह हिंद महासागर क्षेत्र में भी प्रभाव रखता था। ये वही जलक्षेत्र है, जहां से चीन की ऊर्जा और व्यापार जीवन-रेखाएं गुजरती हैं।

लेकिन यह कभी भी बराबरी का रिश्ता नहीं रहा था। वर्षों तक अमेरिका भारत को लेन-देन के नजरिए से देखता रहा। सैन्य संबंध बढ़े, मालाबार जैसे संयुक्त अभ्यास नियमित हुए, तकनीक व खुफिया जानकारी के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार हुआ। पर अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को एक ही नजरिए से देखने की अपनी आदत नहीं छोड़ी। यह झूठी तुलना- खासकर कश्मीर में आतंकवाद के मुद्दे पर- विवाद का विषय बनी रही है।

इसके बावजूद 2005 के परमाणु समझौते ने विश्वास के बढ़े हुए स्तर का संकेत दिया। ऐसा लगा कि अमेरिका भारत को चीन के विरुद्ध संतुलन बनाने वाले देश से कहीं बढ़कर एशिया में नियम-आधारित व्यवस्था को आकार देने वाले एक साझेदार के रूप में भी देखने लगा था। लेकिन ट्रम्प के उदय के साथ ही चीजें बदलीं। सौदेबाजी के लिए अधीर और कूटनीतिक तकाजों से अनभिज्ञ ट्रम्प को उम्मीद थी कि भारत सहित दुनिया के तमाम देश दबाव में उनके सामने झुक जाएंगे। उन्हें लगा कि भारत व्यापार, टैरिफ और कूटनीति के क्षेत्रों में वॉशिंगटन की इच्छाओं का पालन सिर्फ इसलिए करेगा क्योंकि एक व्यापक हिंद-प्रशांत गठबंधन मौजूद था। यह उनकी एक बड़ी गलतफहमी थी, क्योंकि भारत अमेरिका के साथ साझेदारी केवल तभी करेगा, जब उसकी शर्तें उसके अपने राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध न हों। और ट्रम्प को इसके प्रति अपेक्षित सम्मान दिखाना होगा।

क्वाड में भारत की स्पष्ट भूमिका और हिंद महासागर में उसके सहयोगी रुख के बावजूद ट्रम्प ने भारत पर आक्रामक दबाव बनाना शुरू कर दिया- व्यापार की शर्तों पर, बाजारों तक पहुंच पर और तकनीकी-नीति पर। हाल ही में ट्रम्प खेमे ने ऑपरेशन सिंदूर के इर्द-गिर्द एक कहानी गढ़ी कि उसमें अमेरिका द्वारा हस्तक्षेप किया गया था। भारत द्वारा तुरंत और दृढ़ता से खारिज किए गए इस दावे ने ट्रम्प को व्यक्तिगत रूप से आहत किया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ युद्धविराम का फैसला किसी बाहरी ताकत के दबाव पर नहीं लिया गया था। पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व के प्रति ट्रम्प की बढ़ती गर्मजोशी ने भारत-अमेरिका सम्बंधों में असहजता को बढ़ा दिया है। असीम मुनीर के साथ हाल ही में हुए

**भारत अमेरिका से अपने संबंधों को महत्व देता है। लेकिन आपसी रिश्तों के प्रति हमारी प्राथमिकताएं अपने सम्प्रभु निर्णयों से समझौता करने या अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव में गलतबयानी को स्वीकारने की कीमत पर नहीं कायम रह सकतीं।**

हाई-प्रोफाइल लंच ने दिल्ली में सबको चौंकाया।

भारत के लिए यह निराशाजनक भले हो, लेकिन अस्थिर करने वाला नहीं है। वह जानता है कि अमेरिकी विदेश नीति- खासकर ट्रम्प के शासनकाल में- तात्कालिकता से प्रेरित है, दीर्घकालिक दृष्टिकोण से नहीं। वह यह भी जानता है कि भारत की ताकत किसी एक शक्ति के साथ जुड़ने में नहीं, बल्कि निर्णय लेने की अपनी स्वायत्तता बनाए रखने में है। यह क्षण इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस पुरानी सच्चाई की पुष्टि करता है कि भारत पर दबाव नहीं डाला जाएगा। रणनीतिक साझेदारियां दबाव पर नहीं बनतीं; वे आपसी सम्मान पर टिकी होती हैं। भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को महत्व देता रहेगा। वह रक्षा सहयोग, तकनीकी तालमेल और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण के महत्व को समझता है। लेकिन ये प्राथमिकताएं सम्प्रभु निर्णयों से समझौता करने या अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव में गलतबयानी को स्वीकारने की कीमत पर नहीं हो सकतीं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**


दैनिक भास्कर

अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।


# © The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

## इकोनॉमी • ट्रम्प सरकार की आय का नया स्रोत, नए प्रावधान से गरीबों पर बोझ पड़ेगा, इनकम टैक्स में अमीरों को राहत

# अमेरिका को टैरिफ से पिछले माह 13 लाख करोड़ रुपए की आय

एंड्रयू ड्यहेरन

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प के भारी टैरिफ से अमेरिकी सरकार को बहुत ज्यादा आय होने की शुरुआत हो गई है। भारी कर्ज में लदे देश के लिए यह आमदनी का नया स्रोत है। अमेरिका इस पर आगे जाकर निर्भर भी हो सकता है। ग्लोबल ट्रेडिंग सिस्टम को नया रूप देने के लिए ट्रम्प ने अमेरिका के व्यापारिक भागीदारों पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। इनमें से कुछ 7 अगस्त से लागू होंगे। नए टैरिफ लागू होने से पहले ही इस साल आयातित सामान पर टैक्स राजस्व में नाटकीय बढ़ोतरी हो चुकी है। वैसे टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी। मूल्य बढ़ने से अमीरों को फायदा होगा लेकिन ज्यादा नुकसान गरीबों को होगा।

ट्रेजरी डेटा के अनुसार कस्टम और एक्साइज ड्यूटी से जुलाई में 13.30 लाख करोड़ रुपए की आय हुई है। यह पिछले वित्तीय वर्ष में इसी समय हुई 6.82 लाख करोड़ रुपए की आय से लगभग दोगुनी है। अधिकारियों का कहना है, इससे पिछले माह संसद (कांग्रेस) में पास लगभग 297 लाख करोड़ रुपए की टैक्स कटौतियों की भरपाई में मदद मिलेगी। रोजगार की स्थिति पर कमजोर साप्ताहिक रिपोर्ट आने के थोड़ी देर बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा, अच्छी खबर है कि टैरिफ से अमेरिका को अरबों रुपए मिल रहे हैं।

विश्लेषकों का गणित है, यदि टैरिफ जारी रहे तो अगले दशक में 175 लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त आय होगी। दूसरी ओर अर्थशास्त्रियों का अनुमान है, ऐसा नहीं होगा। अमेरिका नए टैरिफ छोड़ देगा। लेकिन, कुछ मानते हैं कि इतनी भारी-भरकम आय छोड़ना मुश्किल हो सकता है। पेन्सिलवेनिया यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री जोआव गोम्स का कहना है, जब कर्ज और घाटा इतना ज्यादा है तब आय के स्रोत को छोड़ना बहुत कठिन होगा।

ट्रम्प के टैरिफ और टैक्स कटौतियों से अमेरिका आय पर टैक्स की बजाय वस्तुओं पर टैक्स से कमाई करेगा। इस बदलाव से गरीबों की तुलना में अमीरों को फायदा होगा। अधिकतर आय अमीरों के हिस्से में आती है इसलिए आय पर टैक्स में कटौती से उन्हें लाभ है। इनकम टैक्स और समाज कल्याण कार्यों पर खर्च में कटौती के प्रावधानों को बेहद पीछे जाने वाले फैसले माना जा रहा है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि अगर टैरिफ से हो रही आय को स्थायी स्रोत के रूप में स्वीकार कर लिया गया, तो अमेरिका के टैक्स स्ट्रक्चर में दीर्घकालिक बदलाव हो सकता है।

येल यूनिवर्सिटी बजट लैब के डायरेक्टर एर्नी टेडेसी का कहना है, आगे जाकर दोनों पार्टियों- रिपब्लिकन, डेमोक्रेटिक के राजनेताओं के लिए टैरिफ वापस लेना मुश्किल जाएगा। टैरिफ की वापसी से सरकार पर कर्ज और बढ़ेगा। सत्ता में लौटने पर डेमोक्रेटिक पार्टी के सामने नए कार्यक्रम लागू करने के लिए टैरिफ की आय इस्तेमाल करने का विकल्प मौजूद रहेगा।

© The New York Times

### अमेरिकियों को कैश देने पर विचार किया जा रहा





अमेरिका के सरकारी हलकों में टैरिफ की कमाई को खर्च करने के तरीकों पर विचार शुरू हो गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने अभी हाल में अमेरिकियों को कैश रिबेट देने की संभावना जताई है। इसके तहत खरीदी गई वस्तुओं पर मिला टैरिफ लोगों को लौटाया जाएगा। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी सीनेटर जोश हॉली ने अमेरिकियों को 600 डॉलर देने का विधेयक पेश किया है।

### 19वीं सदी में वापसी

ट्रम्प लंबे समय से आय पर टैक्स के स्थान पर दूसरे देशों से अमेरिका आने वाले सामान पर टैरिफ लगाने के हिमायती हैं। वे अक्सर 19वीं सदी की अमेरिकी वित्तीय नीति का हवाला देते हैं। उस वक्त इनकम टैक्स नहीं था। सरकार टैरिफ पर निर्भर थी।

### अमीरों को ज्यादा फायदा

विदेशों से आयात सामान पर नए टैक्सों से रोज काम आने वाली चीजों के मूल्य बढ़ेंगे। कम आय वाले अमेरिकी अपनी आय का काफी हिस्सा ऐसी वस्तुओं पर खर्च करते हैं। टैरिफ बढ़ने से धनवान अमेरिकियों के मुकाबले उन पर ज्यादा टैक्स लगेगा।

### महंगाई बढ़ना शुरू

उपभोक्ता सामान पर मूल्यों पर टैरिफ का असर पड़ने लगा है। कई कंपनियों ने बताया कि लागत बढ़ने से उन्होंने कीमतें बढ़ाना शुरू कर दिया है। वहीं इनकम टैक्स से सरकार की आय कम हो जाएगी।

## प्रवासी

# चीनी इमिग्रेंट्स छापों के डर से बाहर नहीं निकलते

एलीसिया चेन

**अमेरिका** में सैन फ्रांसिस्को, लॉस एंजेलिस, न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में इमिग्रेशन विभाग के छापों की वजह से चीन सहित अन्य देशों से आए इमिग्रेंट्स भयभीत हैं। कोविड लॉकडाउन के बाद जनवरी 2023 में चीन द्वारा अपनी सीमाएं खोलने के बाद 63 हजार से अधिक चीनी नागरिक अवैध रूप से दक्षिण सीमा पार कर अमेरिका आ गए हैं।

ज्यादातर चीनी इमिग्रेंट्स सेंसरशिप, प्रताड़ना जैसे कारणों से चीन से भागे हैं। लेकिन ट्रम्प सरकार की कड़ी कार्रवाई ने चीनियों को पसोपेश में डाल दिया है। लॉस एंजेलिस स्थित चीनी इमिग्रेशन वकील हुआंग शिओशेंग ने स्थिति को बहुत मुश्किल बताया है। उनका कहना है कुछ चीनी नागरिक कनाडा जाने या चीन लौटने का विचार कर रहे हैं। यदि अमेरिकी सरकार ने अवैध चीनी इमिग्रेंट्स को वापस चीन भेजा तो चीन सरकार उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चला सकती है। स्वेच्छा से लौटने वालों पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

© The New York Times

## कूटनीति • इजराइल और हमास अड़े

# गाजा में युद्धविराम की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल रहा

इसाबेल क्रेशनर | आरोन बॉक्सरमैन

**गाजा** में युद्धविराम के लिए चल रही वार्ता में ठहराव आ गया है। महीनों से इजराइली सरकार गाजा में 60 दिन के युद्धविराम और कुछ बंधकों की रिहाई के करार पर जोर दे रही थी। वह स्थायी तौर पर युद्ध खत्म करने का मुद्दा बाद में वार्ता के लिए छोड़ रही थी। अब अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने सभी पहलुओं पर एक साथ समझौता करने के संकेत दिए हैं। लेकिन, इजराइल और हमास का रुख एकदम अलग होने से दिक्कत है। विश्लेषकों का कहना है, इस नए रुख को भी कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

इजराइल सरकार पर बंधकों की रिहाई के लिए देश में दबाव बढ़ रहा है। इजराइल को विश्वास है, गाजा में लगभग बीस बंधक जीवित हैं। 30 अन्य के शव वहां मौजूद हैं। पिछले दिनों जारी वीडियो में दो जीवित बंधक बहुत कमजोर दिख रहे थे। इससे बंधकों के परिवार भयभीत हैं। मिडिल ईस्ट के लिए अमेरिका के दूत स्टीव व्हिटकॉफ ने शनिवार को इजराइली बंधकों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प अब सभी बंधकों की रिहाई एक बार में कराना चाहते हैं। व्हिटकॉफ ने कहा, हम अलग-अलग चरण में कोई समझौता नहीं चाहते हैं। उनका कहना है, या तो हर मुद्दे पर समझौता हो या फिर कुछ नहीं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ट्रम्प एक नए प्रस्ताव पर काम कर रहे हैं। इसके तहत हमास को अल्टीमेटम दिया जाएगा। हमास को फिलिस्तीनी कैदियों के बदले सभी बंधकों को रिहा करना होगा। युद्ध खत्म करने की शर्तें मानना होंगी। हमास से सभी हथियार छोड़ने कहा जाएगा। ऐसा न होने पर इजराइली सेना अपना अभियान जारी रखेगी।

© The New York Times

### अलग-अलग रुख

हमास ने एक बयान में कहा कि फिलिस्तीन देश की स्थापना होने तक हमास हथियार नहीं छोड़ेगा। पिछले सप्ताह अरब देशों ने हमास से हथियार डालने की अपील की थी। दूसरी ओर इजराइल सरकार अलग फिलिस्तीन देश के खिलाफ है।

## बिजनेस

# यूएस में ईवी कारों की बिक्री 1.5 फीसदी बढ़ी

जैक इविंग

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प की सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों पर रियायतें वापस लेने से अमेरिका में उनकी बिक्री धीमी पड़ गई है। इलेक्ट्रिक की बजाय पेट्रोल, डीजल और गैस से चलने वाले वाहन ज्यादा बिक रहे हैं।

पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन की सरकार का लक्ष्य था कि 2030 से बिकने वाली नई कारों में से आधी कारें इलेक्ट्रिक हों। उन्होंने एक ईवी पर 7500 डॉलर की छूट दी थी। कर्ज की शर्तें भी आसान बनाई थीं।

रिसर्च फर्म कॉक्स ऑटोमोटिव के अनुसार साल के पहले छह महीनों में अमेरिका में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सिर्फ 1.5 प्रतिशत बढ़ी है। लेकिन दुनियाभर में 91 लाख ईवी बिके हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 28 प्रतिशत ज्यादा है। जनरल मोटर्स की सीईओ मैरी बारा कहती हैं, तेजी से बढ़ते ईवी बाजार की अनदेखी करने वाले कारमेकर दस साल बाद बिजनेस में नहीं रहेंगे। लंबी अवधि में ईवी का प्रोडक्शन फायदेमंद साबित होगा।

© The New York Times

## बहस • टेक्नोलॉजी की अपनी सीमाएं

# एआई से नई बौद्धिक क्रांति होने की संभावना तो बिलकुल नहीं है

डेविड बेल

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफेसर

**क्या** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से ज्ञान के नए युग (एनलाइटनमेंट) जैसी बौद्धिक क्रांति हो सकती है? कई अति उत्साही लोग ऐसा दावा करते हैं। वे मानते हैं, अंततः एआई से दूसरा ज्ञानोदय होगा। इतिहासकारों ने 18वीं सदी में यूरोप में हो रहे बौद्धिक उलटफेर को एनलाइटनमेंट कहा था। इनसाइक्लोपीडी के लेखकों फ्रेंच गणितज्ञ ज्यां डी अलेमबर्ट और डेनिस दिदरो ने उसे एनलाइटनमेंट का अकेला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट करार दिया था। दावा किया कि उससे विचार का सामान्य तरीका बदल जाएगा। 1751 और 1772 के बीच प्रकाशित इनसाइक्लोपीडी में 74 हजार लेख हैं। उसने मानवीय ज्ञान का नया सिस्टम सामने रखा था।

आज एआई समर्थक कहते हैं कि चैटजीपीटी आपको विदेशी भाषा से लेकर ऑटो मेकेनिक्स, अकाउंटिंग सहित सब कुछ सिखा सकता है। लेकिन अगर इस बात को देखे तो इसमें गहराई नहीं है। वास्तव में एआई एक कॉमर्शियल प्रोडक्ट है। लेकिन ज्ञान और चिंतन का संदेश देने वाले लेखक गहरे लेखन का महत्व समझते हैं। ऐसे लेखकों की महान रचनाएं पेचीदा, रहस्यमय उपन्यासों और संवादों के रूप में आती हैं। वे विरोधाभासी विचार पेश करते हैं। यह लेखन पाठकों को अपने निष्कर्ष निकालने के लिए विवश करता है। संक्षेप में एआई उपयोगी जानकारी, निर्देश, सहायता, मनोरंजन और सुविधा दे सकता है। लेकिन वह हम लोगों में ज्ञान के प्रकाश का उदय नहीं कर सकता है। दरअसल, वह तो ज्ञानोदय से और दूर ही ले जाने में हमारी मदद कर सकता है।

© The New York Times

### चैटजीपीटी चापलूसी करता है

कई रीडर्स का कहना है कि हम अपनी दिलचस्पी के मुताबिक सर्च करते हैं। चैटजीपीटी से बातचीत के दौरान हमने महसूस किया है कि वह चापलूसी करता है। वो हमेशा प्रश्न को अच्छा सवाल है कहता है। उसने कभी नहीं कहा कि प्रश्न गलत है।

## इस हफ्ते चर्चा में

# ओपनएआई का 3.50 लाख करोड़ का लक्ष्य



### 72 हजार करोड़ रुपए

जुटाए हैं ओपनएआई ने इस माह फंडिंग से। कंपनी के चीफ सैम आल्टमैन का लक्ष्य इस साल 3.50 लाख करोड़ रु. जुटाने का है।

### 1.5 प्रतिशत गिरावट

आई है कनाडा के जीडीपी में पिछले तीन माह के दौरान अमेरिका में कनाडा के प्रोडक्ट की मांग कम होने से।

### 5 लाख 47 हजार बैरल

रोजाना तेल उत्पादन करेंगे ओपेक प्लस के आठ देश सितंबर में।

# जनगणना के लिए फरीदाबाद में होगा प्री टेस्ट, वार्ड नंबर 24 चिह्नित किया

### कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए होगा ट्रेनिंग सेशन

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

भारत सरकार की ओर से 2027 में कराए जाने वाली जनगणना की तैयारी को लेकर जनगणना निदेशालय हरियाणा के निदेशक ललित जैन सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की मौजूदगी में अधिकारियों के साथ जनगणना की प्रस्तावना को लेकर पहली बैठक की। बैठक में एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर डा. विजयपाल यादव के अलावा सभी क्षेत्रीय कर अधिकारी मौजूद थे। जनगणना के लिए वार्ड नंबर 24 को प्री टेस्ट के लिए चिह्नित किया गया है।

निदेशक ललित जैन ने बैठक में बताया कि फरीदाबाद निगम क्षेत्र को जनगणना की प्री टेस्टिंग के लिए चुना गया है। इस दौरान तय किया गया कि नगर निगम के पुराने वार्ड 24 में जनगणना की पहली प्री टेस्टिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देश पर जनगणना का कार्य 2027 से शुरू होना है। जनगणना की प्रस्तावना को लेकर आयोजित पहली बैठक में निदेशक ने कहा कि भारत सरकार के जनगणना के इस कार्य में सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन का भी सहयोग लिया जाएगा।पहली बैठक में तैयारियों पर चर्चा के साथ-साथ इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिए नोडल ऑफिसर अतिरिक्त निगमायुक्त डा. विजयपाल यादव को नियुक्त किया गया। निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के अनुसार वार्ड 24 के लगभग 42 ब्लॉक के अंदर यह जनगणना का सर्वे किया जाएगा। इसमें सभी जोन के क्षेत्रीय कर अधिकारी इस कार्य के इंचार्ज ऑफिसर होंगे। जबकि लगभग 10 पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किए जाएंगे। लगभग 50 शिक्षकों की ड्यूटी भी इस कार्य में प्रगणक के रूप में रहेगी। उन्होंने बताया यह प्रीटेस्ट सितंबर 2025 में प्रस्तावित है। प्री टेस्ट से पहले इस कार्य को पूरा करने के लिए एक ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित किया जाएगा। इसमें इस कार्य को करने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।



फरीदाबाद। जनगणना बुकलेट को लांच करते निदेशक ललित जैन व निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा।

### जनगणना के लिए प्री-टेस्ट क्या होता है

प्री टेस्ट जनगणना प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जो वास्तविक जनगणना को सफल बनाने में मदद करता है। इसे पूर्व परीक्षण कहा जाता है। जनगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास है। यह सुनिश्चित करता है कि जनगणना के दौरान उपयोग किए जाने वाले उपकरण, प्रक्रियाएं और प्रणालियां सही ढंग से काम कर रही हैं। प्री टेस्ट में जनगणना के दौरान उपयोग की जाने वाली गतिविधियों जैसे प्रश्नावली, डाटा संग्रह उपकरण और प्रक्रिया और डेटा प्रबंधन प्रणालियों का परीक्षण किया जाता है। प्री-टेस्ट के दौरान संभावित त्रुटियों, समस्याओं और कमियों की पहचान कर उन्हें जनगणना से पहले ठीक किया जा सकता है। प्री टेस्ट में प्रश्नावली के प्रश्नों की स्पष्टता, समझ और प्रतिक्रिया की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है। प्री-टेस्ट में डाटा संग्रह की विधियों और उपकरणों का परीक्षण किया जाता है जैसे मोबाइल एप्लिकेशन या पेपर-आधारित फार्म।

### ताला तोड़कर चोर ढाई लाख और जेवरात ले गए

फरीदाबाद | सेक्टर-28 स्थित एक मकान का ताला तोड़कर चोर ढाई लाख रुपए और जेवरात ले गए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-31 थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित राहुल जिंदल परिवार के साथ ग्रीन फील्ड कॉलोनी में रहते हैं। उनका सेक्टर-28 में मकान है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि रविवार को वह अपने मकान को देखने गए तो उसका ताला टूटा हुआ था। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। सीसीटीवी कैमरा जांचने पर पता चला कि 25 जुलाई की रात दो नकाबपोश युवक उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और 24 चांदी के सिक्के, सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब ढाई लाख रुपए ले गए।

# मेवात : कत्लखानों में मानकों की पालना संबंधी जांच करेगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

भास्कर न्यूज | नूंह

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरवीर सिंह ने मेवात में चल रहे सभी कत्लखानों की जांच के निर्देश दिए हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम निर्धारित मानकों की पालना की समीक्षा करेगी और मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले कत्लखानों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश बोर्ड को दिए गए हैं। ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में मौजूद पक्ष व विपक्ष के नेताओं ने बूचड़खानों का मामला राव नरबीर सिंह के समक्ष प्रमुखता से उठाया। बैठक में मौजूद दोनों कांग्रेस विधायक फिरोजपुर से मामन खान इंजीनियर व पुन्हाना से मोहम्मद इलियास ने कहा कि बूचड़खानों के कारण स्थानीय निवासियों का जीना दुश्वार हो गया है। इनसे उठने वाली भयंकर बदबू और मच्छर-मक्खियों के कारण आसपास के लोग घरों में भी नहीं टिक पा रहे हैं। बूचड़खाने खून और मांस युक्त गंदा पानी स्थानीय खेतों में छोड़ते हैं भूजल को भी दूषित कर रहे हैं। बैठक में मौजूद भाजपा नेताओं ने भी सुर में सुर मिलाया। इस पर उद्योग मंत्री ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आरओ आकांक्षा तंवर को कत्लखानों का निरीक्षण कर विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए।

स्कूल की जमीन के एक कोने को कब्जाकर उस पर कमरा बना लेने की शिकायत पर तुरंत एक्शन लेने के निर्देश देते हुए मंत्री ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि सरकारी जमीन पर एक इंच भी कब्जा है तो उसे खाली करवाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन की निशानदेही कर उसे कब्जामुक्त करवाकर रखें ताकि जरूरत पड़ने पर उसका सदुपयोग किया जा सके। एक मामले में शिकायतकर्ता के उपस्थित नहीं होने पर मंत्री ने उसके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। पिनगवां क्षेत्र में रेप की एक पुरानी शिकायत पर मंत्री ने शिकायतकर्ता को एसपी से मुलाकात करने के लिए कहा। उन्होंने अनुसूचित बस्ती में स्थित घरों के ऊपर से जाने वाली बिजली की तारों को हटवाने, गांवों में होने वाली जलभराव से तुरंत निजात दिलवाने के निर्देश दिए। बैठक में 24 शिकायतें रखी गई थी, जिसमें से 18 का मौके पर समाधान कर दिया गया जबकि छह शिकायतें लंबित रखी गई हैं। बैठक में सोहना से विधायक तेजपाल तंवर, वक्फ बोर्ड प्रशासक जाकिर हुसैन समेत काफी लोग मौजूद रहे।




ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में लोगों की शिकायतें सुनते उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह व साथ में विधायक तेजपाल।

### पोषाहार के नाम पर 54 हजार रूपए ठगे

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने आंगनवाड़ी केंद्र का कर्मी बनकर बच्चे के पोषाहार के लिए पैसा भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से 53,594 रुपए की ठगी कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के छपरा निवासी नन्हे कुमार ने बताया कि वह गुड़गांव के गांव बिनौला में रहता है। बीती 18 जुलाई की सांय उसके पास एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने बताया कि वह आंगनवाडी पोषाहार केन्द्र से बोल रहा है।

### साइबर क्राइम मानेसर ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

## टूर प्रोवाइडिंग कंपनी ने महिला से की ठगी

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में विदेश भेजने के नाम पर महिला से ठगी करने का मामला सामने आया है। बेटी के साथ विदेश घूमने की चाह में महिला को वेबसाइट के जरिए एक टूर प्रोवाइडिंग कंपनी ने चूना लगा दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक, सिकंदरपुर बढा निवासी मीनाक्षी यादव ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर ट्रेवरा ग्रुप टूर का विज्ञापन देखा। जिसके बाद अपनी बेटी के साथ वियतनाम घूमने का प्लान बनाया और टूर प्रोवाइडिंग कंपनी से संपर्क किया। उसने 23 फरवरी को संपर्क कर 26 फरवरी को दो टिकट बुक कराई। इसके लिए उन्होंने 5 हजार रुपए की राशि उन्हें भेज दी। दूसरी ईमेल प्राप्त होने के बाद उन्होंने करीब 62 हजार रुपए उन्हें भेजते हुए अपने व बेटी के सभी दस्तावेज उन्हें उपलब्ध करा दिए। उन्होंने वियतनाम जाने के लिए 25 मई की बुकिंग कराई थी जोकि उनका टूर 29 मई को पूरा होना था। आरोप है कि दस्तावेज और पेमेंट लेने के बाद उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में वीजा आ जाएगा। इसके लिए उनकी बात करण, मुस्कान और हरजस से हुई थी। शेष राशि का भुगतान करने के लिए वह लगातार उन पर दबाव बना रहे थे, लेकिन उन्होंने कंपनी की पॉलिसी के मुताबिक, यात्रा से 10 दिन पहले यह राशि देने के लिए कहा। आरोप है कि इसके बाद से न तो उनका कोई फोन आया और न ही उन्होंने कोई फान उठाया। ईमेल भेजने पर उनका जवाब आया कि आपको यह राशि 21 दिन में मिल जाएगी, लेकिन आज तक यह रकम वापस नहीं मिली है। इस पर उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नाबालिग बच्चियों से चोरी करवाने वाली दो महिला आरोपी गिरफ्तार

### महिलाओं से चोरी हुए तार के 19 बंडल बरामद

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

पालम विहार थाने की पुलिस ने नाबालिग बच्चियों से चोरी करवाने वाली दो महिला आरोपियों को बीते शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों महिला आरोपियों के पास से चोरी हुए बिजली की तार (तांबे के तार) के 19 बंडल बरामद किए हैं। महिला आरोपियों की पहचान कापसहेड़ा (दिल्ली) की समालखा झुग्गी निवासी साक्षी (20 साल) और सपना (25 साल) के रूप में हुई है। महिला आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि मामले में चोरी करने वाली दोनों बच्चियों में से एक बच्ची महिला आरोपी साक्षी की बहन है और एक बच्ची महिला आरोपी सपना की बेटी है। ये दोनों स्वयं कूड़ा-कबाड़ा चुगने का काम करती हैं और बच्चियों से जबरदस्ती ये काम व चोरी करवाती हैं। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि बीते शनिवार को एक व्यक्ति ने पालम विहार थाने में शिकायत दी थी कि गत 2 जुलाई को सेक्टर-22बी में निर्माणाधीन साइट से दो नाबालिग बच्चियों ने बिजली की तार (तांबे की तार) के बंडल चोरी किए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बिजली के तारों के बंडल चोरी करने वाली दोनों नाबालिग बच्चियों को काबू करके पूछताछ की। पूछताछ में बच्चियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने साक्षी और सपना के कहने पर बिजली के तार चोरी किए थे।

### संयुक्त छापेमारी कर दूध की गाड़ियों से लिए सैंपल

गुरुग्राम | सीएम फ्लाइंग व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मानेसर स्थित अमूल दूध प्लांट की गाड़ियों में दूध में मिलावट की सूचना के बाद सोमवार को तीन गाड़ियों पर छापेमारी कर दूध के सैंपल लिए। इस दौरान दूध की तीन वैराइटी के अलग-अलग सैंपल लिए गए। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. रमेश चौहान ने दी। डॉ. रमेश चौहान ने बताया कि मानेसर में स्थित अमूल दूध कंपनी के टैंकरों में मिलावट की सूचना मिल रही थी। इसके बाद सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग व सीएम फ्लाइंग हरियाणा के अधिकारियों के साथ मिलकर आईएमटी मानेसर के पास अमूल प्लांट को दूध सप्लाई करने वाली दूध के तीन टैंकरों पर संयुक्त छापेमारी की।

# महिला बंदियों के लिए वातावरण ऐसा हो, जो सुधार की दिशा में प्रेरित करे: रेणु

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने सोमवार को भोंडसी जेल का दौरा कर जेल प्रशासन द्वारा महिला कैदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला बंदियों की मूलभूत आवश्यकताओं, स्वच्छता, पोषण और पुनर्वास से जुड़ी योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान रेणु भाटिया सबसे पहले जेल की किचन पहुंचीं। उन्होंने वहां तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने भोजन बनाने की प्रक्रिया, सामग्री की स्वच्छता और बंदियों को दिए जाने वाले भोजन के पोषण मूल्य की भी जानकारी ली। इसके पश्चात महिला आयोग अध्यक्ष ने महिला बैरक का दौरा किया। यहां उन्होंने महिला बंदियों से सीधे संवाद कर उनके स्वास्थ्य, रहन-सहन और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महिला बंदियों के लिए वातावरण ऐसा होना चाहिए जो उन्हें मानसिक शांति दे और सुधार की दिशा में प्रेरित करे।महिला बैरक में स्थापित नर्सरी क्रेच का निरीक्षण करते हुए रेणु भाटिया ने छोटे बच्चों को फूड पैकेट्स वितरित किए और उनके पोषण स्तर की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जेल के सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का दौरा कर वहां चल रहे स्किल डेवलपमेंट प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि यहां आने वाली सभी महिला बंदियों को किसी न किसी व्यावसायिक या तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षित किया जाए, जिससे वे सजा पूरी होने के बाद आत्मनिर्भर बन सकें। रेणु भाटिया ने यह भी सुझाव दिया कि बंदियों को आध्यात्मिक गतिविधियों से भी जोड़ा जाए ताकि वे मानसिक रूप से सशक्त बनें।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक नरेश कुमार, उप अधीक्षक (सिक्योरिटी) संदीप कुमार, उप अधीक्षक (एडमिनिस्ट्रेशन) सत्यभान, उप अधीक्षक (वेलफेयर) संदीप डांगी, डॉ पूजा सहित जेल से अन्य स्टाफ मौजूद रहा।




### घर बुलाकर गोली मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

पिछले हफ्ते राजीव कालोनी में घर से बुलाकर युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन्हें अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। सेक्टर-58 थाने में यहीं के रहवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके भतीजे संदीप की मोनू व तुषार के साथ कुछ समय पहले कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में 27 जुलाई को मोनू अपने साथी ओमकार के साथ उनके घर के बाहर आया। इसके बाद उनके भतीजे संदीप को आवाज देकर बुलाया। जब संदीप उनके पास गया तो मोनू ने उस पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुन जब हमारा भतीजा पंकज उन्हें पकड़ने के लिए पीछे भागा तो आरोपियों ने उस पर भी फायर किया, लेकिन वह बच गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। संदीप को पसली में गोली लगी थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार सीआईए सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजीव कालोनी निवासी आरोपी मोनू (19) व ओमकार (19) को गिरफ्तार कर लिया।

# करंट लगने से व्यक्ति की मौत, एक साल पहले हुआ था रिटायर

भास्कर न्यूज | पलवल

गढ़ी विनोदा गांव निवासी एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक खेत पर रहता था। इसी दौरान ट्यूबवेल की मोटर में करंट आने से उसकी मौत हो गई। हथीन पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक सियाराम के बेटे दीपक ने बताया कि उनके पिता हरियाणा रोडवेज से एक वर्ष पहले रिटायर हुए थे। वह खेत पर बने कमरे में रहते थे। सोमवार सुबह बारिश होने से ट्यूबवेल की मोटर में करंट आ गया। काम करने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौत हो गई।


**जोहड नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पिंगोड खण्ड हसनपुर, जिला पलवल द्वारा अपनी पंचायत की कुमरगढा वाली जोहड की नीलामी/पट्टा आठ वर्ष के लिए पट्टे पर खुली बोली पर मछली पालन के लिए दिनांक 08.08.2025 को दोपहर 12:00 बजे सरकारी स्कूल गाँव पिंगोड में छोड रही है। इच्छुक व्यक्ति/बोलीदाता निश्चित तिथि समय व स्थान पर पहुँच कर बोली लगा सकते है। बोलीदाता को बतौर जमानत राशि मु0 50000/- रू जमा करानी होगी। अन्य शर्ते मौके पर सुनाई जाएंगी।

श्रीमती बबीता सरपंच
ग्राम पंचायत पिंगोड
खण्ड हसनपुर, जिला पलवल
मो0 9873004132

श्री बीरसिंह
ग्राम सचिव
मो0 9992717598



**OFFICE OF THE SPECIAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, CID**
**ASSAM. ULUBARI. GUWAHATI**
**NOTICE INVITING TENDER**

NIT No. E/I/178-2025/CID/(423843)/1100

Sealed tenders on plain papers, stating Curriculum Vitae with supporting documents and application fee of Rs. 500/- (Rupees five hundred only) through bank DD is invited from reputed advocates for temporary engagement as Legal Advisor to CID, Assam.

Tender details are available in the Assam Police website and in the office of the undersigned. Closing date of the tender is upto 2:00 pm of 28/08/2025, and will be opened on the same day.

Spl. Sr. Superrindent of Police, CID
Assam, Guwahati.

DIPR/C/DBS/241/5-Aug-25



**Mehsana District Co-operative Milk Producers' Union Ltd.**

Dudhsagar The Pride of India

Dudhmansagar Dairy, Manesar- 122505 Haryana
Phone.:8826111186,7574863554

**E-Tender/RFQ Notice**

| RFQ ID | Work Description | Last Date |
|---|---|---|
| 208797 | Re-tender of Sale of Scrap of various items used in Dairy Industry at various locations of Dudhmansagar and Dudhmotisagar Dairy on As is, Where is, What is Basis. | 18-08-2025 |

We regularly publish our RFQ's on **https://dudhsagar.nprocure.com/** and Tender's on **https://tender.nprocure.com/**
For details, refer RFQ/Tenders document available on above website.

Date: 05/08/2025 — I/C Managing Director



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि. वृत, नागौर (राज.)**

**निविदा सूचना संख्या 07/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस वृत के अधीन **बजट घोषणा योजनान्तर्गत अटल प्रगति पथ कार्य एंव मिसिंग लिंक/ नोन पेचेबल** उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे या अन्य राज्य सरकार/ केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://www.eporc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यवार UBN नम्बर निम्नानुसार है:— **NIB Code:- PWD2526A2184**

| SR. No | UBN No. | SR. No | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 01 | PWD2526WSOB07882 | 05 | PWD2526WSOB07886 |
| 02 | PWD2526WSOB07883 | 06 | PWD2526WSOB07887 |
| 03 | PWD2526WSOB07884 | 07 | PWD2526WSOB07888 |
| 04 | PWD2526WSOB07885 | 08 | PWD2526WSOB07889 |

DIPR/C/10679/25 — (बस्तीराम डिडेल) अधीक्षण अभियंता, सा.नि.वि. वृत, नागौर



**HIGH COURT OF JHARKHAND, RANCHI**

**Bids are invited from eligible recruitment Agencies for conducting the process of recruitment for the post of 'Legal Assistant' in the High Court of Jharkhand, Ranchi.**

Tender document containing the Scope of Work/ Services to be performed by the Recruitment Agency, is available on the Official website of the High Court of Jharkhand, Ranchi i.e. **www.jharkhandhighcourt.nic.in**, under the heading -"Tender".

**Opening date & time for submission of Tender Document : 04.08.2025 (10:00 A.M.)**

**Closing date & time for submission of Tender Document : 20.08.2025 (05:00 P.M.)**

**Dated: 30th July, 2025** — **Sd/- Registrar General**



**कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला - रायपुर (छ.ग.)**
e-mail - npkunra2016@gmail.com

क्र. / 557 / लो.नि.वि./ न.पं./ 2025-26 — कूंरा, दिनांक 01.08.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

**Main : Portal : http://eproc.cgstate.gov.in/UADD Portal : http://uad.cg.gov.in**

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 173052 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 01.08.2025 अंतिम तिथि 22.08.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा


# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को विभाजन विभीषिका दिवस आयोजन समिति के प्रदेश संयोजक एवं हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा की अध्यक्षता में बैठक हुई। भाजपा जिला कार्यालय में हुई इस बैठक में कार्यक्रम के प्रदेश कलस्टर प्रमुख और सभी जिलों के प्रमुख शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लोगों को लाने की जिम्मेदारी और खानपान की व्यवस्था पर चर्चा के बाद पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां देकर उन्हें दिशा निर्देश दिए गए। डा. मिड्ढा ने कहा विभाजन विभीषिका का यह आयोजन देश के बंटवारे के समय की उस भयावह त्रासदी को स्मरण करने का माध्यम बनेगा। 14 अगस्त को होने वाले इस कार्यक्रम के जरिए नई पीढ़ी को विस्थापितों के संघर्ष को बताया जाएगा। साथ ही कांग्रेस पार्टी की तुष्टिकरण की राजनीति से भी युवाओं को अवगत कराया जाएगा। मिड्ढा ने कहा यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और इसमें पूरे प्रदेश से लोग आएंगे। डा. मिड्ढा ने कहा इस दौरान 1947 में पाकिस्तान से आए शरणार्थियों द्वारा उस समय लाई गई वस्तुओं और चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।


**HARYANA TOURISM**

**Haryana Tourism Corporation Ltd,**
**SURAJKUND Faridabad -121009**
**AUCTION NOTICE**

Auction of the Condemned/ Unserviceable articles on "as & where is basis" at HTC Hotel Rajhans, Sunbird Surajkund, Faridabad, has been fixed for the 19th Aug, 2025 at 11:00 AM. & For HTC Hermitage Huts, Lake View & Design Galleries on 20th Aug, 2025 at 11:00 AM for the Items: Electrical & Electronics, Furniture & Fixture. Kitchen Utensils & Equipmetns, Linen & Miscellaneous Scrap .

**Terms & Conditions**

Interested bidders can inspect the material at site one day before the auction between 10:00 am to 5:00 pm.
II. The bidders has to deposit Rs 50000/- in cash as EMD before bid starts.
II. The successor bidder has to deposit the bid amount plus GST & lift the material within 2 days.
III. The Management reserve the right for termination of bid without prior notice.

**For any query, Please contact 9311533805.**

**Asstt. General Manager**
**Haryana Tourism, Surajkund**



**हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी**
नया लघु सचिवालय, द्वितीय तल, सेक्टर-1, पंचकूला।
ईमेल: hrerapkl-hry@gov.in, officer.rera.hry@gmail.com
वेबसाइट: www.haryanarera.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

**शिकायत संख्या 1151/2024 शीर्षक अनुसार**
**पूनम रानी (शिकायतकर्ता)**
**बनाम**
**रूर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड (प्रतिवादी)**

रुर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय 25 बी, जमरूदपुर, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली-110048 को नोटिस। उपर्युक्त शिकायतकर्ता ने आपके विरुद्ध उपरोक्त शीर्षक वाली शिकायत दर्ज कराई है। आपको नोटिस और शिकायत की प्रति भेजी गई थी, जो या तो सफलतापूर्वक वितरित नहीं की जा सकी या अस्वीकार कर दी गई। आपको हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, पंचकूला के समक्ष दिनांक 06.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे व्यक्तिगत रूप से या किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा उपस्थित होकर इसका उत्तर देने का नोटिस दिया जाता है। ऐसा न करने पर शिकायत का एकपक्षीय निपटारा कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, https://haryanarera.gov.in पर लॉग ऑन करें।

**प्रशासनिक अधिकारी (याचिका)**
हरेरा, लघु सचिवालय,
नया कार्यालय, ब्लॉक, दूसरी एवं तीसरी मंजिल,
सेक्टर-1, पंचकूला

2216/11/227/2026/37291/C/10/6

## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष एकादशी मंगलवार दोपहर 01:13 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 10, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 5 अगस्त।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** ज्येष्ठा नक्षत्र प्रातः 11:23 तक, इसके बाद मूल नक्षत्र रहेगा। ऐन्द्र योग प्रातः 07:24 तक, इसके बाद वैधृति योग रहेगा। विष्टि करण दोपहर 01:13 तक, इसके बाद बव करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** दोपहर 3:00 से 4:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : उत्तर दिशा :** यदि अत्यावश्यक कार्य हो तो गुड़ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** भद्रा दोपहर 01:13 तक, पवित्रा एकादशी व्रत, मंगला गौरी पूजन, झूलन यात्रा प्रारम्भ पूर्वाह्न में, गण्डमूल सम्पूर्ण दिनरात।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 09:15 से 10:54 तक चर का चौघड़िया, प्रातः 10:54 से दोपहर 02:12 तक लाभ व अमृत का चौघड़िया, दोपहर बाद 03:51 से सायं 05:29 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज मंगलवार को मसूर दाल, लाल वस्त्र दान करने एवं भौम देवता की लाल गंध, पुष्प, चंदन आदि से पूजा कर व्रत करने से सब प्रकार के कष्ट दूर होते हैं। आज एकादशी को भगवान हरि का पूजन कर व्रत करें, रात्रि जागरण करें, रात्रि समय भगवान को शयन कराएं तो हरि कृपा मिलती है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:57 | ज्येष्ठा | 4 | ताम्र | वृश्चिक | यू |
| 11:23 | मूल | 1 | ताम्र | धनु | ये |
| 17:50 | मूल | 2 | ताम्र | धनु | यो |
| 24:16 | मूल | 3 | ताम्र | धनु | भ |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 4, शुभ रंग काला :** प्रियजन से उपहार पाकर मन प्रसन्न होगा। सामाजिक जीवन में यश एवं ऐश्वर्य मिलेगा। अनावश्यक तनाव एवं आलस्य बना रहेगा। विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृष : शुभ अंक 2, शुभ रंग काला :** पारिवारिक मित्रों के साथ वक्त बिताकर खुशी होगी। साझेदारी में नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में चल रहा गतिरोध दूर होगा। बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो सकती है।

**मिथुन : शुभ अंक 8, शुभ रंग आसमानी :** विरोधियों को अपनी बात समझाने में सफल रहेंगे। अटके मामले सुलझाने का पूरा प्रयास करेंगे। परिणय चर्चाओं में सफलता मिलना मुश्किल है। विद्यार्थी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे।

**कर्क : शुभ अंक 6, शुभ रंग गुलाबी :** संतान के संबंध में शुभ समाचार मिलेंगे। कलाजगत से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। यात्रा में व्यर्थ परेशानी हो सकती है। धीमी शुरुआत के बावजूद अच्छी सफलता मिलेगी।

**सिंह : शुभ अंक 3, शुभ रंग नारंगी :** छोटी-छोटी बातों को तूल देने से रिश्ते बिगड़ सकते हैं। मित्रों के साथ वक्त बिताकर खुशी होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे। सोच-समझकर लाभदायी योजना में पूंजी निवेश करें।

**कन्या : शुभ अंक 1, शुभ रंग फिरोजी :** गुस्से में कही बात से बनता काम बिगड़ सकता है। आप पूरे मनोयोग से काम करेंगे और बेहतर सफलता प्राप्त करेंगे। दुविधा प्रगति में बाधक रहेगी। अधिकारियों से मेलजोल लाभदायी रहेगा।

**तुला : शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा :** बेहतर बदलाव के लिए हर वक्त तैयार रहेंगे। आकस्मिक लाभ के अवसर मिलेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने से सुकून मिलेगा। सकारात्मक सोच से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**वृश्चिक : शुभ अंक 7, शुभ रंग नीला :** प्रसन्नता के साथ दिन की शुरुआत होगी। जरूरी काम पहले करें आवश्यक सहयोग मिलेगा। दिखावे के चलते कर्ज लेना पड़ सकता है। नए काम की शुरुआत हो सकती है।

**धनु : शुभ अंक 4, शुभ रंग सफेद :** अनावश्यक टकराव एवं दौड़धूप बनी रहेगी। आय-व्यय में तालमेल बनाकर चलें, तनाव कम होगा। आपके सीधेपन का लोग फायदा उठाएंगे। निजी काम के लिए सिफारिश करवानी पड़ेगी।

**मकर : शुभ अंक 9, शुभ रंग पीला :** भाग्य भरोसे रहे तो लाभदायी योजना हाथ से निकल सकती है। मित्रमंडली के सहयोग से काम में आसानी होगी। लोककल्याण के कार्यों से जुड़कर खुशी मिलेगी। सफर में सावधानी बरतें।

**कुंभ : शुभ अंक 6, शुभ रंग स्लेटी :** आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम से उत्साहित रहेंगे। संतान की शिक्षा संबंधी परेशानी दूर होगी। अधिकारी आपकी कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे।

**मीन : शुभ अंक 2, शुभ रंग भूरा :** सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। भूमि-भवन अथवा वाहन के क्रय के आसार हैं। सामूहिक कार्यों में सबकी सलाह से फैसला लें। कारोबार के विस्तार की संभावना है।

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# सोशल मीडिया हीरो बनना है तो इस पर स्क्रॉलिंग बंद करें

यदि आप कॉलेज छात्र हैं और सोशल मीडिया पर लगातार स्क्रॉल करते रहते हैं, तो इससे पहले कि मैं आपको इसमें समय बर्बाद नहीं करने की हिदायत दूं, मेरा सुझाव है कि आप जोहरान ममदानी के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर नजर डालें। आप सोच रहे हैं कि यह व्यक्ति कौन है? जोहरान ममदानी भारतवंशी हैं, लेकिन उनका जन्म युगांडा में हुआ और वे अमेरिका में पले-बढ़े। वे पहले दक्षिण एशियाई पुरुष हैं, जिन्होंने पिछले महीने 33 साल की उम्र में न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के लिए चुने जाकर इतिहास रच दिया।

आपको उनका सोशल मीडिया क्यों देखना चाहिए? दो कारणों से। पहला, यह समझने के लिए कि उनकी राजनीतिक प्रचार शैली कितनी अलग है, जिसने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। न्यूयॉर्क के मेयर बनने की दौड़ में वे पूरे मैनहट्टन में पैदल चलते थे। जब पूरा अमेरिका वीकेंड की रात सड़कों पर होता है तो वे शुक्रवार की शाम 7 बजे से प्रचार शुरू करते और देर रात 2.30 बजे समाप्त करते। पैदल यात्रा के दौरान वे अपने फॉलोअर्स को बताते थे कि न्यूयॉर्कवासियों को ऐसा मेयर चाहिए, जिसे वे देख सकें, सुन सकें और यहां तक कि उस पर चिल्ला भी सकें। वे खुद किसी को साक्षात्कार नहीं देते, बल्कि अपने मतदाताओं का साक्षात्कार लेते थे। सोशल मीडिया पर उनकी इस उपलब्धि का वीडियो सामने आया, जिसमें न्यूयॉर्कवासी उन्हें सराह रहे हैं और गले लगा रहे हैं। कई लोग 'अगले मेयर' के लिए तालियां बजाते हैं। जून के आखिरी हफ्ते में वे प्राइमरी इलेक्शन जीत गए।

दूसरा कारण अधिक रोचक है। क्रिश्चियन समुदाय से न होने के बावजूद भी वे अश्वेत पादरियों, विशेष रूप से स्थानीय चर्च में सेवारत एक पादरी को, यह बताकर प्रभावित कर रहे थे कि वे पहले भी क्रिसमस पर जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उनके यहां आ चुके हैं। पादरी हैरान थे। वे सोचने लगे कि यह अन्य समुदायों का ध्यान खींचने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर किया गया दावा है। लेकिन जब उन्होंने पुराने टेप्स की जांच की तो वहां सच में जोहरान खाना परोसते दिख रहे थे। उस समय चर्च के लोगों को पता नहीं था कि वे कौन हैं। यह दिखाता है कि जोहरान ने बहुत पहले से राजनीति में प्रवेश करने की योजना बना ली थी। और अन्य समुदायों में कोई पहचान नहीं रखने वाले जोहरान ने अपना भरोसा बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

अब आप सोच रहे हैं कि ये चीजें आपके जैसे कॉलेज छात्रों की मदद कैसे करेंगी? मेरा एक सुझाव है। अपने मोबाइल फोन पर स्क्रॉल करना बंद करें और लोगों के साथ रहें। सड़कों पर नए लोगों से मिलें और उनसे फेस-टु-फेस बातें करें। इससे आपको उस समाज के बारे में बहुत सारा व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा, जिसमें आप रहते हैं। यह आपको समझने का मौका देगा कि बाजार में कहां गुंजाइश है और अपना शानदार करियर बनाने के लिए आप कौन-सा क्षेत्र चुन सकते हैं। एक विशेष थीम चुनें और अगर चाहें तो रील्स भी बनाएं।

उदाहरण के लिए अपने साथियों के साक्षात्कार लें कि वे नौकरियों में हावी हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से निपटने की क्या योजना बना रहे हैं। उन्हें अपनी साइट्स पर अपलोड करें। फिर दूसरे लोगों से अधिक आइडिया लेने के लिए लोग आपको भी स्क्रॉल करना शुरू कर देंगे। शुरू में यह विचार गैर-अनुभवी लग सकता है, लेकिन जैसे-जैसे आप अनुभवी होंगे, अपने सवालों और दूसरों के जवाबों को व्यवस्थित करना शुरू कर देंगे।

लेकिन यह सुनिश्चित करें कि जो थीम आप चुन रहे हैं, उसका उद्देश्य दूसरों की मदद करना और चैरिटी हो। याद रखें, जोहरान ने उन लोगों को भोजन परोसा, जिन्हें उसकी जरूरत थी। हो सकता है कि शुरू में लोगों का ध्यान आपकी ओर ना जाए, जैसे जोहरान पर नहीं गया था। इसमें समय लगेगा। निरंतरता ही स्थायित्व लाती है। और फिर वही निरंतरता धीरे-धीरे आपको सोशल मीडिया का चेहरा बनाने का अवसर दे सकती है।

**फंडा यह है कि दूसरों की रील्स स्क्रॉल करना बंद करें। विश्वविद्यालय के दिनों में अपने प्रोजेक्ट पूरे करने और उस बाजार को समझने के लिए लोगों से मिलें, जिसमें आप अपने कामकाजी जीवन की सेवाएं देने जा रहे हैं। यह पहल समय के साथ आपको एक ऐसा व्यक्ति बना देगी, जिसे लोग स्क्रॉल करते हों।**

# झुग्गी-झोपड़ी में हो रही कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीबों पर बुलडोजर चलाकर की जा रही कार्रवाई के विरोध में सोमवार को दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं दिल्ली विधानसभा के पास प्रदर्शन किया। इस अवसर पर देवेंद्र यादव ने कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विस्थापित झुग्गीवासियों से मुलाकात की और उन्हें वैकल्पिक आवास प्रदान करके उनका पुनर्वास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने झुग्गी वालों की आवाज संसद में उठाई, जिसके बाद रेखा गुप्ता सरकार ने निर्णय लिया है कि झुग्गी वालों को बिना वैकल्पिक आवास दिए झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारी को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारे छोड़ी, पुलिस और अर्धसैनिक बल के कर्मियों ने खींचातानी और धक्का की। देवेंद्र यादव को पुलिस ने हिरासत लेकर सब्जी मंडी पुलिस स्टेशन ले जाया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस दिल्ली की भाजपा सरकार से मांग करती है जिन गरीब लोगों की झुग्गियों उजाड़ी गई है उनको उन्हीं स्थानों पर बसाने को प्रावधान करें और दिल्ली में किसी भी झुग्गी को उजाड़ने से पहले उनके नजदीक ही वैकल्पिक आवास दिया जाना चाहिए।

# बाबा गरीबनाथ का सवा लाख रुद्राक्ष से हुआ भव्य श्रृंगार





**मुजफ्फरपुर** | सावन की चौथी व अंतिम सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ का रुद्राक्ष से महाश्रृंगार किया गया। इसके पहले शिवभक्तों ने मिलकर मंदिर की साफ-सफाई की। बाबा को पंचामृत स्नान कराया गया। सवा लाख रुद्राक्ष से बाबा का भव्य श्रृंगार कर साज-बाज के साथ सामूहिक आरती की गई। भक्तों ने झूमते-नाचते एक से बढ़कर एक भजन गाए। हर-हर महादेव व बोल बम के नारों से वातावरण गूंजता रहा।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** शिक्षण संस्थानों में मूल्यांकन का समय बदलेगा

# शिक्षण संस्थानों का नैक से मूल्यांकन अब पांच की जगह तीन साल में होगा

अभिषेक | भागलपुर

देशभर के उच्चतर शिक्षण संस्थानों का नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) से मूल्यांकन अब पांच की जगह तीन साल में होगा। यह व्यवस्था उन शिक्षण संस्थानों पर लागू होगी जिनका मूल्यांकन हो चुका है। ऐसे संस्थानों को अब अगले चरण का मूल्यांकन पांच की जगह तीन साल में कराना होगा।

जो संस्थान पहली बार मूल्यांकन कराएंगे उन्हें तीन साल के बाद फिर मूल्यांकन कराना होगा। नैक का यह नया सिस्टम अगस्त से प्रभावी होगी। नैक ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता सुधारने और बढ़ाने के लिए नैक समय-समय पर मूल्यांकन की प्रक्रिया में बदलाव करता रहा है। इससे पहले नैक ने व्यवस्था लागू की थी कि अब जिन संस्थानों का मूल्यांकन होगा उन्हें ग्रेड नहीं मिलेगा। इसकी जगह सिर्फ यह तय होगा कि संस्थान मूल्यांकित है या नहीं। अब नैक ने मूल्यांकन की अवधि में बदलाव करने का सिस्टम तैयार किया है। इसमें संस्थानों को रेटिंग दी जाएगी। यह रेटिंग सर्वश्रेष्ठ से निम्नतर के क्रम में की जाएगी। टीएमबीयू खुद और इसके कॉलेज भी मूल्यांकन की तैयारी कर रहे हैं। इन संस्थानों का पिछली बार हुए मूल्यांकन की अवधि पांच साल तक मान्य थी। यह अवधि बीत चुकी है और विवि सहित सात कॉलेजों का अगले चरण का मूल्यांकन होना है। इसकी तैयारी की निगरानी कर रहे टीएमबीयू के इंटर्नल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के समन्वयक प्रो. जगधर मंडल ने बताया कि नैक मूल्यांकन का तरीका बदल रहा है। संस्थानों को तीन साल में मूल्यांकन कराना होगा। हो सकता है कि जो संस्थान पुराने सिस्टम से मूल्यांकन कराना चाहें उन्हें इसका विकल्प भी मिले। नैक गाइडलाइन जारी करने वाला है। इसके बाद पूरी प्रक्रिया लागू की जाएगी।

### जल्द मिलेगा अनुदान, गुणवत्ता सुधरेगी

**भास्कर एक्सपर्ट**
प्रो. एलसी साहा, पूर्व वीसी, टीएमबीयू

- इस बदलाव की जरूरत क्यों पड़ी?

**जवाब-** पांच साल की अवधि अधिक थी। अगर किसी संस्थान ने बेहतर काम किया है तो उसे मूल्यांकन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था।

- इस बदलाव से संस्थान को क्या फायदा होगा?

**जवाब-** संस्थान का जल्दी-जल्दी मूल्यांकन होगा। उस पर बेहतर करने का दबाव रहेगा। नए निजी संस्थान बेहतर संसाधन के कारण ए ग्रेड पा जाते थे। सरकारी संस्थान पीछे रह जाते थे। अब इन्हें संसाधन बढ़ाना होगा। यूजीसी का फंड जल्द मिलेगा।

- छात्रों को क्या लाभ होगा?

**जवाब-** कॉलेजों में संसाधन बेहतर होंगे तो छात्र भी आकर्षित होंगे। उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता सुधरेगी। इससे नामांकन की संख्या भी बढ़ेगी।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** गन्ना का रकबा बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा

# प्रदेश में 25 के बजाय 15 किलोमीटर के दायरे में शुगर मिल लगाने की तैयारी

सुशील भार्गव | चंडीगढ़

हरियाणा में गन्ने का रकबा बढ़ाने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने हर 15 किलोमीटर के दायरे में एक शुगर मिल लगाने का प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजा है। कृषि विभाग ने केंद्र से मिल खोलने की अनुमति मांगी है। फिलहाल हर 25 किलोमीटर के दायरे में शुगर मिल हैं।

प्रदेश में पहले गन्ने की खेती ज्यादा होती थी, लेकिन धीरे-धीरे रकबा घट गया। अब गन्ने का रकबा दोबारा बढ़ाने के लिए हाल में कई शुगर मिलों में गुड़ बनाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। कई शुगर मिलों का नवीनीकरण किया है। प्रदेश में फिलहाल 14 चीनी मिल हैं। इनमें 11 सहकारी और 3 प्राइवेट हैं। पानीपत, रोहतक, करनाल, सोनीपत, शाहाबाद, जींद, पलवल, महम, कैथल, गोहाना, असंध में हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति व विपणन संघ लिमिटेड (हैफेड) के शुगर मिल हैं। नारायणगढ़, भादसों, यमुनानगर में प्राइवेट मिल हैं। उत्तर हरियाणा में अधिक गन्ना उत्पादन और दक्षिण-पश्चिम में कम गन्ना उत्पादन होता है। सरकार उत्तर हरियाणा के अधिक गन्ना उत्पादन वाले इलाकों में शुगर मिलों की संख्या बढ़ा सकती है।

### पानी की खपत के हिसाब से गन्ने की फसल बेहतर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बावल रीजनल सेंटर के निदेशक डॉ. धर्मवीर यादव का कहना है कि पानी के खपत के हिसाब से गन्ने की फसल बेहतर है। इसमें एकदम ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती। बीच-बीच में बारिश का लाभ मिल जाता है। गन्ने में दिया गया पानी जमीन में जाता है। वाष्पीकरण नुकसान कम होता है। गन्ने के साथ फसल विविधिकरण संभव है।

### इस बार 3.20 लाख एकड़ में गन्ने की बुवाई का लक्ष्य

प्रदेश में गन्ने का सामान्य रकबा 2.57 लाख एकड़ माना जाता है, लेकिन इस बार 3.20 लाख एकड़ में गन्ने की बुवाई का लक्ष्य रखा गया। अब तक 2.35 लाख एकड़ में गन्ने की बुवाई हो चुकी है। 2024-25 में 584.28 लाख क्विंटल गन्ने का उत्पादन हुआ। मिलों में 557.73 लाख क्विंटल गन्ना पहुंचा। सहकारी मिलों में 320.73 लाख क्विंटल गन्ने से 29.14 लाख क्विंटल तो प्राइवेट मिलों में 237 लाख क्विंटल गन्ने से 22.71 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन हुआ। प्रदेश में प्रतिवर्ष 6.5 लाख क्विंटल चीनी की खपत होती है।

पेज एक का शेष

### पुलिसकर्मी बनकर बस...

सुरेश कुमार अग्रवाल की जमीन वृंदावन में थी। इस जमीन के बेचने के बाद पैसे लेने रामप्रमेश्वर शर्मा वृंदावन गया था। वृंदावन के कपिल देव उपाध्याय से जमीन के बदले एक करोड़ रुपए लेकर वृंदावन के छटिकरा मोड़ स्थित नेशनल हाईवे-19 से राजस्थान रोडवेज में सवार होकर दिल्ली रवाना हुए।

बघौला गांव के पास बस में चढ़े थे लुटेरे : बघौला गांव फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर एक युवक बस के दरवाजे पर लटक गया और दूसरे ने दरवाजा खोल दिया। कुछ ही देर बाद गदपुरी थाने के तहत मीरापुर गांव के मोड़ के पास एक और युवक ने बस को रुकवा लिया। बस में आरोपियों ने पुलिसकर्मी बताकर बस में गांजा बेचने वाले नशा तस्कर की खोजबीन करने लगे। ये रामप्रमेश्वर शर्मा के रुपए से भरे बैग में गांजा भरने का आरोप लगाकर जांच की। विरोध करने पर दोनों बैग को कब्जे में लेकर उसे बस से नीचे खींच लिया।

### कोर्ट रूम लाइव... सिंघवी ने...

सिंघवीः राहुल अपनी बात और बेहतर ढंग से रख सकते थे। लेकिन, यह शिकायत उन्हें परेशान करने के लिए की गई है। आपराधिक शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले आरोपी को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। इस मामले में यह नहीं किया गया।

- ये दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर 3 सप्ताह में जवाब मांगा।

## बिजनेस प्लस

### केनरा बैंक ने हैकथॉन के फिनाले की मेजबानी की



**बेंगलुरु** | बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में केनरा बैंक ने वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय बैंक संघ के मार्गदर्शन में बेंगलुरु के एवी रामाराव ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय साइबर हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया। यह हैकथॉन दो वास्तविक चुनौतियों पर केंद्रित था- व्यवहार विज्ञान का उपयोग करके मोबाइल बैंकिंग सुरक्षा को मजबूत करना व विक्रेता परिवेश में ग्राहक PII डेटा को सुरक्षित करना। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ए.के.गोयल, आईबीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. सत्यनारायण राजू, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, केनरा बैंक हरदीप सिंह अहलूवालिया आदि मौजूद रहे।

### रेड चीफ ने लाइफस्टाइल में स्पोर्ट्स शूज लॉन्च किए



**चंडीगढ़** | फुटवियर ब्रांड रेड चीफ ने रेड चीफ स्पोर्ट्स शूज के लॉन्च के साथ फैशन व लाइफस्टाइल रेंज में प्रवेश करने की घोषणा की है। लेयान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज ज्ञानचंद्रानी ने कहा, 'हमने पाया कि बाजार में उपलब्ध स्पोर्ट्स शूज रेंज में स्टाइलिश और आरामदायक व परफॉरमेंस सब एक साथ और एक ही रूप में उपलब्ध है। इस कमी को दूर करने के लिए हम इन सभी के शानदार संयोजन वाली एक रेंज पेश कर रहे हैं। हमारे स्पोर्ट्स शूज में रनिंग, वॉकिंग, ट्रेनिंग शूज और लाइफस्टाइल स्नीकर्स शामिल हैं। शुरुआत में हमारा ध्यान पुरुषों पर है, इसके बाद हम महिलाओं के लिए भी लॉन्च करेंगे।'

### पावरकॉम और ट्रांसको ठेका मुलाजिमों की आज हड़ताल, मंत्री ईटीओ को घेरेंगे

**पटियाला** | पावरकॉम और ट्रांसको ठेका मुलाजिमों की मांगों को लेकर 5 अगस्त को हड़ताल रहेगी। पावरकॉम में ठेका मुलाजिमों की संख्या 5 हजार है, जो फील्ड में फॉल्ट ठीक करने में अहम भूमिका निभाते हैं। यूनियन ने कहा कि पावरकॉम ठेका मुलाजिम लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं, पर सुनवाई नहीं है। उन्होंने सरकार से नियमितीकरण, नौकरी की सुरक्षा, बेहतर वेतन और सुविधाओं की मांग की है। हड़ताल से सबसे ज्यादा असर ग्रामीण इलाकों में पड़ सकता है, क्योंकि वहां सप्लाई की निर्भरता फील्ड कर्मियों पर ज्यादा है। यूनियन ने बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ का घेराव करने का एलान किया है।

### हाईवे पर हरभजन मान की गाड़ी पलटी, 4 जख्मी

**कुरुक्षेत्र** | प्रसिद्ध पंजाबी गायक एवं अभिनेता हरभजन मान, उनके बेटे अवकाश सोमवार तड़के साढ़े 4 बजे पिपली के पास सड़क हादसे में घायल हो गए। कार सवार चारों लोगों को चोट लगी है। गनीमत रही कि हरभजन मान व उनके बेटे को ज्यादा चोट नहीं लगी। उन्हें मोहाली के फोर्टिज अस्पताल में भर्ती कराया है। दिल्ली से मोहाली लौटते हुए उनकी कार हाईवे पर बैठी एक गाय से टकराकर पलटी गई।

**ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी हिसार** | भारत की जासूसी के मामले में आरोपी ट्रैवल ब्लॉगर ज्योति मल्होत्रा की वीसी के माध्यम से सोमवार को अदालत में पेशी हुई। उसे फिर से 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बचाव पक्ष के वकील कुमार मुकेश ने बताया कि अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। उसकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। प्रकरण में हिसार पुलिस ने अभी तक अदालत में चालान पेश नहीं किया है

# सराज के छतरी में अनियंत्रित कार गहरी खाई में गिरी, 3 लोगों की मौत, दो घायल

### जंजैहली छतरी सड़क पर रविवार रात को पेश हुआ हादसा, सुबह चला पता



**गोहर**। आपदा के बाद सराज विधानसभा क्षेत्र हादसे कम नहीं हो रहे हैं। रविवार देर रात जंजैहली-छतरी सड़क पर छतरी के पास कार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 2 घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक अल्टो कार में सवार 5 लोग करसोग से अपने घर छतरी जा रहे थे। छतरी पहुंचते ही जंजैहली-छतरी सड़क धंस गई, जिससे कार नियंत्रण खोकर गहरी खाई में जा गिरी। सुबह जब किसी को हादसे का पता चला तो बचाव कार्य शुरू हुआ। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई थी। दोनों घायल का नैरचौक के लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है जिसमें एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में देवदत्त (37) पुत्र संतराम गांव गागन, मंगल सिंह (39) पुत्र धान सिंह गांव तराला, आशु (40) गांव धावण शामिल हैं। सीएचसी जंजैहली में शवों का पोस्टमार्टम करवा कर परिवार जनों को सौंप दिए हैं। गंभीर रूप से घायल हुए दो गुमान सिंह पुत्र प्रेम सिंह गांव कल्याजू (चालक) और लाभ सिंह गांव गागन का नेरचौक मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। हादसे की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।


भास्कर CLASSIFIED

सर्विसेस SERVICES | ज्योतिष ASTROLOGY

अन्य

मच्छरों का दुश्मन
मच्छरों को दूर भगाने और घर के अंदर सुगंधित वातावरण पाने के लिए लगाएं
कॅप्टन हर्बल
Only 30/-
No Side Effect
कीमत मात्र 30 रुपये
एक पैकेट की पावर 20 दिन तक चलती है
इस पैकेट को खुला रखें, जलाने की जरूरत नहीं, कोई साइड इफेक्ट नहीं,
ग्राहकों की भारी मांग
जिला एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक एजेंसी उपलब्ध करायी जाती है.
कोई डिपॉझिट जमा नहीं है
सेवानिवृत्त व्यक्तियों एवं महिलाओं को प्रथम प्राथमिकता
8856050644
9689637151
नागपूर

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.

ज्योतिष
सूफीजी खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे समाधान लव मैरिज, मनचाहा प्यार, पति-पत्नी अनबन, सौतन दुश्मन छुटकारा 90683-87770

फीस नहीं ईनाम लूंगा। पंडित रविशंकर (गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी, गृहक्लेश, पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, प्रेमविवाह। घर बैठे सभी समाधान #7055429792



भास्कर CLASSIFIED
से मेरी ज्योतिष और वास्तु सेवाओं के लिए मिले नए क्लाइंट्स
दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में विज्ञापन बुकिंग का सबसे सरल माध्यम
BhaskarAd.com
बनाए विज्ञापन बुकिंग आसान
• घर बैठे ऐड बुकिंग
• आसान ऑनलाइन पेमेंट
9772019222
अब आप क्लासीफाइड, वैवाहिकी, शोक संदेश और जाहिर सूचना के विज्ञापन भी सीधे बुक कर सकते हैं

**भास्कर एनालिसिस** कॉरपोरेट कमाई घटने की रफ्तार सुस्त पड़ी, यह स्थिर ग्रोथ का संकेत

# निफ्टी 50 की कमाई 7.5% बढ़ी, सीमेंट सेक्टर की आय में सर्वाधिक 47% इजाफा, ऑयल-गैस में 7%

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार के लिए जून तिमाही के नतीजे मिले-जुले रहे हैं। निफ्टी 50 की 36 कंपनियों के नतीजों से पता चलता है कि जहां बैंकिंग, आईटी और सीमेंट जैसे प्रमुख सेक्टरों ने बेहतर प्रदर्शन किया है, वहीं अर्निंग्स में गिरावट का सिलसिला अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति बाजार में एक सतर्क स्थिरता का संकेत दे रही है। हालांकि इन नतीजों पर ब्रोकरेज फर्मों का कहना है कि नतीजों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, लेकिन कुल मिलाकर यह अर्निंग्स चक्र अब स्थिरता की ओर बढ़ रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार, 38 निफ्टी कंपनियों की कमाई में 7.5% की सालाना बढ़ोतरी हुई, जो उनके 5.7% के अनुमान से अधिक थी। अर्निंग्स में कटौती की रफ्तार पिछली तिमाहियों की तुलना में धीमी हुई है। वहीं, ऑयल एंड गैस सेक्टर को तिमाही के दौरान कच्चे तेल की स्थिर कीमतों से फायदा हुआ।

### ऑयल एंड गैस सेक्टर को सस्ते क्रूड का फायदा मिला, आय बढ़ी

**उछालः** बीएफएसआई, टेक समेत 5 सेक्टर का कुल कमाई में 71% शेयर

| सेक्टर | आय में वृद्धि |
|---|---|
| बीएफएसआई | 4% |
| टेक्नोलॉजी | 7% |
| ऑयल एंड गैस | 7% |
| सीमेंट | 47% |
| यूटिलिटीज | 13% |

▪ इन 5 सेक्टरों का निफ्टी की कुल कमाई में 71% हिस्सा रहा। सीमेंट सेक्टर ने कीमतों में वृद्धि के चलते सर्वाधिक मुनाफा कमाया।

**बैंकिंग सेक्टरः** निजी बैंकों की आय में सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली

जेफरीज ने बताया कि अर्निंग्स में सबसे ज्यादा कटौती बैंकिंग सेक्टर में, खासकर बड़े निजी बैंकों में हुई। इसकी वजह एसेट क्वालिटी और नेट इंटरेस्ट मार्जिन में कमी की चिंताएं थीं। इसके विपरीत, नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) ने एसेट ग्रोथ और मुनाफे में मजबूत प्रदर्शन किया, हालांकि प्रबंधन ने उपभोग की मांग को लेकर सतर्क रुख बनाए रखा।

**ट्रेंडः** कंपनियों की आय में सुधार बीती 3 तिमाहियों से बेहतर रहा- जेफरीज

अमेरिकी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जून तिमाही के नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे हैं और अर्निंग्स डाउनग्रेड की दर में सुधार हुआ है। हालांकि, उनकी कवरेज में शामिल 50% कंपनियों ने अभी भी अर्निंग्स में गिरावट देखी, जो पिछली तीन तिमाहियों के 57% के औसत से बेहतर है।

**आगे क्याः** पूरे वर्ष कमाई में 10% ग्रोथ का अनुमान, बीते साल 1% बढ़ी थी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 में निफ्टी 50 की कमाई में 10% की वृद्धि होगी, इससे पिछले वित्त वर्ष 2025 में यह 1% थी। इसकी वजह बेहतर आर्थिक माहौल और सरकारी प्रोत्साहन नीतियों के कारण है। निफ्टी का वित्त वर्ष 26 की कमाई पर वैल्यूएशन 22.1x है, जो इसके दीर्घकालिक औसत (20.7x) से थोड़ा अधिक है।

**667 कंपनियों के नतीजों का निचोड़ः** मुनाफे में वृद्धि 8 तिमाहियों में सबसे कम

बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा और तेल-गैस क्षेत्र को छोड़कर 667 कंपनियों के नतीजों के एनालिसिस के मुताबिक जून तिमाही में भारतीय कंपनियों के शुद्ध मुनाफे की सालाना वृद्धि पिछले 8 तिमाहियों में सबसे कम रही। कंपनियों के राजस्व की वृद्धि पिछले तीन तिमाहियों में सबसे कमजोर रही है।

**निवेश रणनीतिः** मिड कैप शेयरों में बड़े मौके दिख रहे

मोतीलाल ओसवाल ने अपने पोर्टफोलियो में मिड-कैप शेयरों की हिस्सेदारी 16% से बढ़ाकर 22% कर दी है, क्योंकि उन्हें मिड-कैप कंपनियों से उम्मीद से बेहतर नतीजे मिले हैं। वहीं, लार्ज-कैप में उनकी हिस्सेदारी अभी भी 70% है। **सेक्टोरल आवंटनः** बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा यानी बीएफएसआई, कंज्यूमर डिस्क्रेशनरी, इंडस्ट्रियल्स, हेल्थकेयर और टेलीकॉम जैसे सेक्टरों में निवेश का अच्छा मौका है। वहीं, फर्म की ऑयल-गैस, सीमेंट, रियल एस्टेट और मेटल्स में बड़े निवेश से बचने की सलाह है।

**जेफरीज ने आईटी पर दांव लगाया, रिकवरी की उम्मीद**

जेफरीज ने पोर्टफोलियो में इंफोसिस को शामिल किया है। ब्रोकरेज का मानना है कि आकर्षक वैल्यूएशन, मजबूत कैश फ्लो और कम निवेश के चलते आईटी शेयरों में शॉर्ट-टर्म रिकवरी की संभावना, जैसे हाल ही में एफएमसीजी सेक्टर में दिखी थी।

**हायरिंग ट्रेंड** • बड़ी कंपनियों में नौकरी छोड़ने की दर 20% रही

# बड़ी आईटी कंपनियां वर्कफोर्स घटा रहीं, पर मझोली कंपनियां बढ़ा रहीं

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

भारत में जहां टीसीएस जैसी बड़ी आईटी कंपनियां वर्कफोर्स में कटौती कर रही हैं। वहीं मध्यम आकार की आईटी कंपनियां ग्राहकों की बढ़ती संख्या के बीच हायरिंग बढ़ा रही हैं। डेटा रिसर्च कंपनी ग्रेहाउंड रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक इन मध्यम आकार की कंपनियों में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर (एट्रिशन रेट) भी बड़ी कंपनियों की तुलना में लगभग आधी है। विशेष रूप से, केपीआईटी टेक्नोलॉजीज, कोफोर्ज, एलटीआईमाइंडट्री, हेक्सावेयर और एम्फेसिस जैसी मध्यम-स्तरीय कंपनियां अपनी वर्कफोर्स को बढ़ा रही हैं और उसका विस्तार कर रही हैं। ये कंपनियां ऑटोमोटिव, बीएफएसआई और जैसे सेक्टर को आईटी सर्विसेज देने के लिए हायरिंग बढ़ा रही हैं। ग्रेहाउंड रिसर्च की इस रिपोर्ट के मुताबिक ये कंपनियां बड़ी आईटी फर्मों के विपरीत एक छोटे, डोमेन-स्ट्रक्चर्ड टैलेंट मॉडल का फायदा उठा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2019-20 के कोविड काल और उसके बाद जहां बड़ी आईटी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की भर्ती की। वहीं मध्यम-स्तरीय फर्मों ने ओवर-हायरिंग से परहेज किया।

**बीते वित्त वर्ष एचसीएल में 4 हजार से ज्यादा कर्मी घटे**

| कंपनी | जून25 | मार्च25 | दिसं.24 | सितं.24 | जून24 |
|---|---|---|---|---|---|
| एचसीएल | -259 | 2,665 | 2,134 | -780 | -8,080 |
| इन्फोसिस | 210 | 199 | 5,591 | -18,506 | 19,054 |
| टीसीएस | 5,090 | 625 | -5,370 | 5,726 | 5,452 |
| विप्रो | -114 | 614 | -1,157 | -502 | 337 |
| टेक महिंद्रा | -214 | -1,757 | -3785 | 6,653 | 2,165 |

**मध्यम कंपनियों में कोफोर्ज ने सबसे ज्यादा कर्मचारी जोड़े**

| कंपनी | जून25 | मार्च25 | दिसं.24 | सितं.24 | जून24 |
|---|---|---|---|---|---|
| कोफोर्ज | 1164 | 408 | 624 | 5880 | 1385 |
| केपीआईटी | -328 | 78 | -292 | 86 | 145 |
| एम्फेसिस | -379 | 248 | -407 | -44 | -1019 |
| हेक्सावेयर | 846 | -745 | -227 | 666 | 306 |
| एलटीआई माइंड्ट्री | -418 | -2493 | 2362 | 2504 | 204 |

(आंकड़े तिमाही आधार पर, स्रोत- ग्रेहाउंड रिसर्च)

**मध्यम स्तर की फर्मों से नौकरी छोड़ने वाले कम**

जून तिमाही के दौरान, मध्यम आकार की कंपनियों का एट्रिशन रेट (कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर) बड़ी आईटी कंपनियों की तुलना में बेहतर रही। यानी इन कंपनियों से तुलनात्मक रूप से कम कर्मचारी नौकरी छोड़कर गए। मध्यम स्तर की आईटी कंपनियों ने 10.8% एट्रिशन रेट हासिल किया है, जबकि बड़ी कंपनियों के बीच ये दर 20.1% रही।

**मिड साइज की 10 में से 7 कंपनियों ने विस्तार किया**

*ऑटोमोटिव, बीएफएसआई और घरेलू पब्लिक सेक्टर कंपनियों में डिमांड बढ़ने के कारण दस में से सात मिड साइज आईटी कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई। मध्यम स्तर की फर्मों ने न तो उछाल के दौरान जरूरत से ज्यादा हायरिंग की और न ही उनके पास महंगे बेंच स्ट्रक्चर हैं।*
**- संचित वीर गोगिया**
फाउंडर और सीईओ, ग्रेहाउंड रिसर्च

**बिज़नेस ब्रीफ**

**बीवाईडी के साथ कोई वार्ता नहींः अदाणी ग्रुप**



**मुंबई** | गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी ग्रुप ने एक रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। ब्लूमबर्ग की इस रिपोर्ट में कहा गया था कि ग्रुप, चीन की दो कंपनियों बीवाईडी और बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर काम कर सकता है।

**बैंकों ने 55.9 करोड़ जन धन खाते खोलेः केंद्र**

**नई दिल्ली** | सरकार की प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत देशभर के बैंकों में अभी तक 55.9 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में कहा कि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाया है। देश भर के बैंक वित्तीय समावेशन योजनाओं को गहन बनाने और लाभार्थियों के बैंक खातों में केवाईसी करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान में लगे हैं।

**पॉलिसी बाजार पर पांच करोड़ का जुर्माना लगा**

**नई दिल्ली** | बीमा नियामक इरडा ने पॉलिसीबाजार इंश्योरेंस ब्रोकर्स पर कुछ खामियों के लिए 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इरडा ने उस पर बीमा अधिनियम, 1938 और नियमों व विनियमों के तहत स्थापित विभिन्न उल्लंघनों के लिए निर्देश, सलाह और चेतावनी के साथ 5 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इससे पहले भी कई बार इरडा कंपनी पर जुर्माना लगा चुका है।

**टेस्ला का दूसरा शोरूम दिल्ली में 11 को खुलेगा**

**नई दिल्ली** | इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला भारत में अपना दूसरा शोरूम खोलने जा रही है। ये दिल्ली के एरोसिटी इलाके में होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया शोरूम 11 अगस्त को खुलने वाला है। टेस्ला ने भारत में अपने सफर की शुरुआत बीते माह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स से की थी। यहां से उसने मॉडल वाई लॉन्च किया था। इसकी डिलीवरी चौथी तिमाही तक शुरू होगी।

**जेएसडब्ल्यू सीमेंटः इश्यू प्राइस बैंड 139-147 रु.**

**नई दिल्ली** | जेएसडब्ल्यू सीमेंट ने 3,600 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए प्रति शेयर कीमत 139 से 147 रुपए तय की है। यह आईपीओ 7 अगस्त से 11 अगस्त तक खुलेगा। इन पैसों का इस्तेमाल कंपनी सीमेंट फैक्ट्री लगाने और कर्ज चुकाने के लिए करेगी। इधर टाटा समूह की एनबीएफसी कंपनी टाटा कैपिटल ने भी अपने आईपीओ के लिए सेबी के पास मसौदा पत्र दाखिल कर दिया है। आईपीओ का ऑफर साइज 47.58 करोड़ शेयर है। इसमें 21 करोड़ नए शेयर होंगे, वहीं मौजूदा शेयरधारक 26.58 करोड़ शेयर बेचेंगे

**इक्विटी** • आईटी शेयरों में शॉर्ट कवरिंग ने भी मार्केट को चढ़ने में मदद की

# सेंसेक्स फिर 81 हजार पार, मेटल और ऑटो सेक्टर में उछाल, निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 1.27% उछला

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

शेयर बाजार में दो दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 418 अंक चढ़कर 81,018 पर बंद हुआ। निफ्टी 157 अंक की तेजी के साथ 24,722.75 पर बंद हुआ।

अमेरिका में कमजोर रोजगार के आंकड़ों ने निवेशकों के बीच यह उम्मीद जगाई है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व जल्द ही ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, जिससे विदेशी निवेशक भारत जैसे इमर्जिंग मार्केट का रुख कर सकते हैं। इससे बाजार को गति मिली। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी व्यापारिक चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं।

समग्र बाजार में तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1.40% और स्मॉलकैप 1.27% की बढ़त के साथ बंद हुआ। इनका प्रदर्शन बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी और सेंसेक्स से बेहतर रहा। मेटल और ऑटोमोबाइल सेक्टर में 1% से अधिक की तेजी रही। हालांकि एफएमसीजी और हेल्थकेयर सेक्टर में मुनाफावसूली देखने को मिली। आईटी, बैंकिंग, फार्मा और ऑयल-गैस इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

एसबीआई सिक्युरिटीज में टेक्निकल और डेरिवेटिव्स रिसर्च हेड सुदीप शाह कहते हैं कि दो दिन की गिरावट के बाद निफ्टी में अच्छी रिकवरी हुई, जिसका मुख्य कारण आईटी शेयरों में 'शॉर्ट कवरिंग' था। हालांकि, निफ्टी अभी भी 'लोअर टॉप-लोअर बॉटम' के पैटर्न में है, जो सतर्कता का संकेत देता है। फिलहाल निफ्टी को 24,500–24,550 पर मजबूत सपोर्ट है। 25,000–25,050 को लांघना बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### 43 कंपनियों के शेयर 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर



▪ बॉश, डेल्हीवरी और एचडीएफसी एएमसी समेत 43 शेयरों ने 52-हफ्ते के उच्चतम स्तर को छुआ।
▪ **52-हफ्ते का लोः** ईज माय ट्रिप, एआईए इंजी. जैसे 63 शेयर 52-हफ्ते के निचले स्तर पर पहुंचे।
▪ **अपर सर्किटः** ऑर्किड फार्मा, विपुल, कॉस्मो फर्स्ट और बीजीआर एनर्जी समेत करीब 68 कंपनियों के शेयरों में अपर सर्किट लगा। वहीं रिलायंस पावर समेत 60 शेयरों में लोअर सर्किट लगा।

**प्रमोटरों ने 55 हजार करोड़ के शेयर बेचे**

जून तिमाही में निजी प्रमोटरों ने करीब 54,732 करोड़ के शेयर बेचे, जिससे लिस्टेड कंपनियों में उनकी कुल हिस्सेदारी घटकर 8 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई। प्राइम डेटाबेस की रिपोर्ट के अनुसार, जून तिमाही की समाप्ति पर निजी प्रमोटरों की हिस्सेदारी 40.58% रह गई, जो सितंबर 2017 के 40.19% के बाद का सबसे निचला स्तर है। प्राइम डेटाबेस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रणव हल्दिया ने कहा कि प्रमोटरों द्वारा शेयरों की बिक्री के कई कारण हो सकते हैं। मसलन तेजी भरे बाजार का फायदा उठाकर मुनाफा कमाना। कर्ज कम करना, पारिवारिक योजना बनाना या दान देना। नए व्यवसायों में निवेश करना।

**चीन का एंट ग्रुप, पेटीएम में पूरी हिस्सेदारी बेचेगा**

अजिंक्य कावले | मुंबई

पेटीएम में चीनी निवेश का दौर अब खत्म होने की कगार पर है। चीन की एंट ग्रुप पेटीएम में अपनी बाकी बची हुई 5.84% हिस्सेदारी को बेचकर कंपनी से बाहर निकलने की तैयारी में है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पेटीएम ने पहली बार मुनाफा दर्ज किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक एंट ग्रुप के पेटीएम में 5.84% हिस्सेदारी की कीमत 3,800 करोड़ हो सकती है। इन शेयरों को कम से कम 1,020 प्रति शेयर के दाम पर बेचा जाएगा। इस बड़े लेनदेन को गोल्डमैन सैक्स इंडिया सिक्युरिटीज और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया संभालेंगे। इस खबर पर फिलहाल पेटीएम या एंट ग्रुप की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पेटीएम ने बीती जून तिमाही में 122.5 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया। कंपनी का कुल राजस्व करीब 28% बढ़कर 1,917.5 करोड़ हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 1,501.6 करोड़ रुपए था।

**उपलब्धि** • भारत 5वां सबसे बड़ा एविएशन मार्केट

# मुंबई-दिल्ली दुनिया का सातवां सबसे व्यस्त हवाई यात्रा मार्ग

एजेंसी | नई दिल्ली

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की रिपोर्ट में भारत 24.1 करोड़ यात्रियों के साथ दुनिया का 5वां सबसे बड़ा एविएशन मार्केट बन गया है। हवाई यात्रियों की यह संख्या जापान (20.5 करोड़) से आगे है। 2023 की तुलना में भारत में यात्रियों की संख्या में 11.1% की वृद्धि हुई। वर्ल्ड एयर ट्रांसपोर्ट स्टैटिस्टिक्स रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई-दिल्ली हवाई मार्ग 2024 में दुनिया का सातवां सबसे व्यस्त एयरपोर्ट पेयर्स (हवाई मार्ग) रहा। 2024 में इस रूट पर 59 लाख यात्रियों ने यात्रा की। दुनिया का सबसे लोकप्रिय मार्ग जेजू-सियोल रहा, जहां 2024 में 1.32 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की।



**अमेरिका में 87 करोड़, चीन में 74 करोड़ यात्री**

| रैंक | देश | यात्री(करोड़ में) |
|---|---|---|
| 1 | अमेरिका | 87.6 |
| 2 | चीन | 74.1 |
| 3 | यूके | 26.1 |
| 4 | भारत | 24.1 |
| 5 | जापान | 20.5 |

**एशिया प्रशांत में प्रीमियम ट्रैवल में 23% बढ़ोतरी**

2024 में बिजनेस और फर्स्ट क्लास जैसी प्रीमियम कैटेगरी में 11.8 फीसदी की वृद्धि हुई, जो इकोनॉमी क्लास की वृद्धि (11.5 फीसदी) से अधिक थी। प्रतिशत के लिहाज से एशिया प्रशांत में प्रीमियम यात्रा में 22.8 फीसदी की वृद्धि हुई।

**जीएसटी** • पिछले वर्ष 30 हजार मामले पकड़े

## 5 वर्ष में 7 लाख करोड़ की चोरी, इनपुट टैक्स क्रेडिट फ्रॉड ज्यादा

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

सेंट्रल जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स ने वित्त वर्ष 2024-25 तक पिछले पांच वर्षों में करीब 7.08 लाख करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का पता लगाया है। इसमें करीब 1.79 लाख करोड़ रुपए की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी भी शामिल है। सोमवार को वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में ये जानकारी दी। वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में ही 2.23 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की जीएसटी चोरी पकड़ी गई है। बीते वित्त वर्ष अधिकारियों ने जीएसटी चोरी के 30,056 मामले ट्रेस किए। इनमें भी आधे से ज्यादा (15,283) मामले आईटीसी धोखाधड़ी से संबंधित थे। इस दौरान 58,772 करोड़ रुपए की आईटीसी धोखाधड़ी का पता चला। 2023-24 के दौरान सबसे ज्यादा 2.3 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता चला था।

**जीएसटी चोरी रोकने के लिए सरकार सख्त**

चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार जीएसटी चोरी रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। इनमें ई-इनवॉइसिंग, जीएसटी एनालिटिक्स, सिस्टम-फ्लैग्ड मिसमैच के आधार पर आउटलायर्स को उजागर करना जैसी चीजें शामिल है।

**पैकेज** • कंपनी में मस्क की पकड़ और मजबूत

## टेस्ला ने इलॉन मस्क को 2.5 लाख करोड़ रुपए का नया पैकेज दिया

भास्कर न्यूज़ | सैन फ्रांसिस्को

टेस्ला ने अपने सीईओ इलॉन मस्क को एक नया और बड़ा सैलरी पैकेज देने का ऐलान किया है। ये पैकेज करीब 29 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) का है। टेस्ला बोर्ड के सदस्यों ने शेयरधारकों को लिखे पत्र में बताया कि एआई के क्षेत्र में टैलेंट को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा चल रही है। ऐसे में मस्क जैसे अनुभवी और सफल व्यक्ति को कंपनी में बनाए रखना बहुत जरूरी है। यह नया पैकेज तब आया है जब दिसंबर 2024 में एक अमेरिकी अदालत ने मस्क का 2018 का करीब 4 लाख करोड़ रुपए का पुराना पैकेज रद्द कर दिया था। वह मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है। इस नए पैकेज में मस्क को टेस्ला के 9.6 करोड़ शेयर दिए जाएंगे। मस्क के कंपनी में वोटिंग अधिकार भी बढ़ेंगे। हालांकि टेस्ला के बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि अगर मस्क का 2018 वाला पुराना पैकेज बहाल हो जाता है, तो ये नया पैकेज रद्द हो जाएगा। मस्क ने पहले कहा था कि वे कंपनी में अपनी हिस्सेदारी और वोटिंग अधिकार को 25% तक बढ़ाना चाहते हैं, ताकि वे एआई और रोबोटिक्स के बड़े फैसले ले सकें।



**ऑटो पीएलआई** • लोकलाइजेशन लक्ष्य कठिन

## 84 में से 16 कंपनियों के पास ही डीवीए नॉर्म पूरा करने वाले प्रोडक्ट

सुरजीत दास गुप्ता | नई दिल्ली

ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम को लॉन्च हुए दो साल से भी ज्यादा का समय हो चुका है। हालांकि इस दौरान इस 25,938 करोड़ रुपए की पीएलआई स्कीम की पात्र 20% कंपनियों के प्रोडक्ट ही डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन (डीवीए) संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं। 31 जुलाई तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार स्कीम के तहत पात्र 84 फर्मों में से केवल 16 के पास ऐसे प्रोडक्ट हैं जो डीवीए मानदंड पूरा करते हैं। निर्धारित डीवीए मानदंडों के आधार पर इन कंपनियों को 107 मॉडल और कम्पोनेंट वेरिएंट के लिए मंजूरी मिल गई है। हालांकि, चीन द्वारा रेयर अर्थ मैग्नेट जैसे दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध कड़ा करने से 50% लोकलाइजेशन का लक्ष्य हासिल करना और भी मुश्किल हो सकता है।

दरअसल ऑटो कंपोनेंट पीएलआई स्कीम का उद्देश्य ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना और ऑटोमोटिव वैल्यू चेन में निवेश आकर्षित करना है। कंपनियों को इस स्कीम के तहत पात्रता हासिल करने के लिए अपने प्रोडक्ट और सप्लाई चेन में न्यूनतम 50% डीवीए हासिल करना जरूरी है।

**एमपीसी** • 3 दिवसीय मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक शुरू

## ब्याज दरों में इस बार कटौती की संभावना बहुत कमः एक्सपर्ट्स

बिज़नेस संवाददाता | मुंबई

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक सोमवार से शुरू हो गई है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि इस बार आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ब्याज दरों में कटौती को टाल सकते हैं। महंगाई अभी भी संतोषजनक स्तर पर बनी हुई है और पिछली ब्याज दरों में कटौती का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। रिसर्च एजेंसी केयरएज को उम्मीद नहीं है कि इस बार ब्याज दरों में कटौती होगी। उसके मुताबिक वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार तनाव को देखते हुए, केंद्रीय बैंक वेट एंड वॉच की नीति अपना सकता है।



**एसबीआई का 0.25% कटौती का अनुमान**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस एमपीसी बैठक में आरबीआई रेपो रेट में 0.25% कटौती का ऐलान कर सकता है। कटौती के समर्थकों का मानना है कि ये कदम त्योहारी सीजन से पहले कर्ज में उठाव को तेज कर सकता है और अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दे सकता है। इनके मुताबिक जब भी त्योहारी सीजन से पहले ब्याज दरों में कटौती होती है, तो क्रेडिट ग्रोथ में तेज उछाल देखने मिलती है।

**बिज़नेस एंकर** अमेजन एआई के वीपी, वाइट हाउस में एआई सलाहकार रह चुके सुब्रमण्यम से बातचीत

# भारत में एआई की तीसरी बड़ी ताकत बनने का दम, लाखों जुनूनी डेवलपर उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक संपत्तिः शिव सुब्रमण्यम

पीरज़ादा अबरार | बेंगलुरु

जब अमेरिका-चीन के बीच तकनीकी प्रतिस्पर्धा चरम पर है, अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने भारत में बड़ा दांव खेला है। कंपनी 2030 तक 1.12 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगी। इससे भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा, जो भविष्य के सबसे उन्नत एआई सिस्टम्स के लिए कंप्यूटिंग की मजबूत नींव तैयार करेगा। भारत दौरे पर आए एडब्ल्यूएस एजेंटिक एआई के वाइस प्रेसिडेंट और वाइट हाउस में एआई प्रतिस्पर्धा पर प्रमुख सलाहकार रहे स्वामी शिव सुब्रमण्यम ने अमेजन वेब सर्विसेज के भारत में इस निवेश के पीछे की वजहों को समझाया। उन्होंने कहा, 'हम एआई के मामले में अभूतपूर्व दौर में हैं। एडब्ल्यूएस



**भारतीय कंपनियों को मिल रहा सीधा फायदा**

शिव सुब्रमण्यम ने कहा कि हमारा निवेश केवल बड़े स्टार्टअप्स तक सीमित नहीं है, यह छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों को भी सशक्त बना रहा है।
▪ **अपोलो टायर्सः** कंपनी ने अमेजन बेडरॉक का उपयोग करके एक कस्टम एआई टूल बनाया है, जो कारखानों में समस्या निवारण के समय को सात घंटे से घटाकर 10 मिनट से भी कम कर देता है।
▪ **धनुष स्टार्टअपः** इस स्टॉकब्रोकिंग स्टार्टअप ने हमारे साथ मिलकर एआई-संचालित सॉफ्टवेयर टूल का परीक्षण किया, जिससे उन्होंने एक नया टूल 48 घंटों में बना लिया, जिसमें पहले दो महीने लगते थे।

भारत में बड़ा अवसर देख रहा है। अमेरिका और चीन के बीच चल रही प्रतिद्वंदिता के बीच भारत एआई में तीसरी बड़ी ताकत बन सकता है। भारत के लाखों डेवलपर उसकी अहम रणनीतिक संपत्ति हैं। वे अविश्वसनीय रूप से जुनूनी, उत्सुक और नई तकनीकों को अपनाने के लिए उत्साहित हैं।' विशेषज्ञों का अनुमान है कि एआई 2035 तक भारत की अर्थव्यवस्था में करीब 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 87 लाख करोड़ रुपए) का योगदान करेगी। यह देश के 5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के लक्ष्य में 10% का अहम योगदान होगा।

**भारत को "एआई-रेडी" बनाने का मिशनः** उन्होंने कहा, अमेजन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ एआई कौशल विकास पर जोर दे रहा है। कंपनी ने भारत को एआई रेडी बनाने के लिए 59 लाख से अधिक लोगों को क्लाउड कौशल में प्रशिक्षित किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'यह बहुत अहम है कि हर कोई एआई-रेडी हो जाए। अन्यथा, एआई-कुशल लोग उन लोगों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे जो अपने काम में एआई का स्वाभाविक रूप से उपयोग नहीं करते हैं।' उनका मानना है कि एआई प्रदर्शन के चरण से आगे निकल चुका है। इसका अगला चरण से चैटबॉट्स से आगे निकलकर ऑटोनॉमस एजेंट्स का होगा। ये एजेंट्स मैन्युफैक्चरिंग समस्याओं को सुलझाने, वित्तीय संचालन संभालने और पूरे बिजनेस वर्कफ्लो को बदलने में सक्षम होंगे।

**नतीजे** • डीएलएफ की आय दोगुनी, मुनाफा 18% बढ़ा

## डीएलएफ की न्यू सेल्स बुकिंग 78% बढ़कर 11,425 करोड़ रु.

बिज़नेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ की बीती तिमाही आय दोगुनी होकर 2717 करोड़ रुपए हो गई। 2024-25 की समान तिमाही के दौरान डीएलएफ को 1362 करोड़ रुपए की आय हुई थी। कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 18% बढ़कर 762.67 करोड़ रुपए हो गया। ये बीते साल की समान तिमाही में 644.67 करोड़ रुपए था। हालांकि शुद्ध मुनाफा जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के मुकाबले 40% कम रहा। मार्च तिमाही में कंपनी को 1,268.15 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। कंपनी की किराये से आय बढ़कर 1,326 करोड़ रुपए हो गई। ये बीते साल की समान तिमाही से 15% ज्यादा है। डीएलएफ की न्यू सेल्स बुकिंग सालाना आधार पर 78% बढ़कर 11,425 करोड़ रुपए हो गई।

**डीएलएफ के जून 2025 तिमाही नतीजे एक नजर में**

| विवरण | 2025-26 | 2024-25 | सालाना ग्रोथ |
|---|---|---|---|
| कंसॉलिडेटेड आय | 2716.70 | 1362.35 | 99.48% |
| नेट प्रॉफिट | 762.67 | 644.67 | 18.30% |
| न्यू सेल्स बुकिंग | 11,425 | --- | 78% |

(आंकड़े करोड़ रुपए में, अप्रैल-जून तिमाही के, स्रोत- कंपनी फाइलिंग)

**इंग्लैंड दौरा** सदी में सिर्फ चौथी बार 5 टेस्ट की सीरीज के हर मैच का नतीजा अंतिम दिन निकला



143 किमी/घंटे की रफ्तार वाली यॉर्कर पर सिराज ने अटकिंसन का आखिरी विकेट झटका। यह सीरीज में उनकी 5वीं सबसे तेज गेंद थी।

# आखिरी दिन 'टेस्ट' हुआ पास

## टीम इंडिया ने ओवल टेस्ट 6 रन से जीता, आखिरी दिन इंग्लैंड के चार विकेट 28 रन में झटके

भास्कर न्यूज़ | लंदन

जिस टेस्ट के भविष्य पर लगातार सवाल उठते रहते हैं, उसी फॉर्मेट ने सोमवार को साबित कर दिया कि क्रिकेट में इससे बड़ा ब्लॉकबस्टर कुछ भी नहीं। इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के अंतिम दिन भारत को जीत के लिए केवल 34 रन रोकने थे, जबकि इंग्लैंड के पास केवल चार विकेट थे। 23 हजार की क्षमता वाला मैदान हाउसफुल था। रोमांच चरम पर था। दिन की शुरुआत इंग्लैंड के पक्ष में हुई, जब ओवर्टन ने लगातार चौके जमाए और लक्ष्य मात्र 27 रन दूर रह गया। हालांकि, अगले ओवर में सिराज ने 77 ओवर पुरानी गेंद को स्विंग कराते हुए इंग्लैंड के आखिरी विशेषज्ञ बल्लेबाज जेमी स्मिथ (2) को जुरेल के हाथों कैच करा दिया। इसके बाद ओवर्टन (9) को एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड का स्कोर 354/8 कर दिया। मैच भारत की पकड़ में था। लग रहा था जैसे हर गेंद वहीं गिर रही है, जहां प्रसिद्ध और सिराज चाहते थे।

टंग-अटकिंसन ने नौवें विकेट के लिए 19 गेंदों में बचते-बचाते 3 रन जोड़े, लेकिन प्रसिद्ध ने टंग (0) को बोल्ड कर साझेदारी तोड़ दी। चौथे दिन इंग्लैंड का स्कोर 301/3 था और जीत साफ नजर आ रही थी, लेकिन हालात ऐसे बदले कि वोक्स को चोटिल कंधे के बावजूद बैटिंग के लिए उतरना पड़ा। अटकिंसन (17) ने सिराज की गेंद पर एक छक्का जड़ा और अंतर सिंगल डिजिट में ले आए। उन्होंने वोक्स को स्ट्राइक से दूर रखा। हालांकि, 85वें ओवर की पहली गेंद पर सिराज ने अटकिंसन को बोल्ड कर इंग्लैंड की पारी 367 पर समेट दी। भारत ने मैच 6 रन से जीत लिया। सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। सदी में केवल चौथी बार हुआ कि पांच मैचों की सीरीज में हर टेस्ट का नतीजा अंतिम दिन निकला। यानी टीम इंडिया के साथ टेस्ट फॉर्मेट भी पास हो गया।

**195**
रन की पार्टनरशिप ब्रूक-रूट के बीच चौथी पारी में हारने वाली टीम की ओर से दूसरी सबसे बड़ी। 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में ही आई पंत-राहुल की 204 रन की साझेदारी सबसे ऊपर।

**4+**
विकेट हॉल वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बनी सिराज और प्रसिद्ध की दोनों पारियों में। बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा किया।

**23**
विकेट लिए सिराज ने सीरीज में। 2021-22 दौरे पर बुमराह के बराबर।



एक और कड़ा मुकाबला पांचवें दिन तक गया। दोनों टीमों ने बहुत मेहनत की। बेहद निराशा हुई कि हम जीत हासिल नहीं कर पाए। लेकिन मुझे अपनी टीम पर गर्व है कि उन्होंने अपना पूरा जोर लगाया। **- बेन स्टोक्स**

दोनों टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मैच को जीतकर हम बहुत खुश हैं। जब आपके पास सिराज और प्रसिद्ध जैसे अच्छे गेंदबाज हों, तो कप्तानी करना काफी आसान लगता है। **- शुभमन गिल**

### हमारा दबदबाः साल 2018 से इंग्लैंड से कोई सीरीज नहीं हारे

ओवल में भारतीय टीम 1-2 से पीछे थी। अगर यह मैच हारती या ड्रॉ होता, तो सीरीज हाथ से फिसल जाती, लेकिन इस जीत के साथ भारत ने खुद को इंग्लैंड के खिलाफ अब भी मजबूत रखा है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ साल 2018 के बाद से कोई टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई है। इस दौरान चार श्रृंखलाओं में टीम ने दो जीतने के साथ-साथ दो ड्रॉ खेली हैं।

### पांच मैच की सीरीज जिनमें हर मैच आखिरी दिन तक पहुंचा (2000 से)

| सीरीज | साल | मेजबान |
|---|---|---|
| विंडीज vs अफ्रीका | 2001 | विंडीज |
| अफ्रीका vs इंग्लैंड | 2004/05 | अफ्रीका |
| ऑस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड | 2017/18 | ऑस्ट्रेलिया |
| इंग्लैंड vs भारत | 2025 | इंग्लैंड |

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड ने टॉस जीता (गेंदबाजी)
भारत पहली पारी 224/10.
इंग्लैंड पहली पारी 247/10.
भारत दूसरी पारी 396/10.
इंग्लैंड दूसरी पारी (339/6 से आगे)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मिथ कै जुरेल बो सिराज | 2 | 20 | 0/0 |
| ओवर्टन LBW बो सिराज | 9 | 17 | 2/0 |
| अटकिंसन बो सिराज | 17 | 29 | 0/1 |
| टंग बो प्रसिद्ध | 0 | 12 | 0/0 |
| वोक्स नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्तः 23, कुलः 367/10. विकेटः 7-347, 8-354, 9-357, 10-367.
गेंदबाजीः आकाश 20-4-85-1, प्रसिद्ध 27-3-126-4, सिराज 30.1-6-104-5, वॉशिंगटन 4-0-19-0, जडेजा 4-0-22-0.

▪ पहली बार ऐसा हुआ कि भारतीय टीम ने किसी विदेशी दौरे पर सीरीज के पांचवें या छठे टेस्ट में जीत दर्ज की।

## स्टार्स नहीं टीम की एकजुटता ने दिलाई युवा ब्रिगेड को जीत



भास्कर एक्सपर्ट
शारदा उगरा

इस जीत से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा होगा। जैसे 2001 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के बाद हमें यकीन हुआ था कि हम किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं, वैसा ही भरोसा अब इस टीम को हो गया है। हमने ये सीरीज जीती नहीं, ड्रॉ की है, लेकिन हमने हर बार पिछड़कर वापसी की है। अगर एक सेशन में हम दबे, तो अगले में हमने वापसी की। ये सब इंग्लैंड में करना बहुत बड़ी बात है। इस जीत ने कई सकारात्मक पहलुओं को उजागर किया। सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू था टीम की एकजुटता और युवा खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। कम अनुभवी टीम होने के बावजूद, वॉशिंगटन सुंदर, सिराज, प्रसिद्ध जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम स्पिरिट इस जीत का एक और महत्वपूर्ण कारण थी। खिलाड़ियों ने एक-दूसरे का साथ दिया और हर मौके पर लचीलापन दिखाया। यशस्वी और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने नेतृत्व की भूमिका निभाई, जिससे टीम का मनोबल ऊंचा रहा। गेंदबाजी में सटीक लेंथ और लाइन का चयन, खासकर अंतिम मैच में लोअर ऑर्डर के खिलाफ, ने भारत को जीत दिलाई। कोई बड़ा सितारा न होने के बावजूद, टीम ने बिना किसी दबाव के खेला, जो उनकी सफलता का एक और कारण बना।

**मोहम्मद सिराज**

## चमत्कार से बची थी जान; अब ग्राउंड पर 'मियां मैजिक'

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साल 2016 में मोहम्मद सिराज आईपीएल देखने के लिए स्टेडियम गए थे। उस समय उन्होंने सोचा नहीं था कि ठीक अगले साल इसी लीग में वह मैदान पर नजर आएंगे। उसके बाद से सिराज का प्रदर्शन निखरता चला गया। ओवल टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच रहने वाले सिराज का जीवन काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। जानिए साल 2023 में एबी डिविलियर्स द्वारा पहली बार 'मियां मैजिक' पुकारे जाने वाले सिराज के जीवन के बारे में...

### पहली बार क्रिकेट खेलकर मिला ₹500 इनाम

13 मार्च 1994 को हैदराबाद में जन्मे सिराज के पिता ऑटो चलाते थे और मां गृहिणी थी। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें बिना जूते व किट के क्रिकेट प्रैक्टिस करनी पड़ी। पॉकेट मनी के 70 रुपए में से थोड़े-थोड़े पैसे बचाकर वे कई महीने बाद जूते खरीद पाए थे। साल 2012-2013 में सिराज को क्रिकेट खेलकर पहली बार 500 रुपए मिले, जिसमें से 300 रुपए मां को दे दिए थे। 2015-16 में पहली बार हैदराबाद रणजी टीम में चुने गए। 2017 में उन्हें पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद ने 2.6 करोड़ में खरीदा, जबकि बेस प्राइस 20 लाख था। उस समय 23 वर्षीय सिराज ने पिता से कहा था कि अब आप आराम कीजिए। नवंबर 2017 में टीम इंडिया से डेब्यू (टी20) किया।

### ...जब बीमारी के बावजूद प्रैक्टिस करने गए थे

साल 2017 में उनका अंडर-23 टूर्नामेंट में चयन हुआ था और टीम एक दिन बाद रवाना होने वाली थी। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। जांच हुई तो डॉक्टरों ने बताया कि डेंगू के कारण ब्लड सेल काउंट तेजी से गिर रहे हैं। अगर वक्त रहते हॉस्पिटल में भर्ती नहीं होते तो उनकी जान तक जा सकती थी। सिराज ने यह बात कोच को बताई। कोच को लगा कि वे झूठ बोल रहे हैं। वे बीमार होने के बावजूद प्रैक्टिस करने चले गए। हैरानी की बात यह है कि प्रैक्टिस के दौरान सिराज को जरा भी कमजोरी महसूस नहीं हुई। बाद में जब दोबारा टेस्ट कराया, तो उनकी रिपोर्ट नॉर्मल आई। उनका डेंगू ठीक हो चुका था। उन्होंने इसे एक चमत्कार बताया था।

### पिता को अंतिम विदाई भी नहीं दे सके थे

साल 2020 में सिराज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट डेब्यू किया था। उसी दौरान उनके पिता का निधन हो गया। लेकिन वे लौटकर नहीं आ सके थे। सीरीज के बाद जब वे लौटे, तो सीधे पिता की कब्र पर गए। वहां वे घंटों अकेले बैठे रहे। सिराज के पिता हमेशा चाहते थे कि वह टेस्ट खेलें। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में गाबा टेस्ट में पांच विकेट लेकर सिराज ने यही सपना पूरा किया। उस मैच में पिता को खोने का दुख उनकी गेंदबाजी में साफ नजर आया। कुछ साल पहले तक गली क्रिकेट खेलने वाला नौजवान गाबा के मैदान में अपने नाम का परचम लहरा रहा था।

### पुरानी गेंद से क्षमता पर उठ चुके हैं सवाल

इस साल चैम्पियंस ट्रॉफी में सिराज को भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई थी। तब रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि सिराज का पुरानी गेंद से प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने इस पर काफी विचार-विमर्श किया और ऑलराउंडरों को मौका देने के लिए यह कठिन फैसला लिया। सिराज ने आईपीएल से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मेरे आंकड़े खुद बोलते हैं। पिछले एक साल में मैंने पुरानी गेंद से भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है।' उन्होंने रोहित के फैसले पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं की। अब इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भी सिराज ने पुरानी ही गेंदों से विकेट लेकर फिर से आलोचकों को जवाब दिया है।



---

**टी20** • तीसरा मैच 13 रन से जीत 2-1 से सीरीज अपने नाम की

## विंडीज से लगातार 7वीं सीरीज जीता पाक

भास्कर न्यूज़ | लॉडरहिल

पाकिस्तान ने तीसरे और आखिरी टी20 मैच में वेस्ट इंडीज को 13 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ पाक ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। पाकिस्तान ने विंडीज के खिलाफ लगातार सातवीं द्विपक्षीय टी20 सीरीज जीती। अब दोनों टीमें 8 अगस्त से तीन वनडे की सीरीज में आमने-सामने होंगी। निर्णायक मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 189/4 का स्कोर बनाया। ओपनर साहिबजादा फरहान (74) और सैम अयूब (66) ने पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की। जवाब में कैरेबियाई टीम निर्धारित 20 ओवरों में 176/6 का स्कोर ही बना पाई। अलिक अथांजे ने 60 और शेरफेन रदरफोर्ड ने 51 रन की पारियां खेलीं।



वेस्ट इंडीज के खिलाफ जीत के बाद पाकिस्तान के खिलाड़ी।

### रिटायर्ड आउट होने वाले पहले फुल मेंबर खिलाड़ी बने चेज

वेस्ट इंडीज के रोस्टन चेज टी20 इंटरनेशनल में फुल मेंबर टीमों के बीच मुकाबले में रिटायर्ड आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। चेज ने 12 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाए। उन्हें 17वें ओवर में वापस बुला लिया गया, जब टीम को 18 गेंदों में 41 रन की जरूरत थी। इसके बाद भी टीम सिर्फ 27 रन ही बना सकी। यह पुरुष टी20 इंटरनेशनल में कुल 12वीं बार है, जब कोई बल्लेबाज रिटायर्ड आउट हुआ हो।

### हॉकीः ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूवन्ना भारतीय टीम में शामिल

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 24 सदस्यीय पुरुष टीम घोषित की। इस दौरे के जरिए टीम 29 अगस्त से होने वाले एशिया कप की तैयारी करेगी। टीम की अगुआई ड्रेग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे जबकि युवा डिफेंडर पूवन्ना सीबी को पहली बार मौका मिला है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलने हैं। टीम शुक्रवार को बेंगलुरु से रवाना होगी। **▪ टीम इस प्रकार है**ः गोलकीपर- कृष्ण पाठक, सूरज केरकेरा। डिफेंडर- सुमित, जर्मनप्रीत, हरमनप्रीत, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप, जुगराज सिंह, पूवन्ना। मिडफील्डर- राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र, विष्णु कांत। फॉरवर्ड-मंदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्थी, आदित्य लालगे।

**टेनिस** • दूसरी सीड खिलाड़ी को टॉसन ने सीधे सेट में हराया

## टेनिसः इगा स्वातेक कनाडा ओपन से बाहर होने वाली चौथी सीडेड खिलाड़ी



भास्कर न्यूज़ | मॉन्ट्रियल

पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वातेक को कनाडा ओपन में उलटफेर का सामना करना पड़ा। दूसरी सीड स्वातेक को चौथे राउंड में डेनमार्क की 19वीं रैंकिंग वाली क्लारा टॉसन ने 7-6, 6-3 से हराकर बाहर कर दिया। यह टॉसन की किसी टॉप-5 खिलाड़ी पर दूसरी जीत है। विम्बलडन चैम्पियन स्वातेक टूर्नामेंट से बाहर होने वाली चौथी सीडेड खिलाड़ी हैं। उनसे पहले, टॉप सीड कोको गॉफ, तीसरी सीड जेसिका पेगुला और चौथी सीड मिरा एंड्रीवा भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं। जापान की नाओमी ओसाका ने अनास्तासिया सेवास्तोवा को सिर्फ 49 मिनट में 6-1, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह ओसाका के करियर की दूसरी सबसे तेज जीत है।

**स्पोर्ट्स ब्रीफ**

### फुटबॉलः मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीती समर सीरीज, ब्रूनो ने गोल और असिस्ट किया

**वॉशिंगटन** | इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने प्रीमियर लीग समर सीरीज का खिताब अपने नाम किया। आखिरी मुकाबले में यूनाइटेड ने एवर्टन से 2-2 की बराबरी की, जिससे टीम के कुल 7 अंक हो गए। इससे पहले यूनाइटेड ने वेस्ट हैम को 2-1 और बोर्नमाउथ को 4-1 से हराया था। कप्तान ब्रूनो फर्नांडिज ने एक गोल किया और एक असिस्ट किया।



### इस साल अक्टूबर में होगी तीरंदाजी की पहली लीग, छह फ्रेंचाइजी टीमें खेलेंगी

**नई दिल्ली** | भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने पहली आर्चरी लीग के आयोजन की घोषणा की है। लीग का पहला संस्करण इस साल अक्टूबर में दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। यह इवेंट 11 दिनों तक चलेगा। इस इवेंट में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ-साथ दुनिया के टॉप-10 तीरंदाजों में से कुछ हिस्सा लेंगे। लीग में पुरुष और महिलाओं के रिकर्व व कंपाउंड दोनों के इवेंट्स होंगे। इसमें 6 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी।

### एशियन शूटिंग की तैयारी शुरू, भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल हिस्सा लेगा

**नई दिल्ली** | एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए सोमवार से डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर कैंप की शुरुआत हो गई है। चैम्पियनशिप 16 अगस्त से कजाखस्तान में होगी, जहां भारत के 182 शूटरों का सबसे बड़ा दल हिस्सा लेगा। इस दल में ओलिंपिक और नॉन-ओलिंपिक इवेंट्स के लिए पिस्टल, राइफल, शॉटगन खिलाड़ी शामिल हैं। सरकार की ओर से 35 सीनियर व 36 जूनियर शूटरों को सहयोग मिलेगा। बाकी खिलाड़ी स्वयं के खर्चे पर जाएंगे।

### शेड्यूल में टकराव के कारण मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना का केरल दौरा रद्द

**तिरुअनंतपुरम** | लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अक्टूबर में केरल दौरे पर नहीं आएगी। ये फैसला शेड्यूल में टकराव और अतिरिक्त वर्क लोड के चलते लिया गया है। यह जानकारी केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुर्रहीमान ने दी। मंत्री ने पहले कहा था कि अर्जेंटीना टीम राज्य का दौरा करेगी और इसके लिए आयोजक ने मैच फीस भी जमा कर दी है। राज्य सरकार ने टीम के स्वागत की पूरी तैयारी कर ली थी।

---

**भास्कर खास** वेल्स के इस फुटबॉल कोचिंग सेंटर से निकले थिएरे हेनरी, याया टोरे, मिकेल आर्टेटा जैसे मैनेजर

## द वेल्श वेः कोचिंग की दुनिया का हार्वर्ड, जहां से निकलते हैं फुटबॉल की अगली पीढ़ी के मास्टरमाइंड; दबाव से निपटने के लिए सेना की ट्रेनिंग भी कराते हैं

भास्कर न्यूज़ | न्यू पोर्ट (वेल्स)

यूरोपियन देश वेल्स के न्यू पोर्ट शहर की सेल्टिक मैनर होटल में कुछ बड़े फुटबॉल सितारे वर्चुअल रियलिटी हेडसेट पहनकर ट्रेनिंग ले रहे हैं। इसमें आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी से खेल चुके डिफेंडर गेल क्लिची, अमेरिका की दो बार की विश्व कप विजेता ब्रांडी चास्टेन, फ्रेंच मिडफील्डर योहान कबाय, स्टोक सिटी के स्पोर्टिंग डायरेक्टर जोनाथन वॉल्टर्स हैं। ये सभी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ वेल्स के यूएफा प्रो लाइसेंस कोर्स का हिस्सा है, जिसे फुटबॉल कोचिंग का 'हार्वर्ड' कहा जाता है। यह वही कोर्स है, जिससे थियरे हेनरी, याया टोरे, मिकेल आर्टेटा, रॉबर्टो मार्टिनेज जैसे दिग्गज गुजरे हैं।

बोरुसिया डॉर्टमंड और लिवरपूल के मिडफील्डर नूरी साहिन कहते हैं, 'यह कोर्स सिर्फ कोचिंग नहीं, जीवन के लिए भी मुझे तैयार कर रहा है।' साहिन ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से खेल प्रबंधन पढ़ा है। कोर्स में कैंडिडेट्स को घर से लंबी पढ़ाई करनी होती है। फिर न्यूपोर्ट के ड्रैगन पार्क में प्रैक्टिकल सेशन, वर्चुअल रियलिटी के जरिए मैच एनालिसिस करना पड़ता है। इस दौरान आर्मी के साथ आउटडोर मिशन जैसी ट्रेनिंग भी होती है। गेल क्लिची बताते हैं कि कैसे तीन दिन की आर्मी ट्रेनिंग के दौरान नींद और खाने की कमी ने उन्हें यह समझाया कि तनाव और दबाव में निर्णय कैसे लिए जाते हैं। कोर्स की शुरुआत में प्रतिभागियों को उनके चार H (History, Heartache, Heroes, Hopes) के बारे में बोलना होता है। वेल्स अंडर-16 कोच अडी हार्वे के मुताबिक, इससे ग्रुप के बीच का ईगो खत्म हो जाता है और सभी एक-दूसरे से जुड़ जाते हैं।

महिला फुटबॉल को यह कोर्स नई दिशा दे रहा है। वेल्स महिला टीम की कोच विल्किंसन और अमेरिकी दिग्गज ब्रांडी चास्टेन भी इसका हिस्सा हैं। इस कोर्स के प्रमुख और फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ वेल्स के चीफ फुटबॉल ऑफिसर डेव एडम्स बताते हैं कि 'वेल्श वे' केवल एक कोचिंग स्टाइल नहीं, बल्कि एक राष्ट्र की पहचान है। उन्होंने कहा, 'हम एक छोटे देश हैं लेकिन हमारे सपने बड़े हैं। हम मानते हैं कि टीमवर्क, जुनून, जमीनी स्तर से जुड़ाव हमें बाकी दुनिया से अलग और बेहतर बनाता है।'

### हर दो साल में यह कोर्स, 400 आवेदन में से सिर्फ 20 को जगह



हर दो साल में इस कोर्स के लिए करीब 400 आवेदन आते हैं, लेकिन जगह केवल 20 को मिलती है। यहां से निकले कोच दुनिया भर में फुटबॉल को एक नई दिशा दे रहे हैं। यह कोर्स साबित करता है कि कोचिंग केवल रणनीति या टेक्निक नहीं, बल्कि लोगों को समझने, उनसे जुड़ने, प्रेरित करने की कला है, जो वेल्स के इस 'हार्वर्ड ऑफ कोचिंग' में आकार ले रही है।

## एशिया कप से पहले फिटनेस हासिल करने एनसीए पहुंचे सूर्या

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरु

भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस समय बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं। वह एशिया कप से पहले खुद को फिट करने की कोशिश में हैं। हाल ही में उन्होंने जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई थी। सूर्या की रिकवरी को देखते हुए उन्हें 28 अगस्त से होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए वेस्ट जोन टीम में शामिल नहीं किया गया। चयनकर्ताओं को उन्होंने बताया था कि वे एनसीए में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस बीच श्रेयस अय्यर भी एनसीए पहुंचे थे, लेकिन उनका दौरा सिर्फ नियमित फिटनेस जांच के लिए था। वे अब मुंबई लौट चुके हैं और दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए फिट माने जा रहे हैं। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक यूएई में खेला जाएगा और उम्मीद है कि सूर्यकुमार यादव इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। वे आखिरी बार आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते नजर आए थे।





## ब्राजीलः भीषण गर्मी में हजारों लोग बोल्सोनारो के समर्थन में सड़क पर

**रियो डी जनेरियो** | फोटो ब्राजील के रियो शहर की है, जहां पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थन में बड़ा प्रदर्शन हुआ। ये प्रदर्शन ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के खिलाफ आयोजित की गईं। प्रदर्शन के वक्त रियो डी जनेरियो का पारा 35 डिग्री था, जो सामान्य तापमान से लगभग 4 डिग्री अधिक है। इसके बावजूद हजारों लोग सड़क पर उतरे। हालांकि, घर में नजरबंद बोल्सोनारो नहीं आ सके। उन्होंने फोन पर भाषण दिया, जिसे उनके सीनेटर बेटे फ्लावियो बोल्सोनारो ने समर्थकों तक पहुंचाया।



पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो की पत्नी मिशेल।

**भास्कर नॉलेज**

अमेरिकाः फायरिंग घटना के बाद चर्चा में

## सीटीई बीमारी क्या... जीते-जी इसकी पहचान मुश्किल क्यों?

**न्यूयॉर्क**| अमेरिका में हुई एक फायरिंग घटना के बाद सीटीई यानी क्रॉनिक ट्रॉमैटिक एनसेफेलोपैथी नाम की दिमागी बीमारी फिर सुर्खियों में आ गई है। यह बीमारी ज्यादातर फुटबॉल या बॉक्सिंग जैसे खेलों से जुड़ी है, जहां सिर पर बार-बार चोट लगती है। आज भी जीते-जी इसकी पहचान मुश्किल है। विस्तार से समझते हैं...

- **सीटीई क्या है और यह बीमारी कैसे होती है?** यह एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है। इसमें मस्तिष्क की कोशिकाएं सूजन, ब्लीडिंग व धीरे-धीरे क्षय का शिकार होती हैं। पहचान मौत के बाद ऑटोप्सी से हो सकती है।
- **सीटीई से दिमाग में क्या बदलाव आते हैं?** सीटीई में रक्तस्राव मस्तिष्क की नाजुक कोशिकाओं में होते हैं। इससे दिमाग में प्रोटीन लीकेज व सूजन शुरू होती है, जो धीरे-धीरे न्यूरॉन्स को खत्म कर देती है। एमआरआई या सीटी स्कैन से इसे पकड़ना मुश्किल है। दरअसल, ये बदलाव बहुत सूक्ष्म होते हैं।
- **इस बीमारी के लक्षण क्या होते हैं?** शुरुआती लक्षणों में डिप्रेशन, याददाश्त की कमी, गुस्सा, चिड़चिड़ापन व निर्णय लेने की क्षमता में गिरावट शामिल है। समय के साथ ये लक्षण डिमेंशिया में बदल जाते हैं। कुछ मामलों में आत्मघाती प्रवृत्तियां भी देखी गई हैं।
- **क्या इस बीमारी का इलाज संभव है?** इसका कोई निश्चित इलाज फिलहाल मौजूद नहीं है। हालांकि, डिप्रेशन या मिर्गी जैसी सहायक समस्याओं के लिए ऐंटीडिप्रसेंट और ऐंटी-एपिलेप्टिक दवाएं दी जाती हैं, जो लक्षणों को कम करने में मदद कर सकती हैं।
- **इस बीमारी पर अब तक क्या रिसर्च हो चुकी?** अब तक की रिसर्च से पता चला है कि सीटीई में खास जीन और सूजन संबंधी गतिविधियां शामिल होती हैं। शोधकर्ता इस विषय पर गहन अध्ययन कर रहे हैं, ताकि जीते-जी भी इस बीमारी का पता लगाया जा सके।

**न्यूज विंडो**

### ओडिशाः बालासोर छात्रा के आत्मदाह के मामले में 2 एबीवीपी नेता गिरफ्तार

**बालासोर**| ओडिशा के बालासोर में आत्मदाह करने वाली छात्रा के मामले में पुलिस ने एबीवीपी से जुड़े 2 छात्र नेताओं को आत्महत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनमें एबीवीपी के राज्य संयुक्त सचिव शुभ्र सम्बित नायक और फकीर मोहन कॉलेज में एबीवीपी कार्यकर्ता ज्योति प्रकाश बिस्वाल शामिल हैं। उनको पहले छात्रा को बचाने का प्रयास करने वाला नायक बताया था, लेकिन जांच में सामने आया कि वे छात्रा की आत्मदाह योजना से पहले से अवगत थे।

### ओडिशाः मोटर वाहन निरीक्षक गिरफ्तार, 44 प्लॉट और एक किलो सोना बरामद

**भुवनेश्वर**| ओडिशा के बौध जिले में पदस्थ मोटर वाहन निरीक्षक गोलाप चंद्र हांसदा को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति पाए जाने पर हुई। हांसदा के पास 44 भूखंड, एक किलो सोना, दो किलो चांदी, 2.38 लाख नकद, 1.34 करोड़ बैंक जमा और एक बहुमंजिला इमारत होने की जानकारी भी मिली है।

### इजराइलः 600 पूर्व सैन्य अधिकारियों का ट्रम्प को पत्र, गाजा युद्ध खत्म कराएं

**तेल अवीव**| इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ देश में विरोध तेज हो गया है। इजराइली खुफिया एजेंसियों (मोसाद और शिनबेट) के पूर्व प्रमुखों सहित 600 से अधिक रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को एक पत्र लेटर लिखकर गाजा युद्ध को समाप्त कराने में हस्तक्षेप करने की अपील की है। पत्र में अधिकारियों ने लिखा, 'हमास अब इजराइल के लिए खतरा नहीं है, इसलिए युद्ध खत्म किया जाना चाहिए।'

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** शेख हसीना के तख्तापलट के एक साल बाद यूनुस तो मोहरा भर हैं

# सरकार तो बांग्लादेश की सेना चला रही, छात्र दरकिनार, चुनाव पर संशय



ढाका से भास्कर संवाददाता
**अमानुर रहमान**

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट का एक साल पूरा हुआ। हसीना अब भारत में हैं और बांग्लादेश में बदलाव के नाम पर हुआ छात्र आंदोलन खुद ही बिखर गया है। पांच अगस्त का आंदोलन चलाने वाले 8 प्रमुख छात्र नेताओं में से आधे से ज्यादा दरदरकिनार होकर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार छोड़ चुके हैं।

कभी यूनुस के 'लेफ्टिनेंट' कहे जाने वाले छात्र नेता नाहिद इस्लाम अब नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) बना चुके हैं। अबु बकर ने भी स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन बना ली है। इस सब के बीच, बांग्लादेश में असल सत्ता सेना के हाथ में ही है। छात्र आंदोलन को उकसाने वाली सेना अब नए चुनाव पर तारीखों का ऐलान ही कर रही है। इससे संशय बना हुआ है।

आर्मी चीफ वकार जमान अब तक अपने डबल गेम में सफल रहे। वकार ने छात्र आंदोलन का साथ देने के नाम पर आम जनता का विश्वास जीता और फिर कठपुतली यूनुस को सत्ता में बैठाकर सत्ता की असल डोर अपने हाथ में ले ली। अब छात्र नेताओं की मांग के बावजूद सेना नए चुनाव की तारीखों पर चुप्पी साधे हुए है। सेना ने मंगलवार को होने वाले सत्ता परिवर्तन के एक साल के कार्यक्रम में छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं को बुलावा भी नहीं भेजा है।

### अब ये हालात... 'जेन जी' छात्र आंदोलन से बदलाव की आस थी, पर पाक परस्त कट्टरपंथी छात्र संगठनों ने इसे हाईजैक कर लिया

बांग्लादेश में पिछले साल छात्र आंदोलन से बदलाव की उम्मीदें थीं। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्र शफीक अहमद का कहना है कि हम सभी ने आंदोलन में हिस्सा लिया था, अब ठगे महूसस कर रहे हैं। पहले अवामी लीग व बीएनपी की छात्र इकाइयां सक्रिय थीं। 'जेन जी' आंदोलन के नेता यूनुस सरकार से जुड़े और फिर हट भी गए। छात्र राजनीति के वैक्यूम को पाक समर्थित जमात-ए-इस्लामी और छात्र शिबिर ने हाईजैक कर लिया है।

- **कहां हैं छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताः आसिफ महमूदः** एनसीपी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। **हसनत अब्दुल्लाः** सरकार को छोड़ एनसीपी से जुड़े। **नजीफा जन्नतः** सरकार में प्रवक्ता रहीं, अब एनसीपी में। **ऑनिक रॉयः** एनसीपी के संयुक्त संयोजक। **अरिफुल इस्लामः** स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन में शामिल हो चुके हैं।

### बांग्लादेश की जीडीपी ग्रोथ रेट 2% गिरी, अल्पसंख्यकों पर हमले दोगुने

वर्ल्ड बैंक की ग्लोबल फिन्डेक्स रिपोर्ट के अनुसार यूनुस सरकार के एक साल के दौरान बांग्लादेश की जीडीपी ग्रोथ 6% से गिरकर 4% रह गई है। उधर, बांग्लादेश यूनिटी काउंसिल के अनुसार पिछले अगस्त से जून 2025 तक अल्पसंख्यकों पर हमलों की 2,442 घटनाएं हुईं, जो दोगुनी से भी ज्यादा हैं।

- **54 साल में पहली बार अब पाक का चावल खा रहा है बांग्लादेशः** बांग्लादेश ने 54 साल में पहली बार पाकिस्तान से 50,000 टन चावल आयात किया। पाक परस्ती की ओर बढ़ते हुए बांग्लादेश ने पाक नागरिकों को वीसा प्रतिबंधों में भी छूट दी है।

### भारत के बिना बेपटरी रहेगा बांग्लादेश, पाक-चीन से आस बेमानी

**भास्कर एक्सपर्ट**
**प्रो. इम्तियाज अहमद**
ढाका यूनिवर्सिटी

दक्षिण एशिया की महाशक्ति भारत की मदद के बिना बांग्लादेश डांवाडोल ही रहने वाला है। बांग्लादेश का जन्म ही भारत के सहयोग से हुआ है। पिछले पांच दशक से भले ही भारत के साथ संबंधों में उतार चढ़ाव आया, लेकिन वैसी तनातनी कभी नहीं रही, जैसी अभी है। वर्तमान सरकार दूसरे देशों जैसे पाकिस्तान अथवा चीन से आस लगाए बैठी है, लेकिन ये बेमानी ही साबित होने वाली है। इन दोनों देशों के हित ज्यादा हैं। पाक और चीन का बांग्लादेश को सहयोग से ज्यादा भारत विरोध की भावना है। एक और अहम बात है कि बांग्लादेश में चुनी हुई सरकार नहीं है। बांग्लादेश में चुनाव की तारीख का जल्द ऐलान होना चाहिए। लेकिन सेना के रवैए को देखते हुए जल्द चुनाव मुश्किल हैं।

### शिक्षा से हम तानाशाही, सनातन विचारधारा की जंजीरों को तोड़ सकते हैंः कमल हासन

एजेंसी | चेन्नई



अभिनेता और राज्यसभा सांसद कमल हासन के सनातन धर्म को लेकर दिए गए एक बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। चेन्नई में एक कार्यक्रम में हासन ने कहा कि नीट परीक्षा कई बच्चों को मेडिकल शिक्षा से वंचित कर रही है और इसे बदलने की ताकत भी शिक्षा से ही आ सकती है। हासन ने कहा, 'शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो देश को बिना किसी और हथियार के बदल सकता है। यह वही हथियार है, जो तानाशाही और सनातन की जंजीरों को तोड़ सकता है।' भाजपा की वरिष्ठ नेता डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने कहा कि हासन ने हिंदू भावनाओं का अपमान किया है। यह स्टालिन को खुश करने की कोशिश है।

**माइंड गेम # 168**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 6 | 5 | 4 |
| | | | | | | | | 7 |
| | | 4 | 9 | | | 3 | 2 | |
| 7 | 6 | | | 8 | 9 | | | 2 |
| | | | | | 6 | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | 6 |
| | | 6 | | | 1 | | | |
| | | 3 | 8 | | | | 1 | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकू का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 167 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 |

**वर्ड-लूप # 168**




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 167 का जवाबः HYDROPIC

**केरल** • पत्नी का एरियर नहीं मिला, आर्थिक स्थिति बिगड़ी

## बेटे के कॉलेज की फीस नहीं जुटा पाने पर पिता ने आत्महत्या की

एजेंसी| पठानमथिट्टा (केरल)

केरल के पठानमथिट्टा जिले में 47 वर्षीय वीटी शिजो ने अपने बेटे की इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश के लिए फीस न जुटा पाने पर आत्महत्या कर ली। उनका शव रविवार को मूंगमपारा जंगल में पेड़ से लटका मिला। पुलिस के अनुसार, शिजो का बेटा तमिलनाडु के एक इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिल हुआ था, लेकिन परिवार प्रवेश शुल्क नहीं जुटा सका। शिजो की पत्नी एक सहायता प्राप्त स्कूल में शिक्षिका हैं, जिनकी नियुक्ति कोर्ट के आदेश से इस वर्ष ही मान्य हुई थी। उन्हें फरवरी से वेतन मिलना शुरू हुआ, लेकिन पिछले 12 वर्षों का बकाया अभी तक जारी नहीं हुआ है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों की देरी से परिवार की आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई थी। पुलिस का मानना है कि वित्तीय संकट और बेटे की शिक्षा के प्रति असहायता ने शिजो को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अभिषेक बनर्जी को लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस का नेता बनाया

एजेंसी | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को लोकसभा में बड़ा बदलाव करते हुए पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी को लोकसभा में अपना नेता नियुक्त किया। यह फैसला सीनियर तृणमूल सांसद सुदीप बंदोपाध्याय के स्वास्थ्य कारणों से अस्थायी रूप से किया गया है। इसके अलावा, तृणमूल के सीनियर सांसद कल्याण बनर्जी ने लोकसभा में पार्टी के चीफ व्हिप पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसदों के बीच समन्वय की कमी के लिए उन्हें दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि कई सांसद संसद में उपस्थित नहीं रहते।

कल्याण बनर्जी ने सांसद महुआ मोइत्रा पर सार्वजनिक रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने का भी आरोप लगाया। इस घटनाक्रम के बाद टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने सांसद काकोली घोष दस्तिदार को लोकसभा में सांसदों के समन्वय का दायित्व सौंपा है।

**TheEconomist** • पाक को नाइट-विजन उपकरण मिलेंगे

## चीन की जगह अमेरिका से हथियारों की ताक में पाक आर्मी चीफ मुनीर



**इस्लामाबाद** | पाकिस्तान एक दशक से 80% सैन्य साजो-सामान चीन से लेता रहा है। अब पाकिस्तानी आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका से हथियार खरीदने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। जून में वाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात के बाद दोनों देशों के संबंधों में बड़ा बदलाव आया है। हाल ही में मुनीर को अमेरिकी सराहना उस समय मिली, जब उनकी अगुवाई में इस्लामिक स्टेट की स्थानीय शाखा के नेताओं को मार गिराया गया। बदले में अमेरिका ने पाक की लंबी दूरी की मिसाइलों पर अपनी आलोचना को भी कम किया है। अमेरिका अब पाक को बख्तरबंद वाहन और नाइट-विजन उपकरण बेचने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सहयोगियों ने पाक के क्रिप्टो और माइनिंग सेक्टर में रुचि दिखाई है।

**'हाइब्रिड व्यवस्था' मुनीर के लिए फायदेमंदः एक्सपर्ट-** अटकलें हैं कि मुनीर राष्ट्रपति बन सकते हैं, लेकिन, जानकारों का मानना है कि मौजूदा 'हाइब्रिड व्यवस्था' मुनीर के लिए फायदेमंद है, जिसमें वे बिना राष्ट्रपति बने भी लंबे समय तक सेना प्रमुख बने रह सकते हैं, क्योंकि पद की कोई समयसीमा नहीं है।

**क्रॉसवर्ड # 958**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | | | 10 | ■ | 11 | | | |
| | ■ | 12 | | 13 | | | ■ | |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | | 17 | ■ |
| ■ | 18 | 19 | ■ | | ■ | ■ | 20 | 21 |
| 22 | | | 23 | | ■ | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | 27 | |
| | ■ | 28 | | 29 | ■ | 30 | | |
| 31 | | ■ | 32 | | | | | |

**बायें से दायें:**

1. रूस ये युद्धरत देश (3)। 4. '...' '...' कालेकर प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी (2,3)। 9. वातनाशक (4)। 11. उदाहरण के लिए (4)। 12. विफल, नाकाम (5)। 14. जगह, क्षेत्र (2)। 16. सावन की डोकरी, इंद्रवधू (5)। 18. चढ़नेवाला (2)। 20. पुराना बना हुआ (2)। 22. सूर्य का उत्तर की ओर गमन (5)। 25. मामला, मुद्दा (4)। 26. चंद्रमा (4)। 28. लंबा करना, दूर तक फैलाना (3)। 30. दया, करुणा, कृपा (3)। 31. शरीर पर छोटा निशान (2)। 32. शहरीकरण (6)।

**ऊपर से नीचे:**

1. किशोरावस्था (4)। 2. खरीददार (2)। 3 स्नान करना (3)। 5. सफल, विजयी (4)। 6. '...' '...' और साजिश एक टीवी प्रोग्राम (2,2)। 7. अंग्रेजी में नर्क, हिंदी में कीचड़ (2)। 8. बनड़ा का विलोम, दुल्हन (3)। 10. छिछली गोल छोटी थाली (3)। 13. मारवाणी का ही रूप, पत्नी (4)। 15. मनुष्यों में श्रेष्ठ (4)। 17. रेत का ढूह (2)। 19. राजस्थान के पहले मुख्यमंत्री का अग्र नाम (4)। 21. भारत की वित्तमंत्री (2,3)। 22. शिव, महादेव (4)। 23. प्रयत्नशील, यत्न करता हुआ (4)। 24. सुधार करने वाला (4)। 27. संकट (3)। 29. सांप (2)।

**क्रॉसवर्ड 957 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | 2 वा | 3 कु | 4 सु | म | ■ | 5 ब | थु | 6 आ |
| 7 य | मा | ल | य | ■ | 8 मु | रा | ■ | शा |
| सं | ■ | 9 चा | श | 10 नी | ■ | ■ | 11 बी | ज |
| 12 हि | 13 या | ■ | ■ | 14 म | क | 15 रा | स | न |
| 16 ता | प | चा | 17 ल | क | ■ | सु | ■ | क |
| ■ | न | ■ | 18 प | रो | 19 प | का | 20 र | ■ |
| 21 दो | ■ | 22 त | क | ली | फ | ■ | 23 स | 24 ब |
| 25 आ | 26 म | प | ना | ■ | ■ | 27 क | रं | ट |
| 28 ब | र | सी | ■ | 29 रे | ग | रो | ग | न |

**भास्कर खास** सत्ताधारी एलडीपी और मुख्य विपक्षी सीडीपी जैसे दलों के वर्चस्व को टक्कर मिल रही

# जापान में ट्रम्प फॉर्मूला; स्कूल टीचर कामिया ने यूट्यूब चर्चा से पार्टी बनाई, मेक जापान ग्रेट अगेन का नारा दिया... किंग मेकर बनने की राह पर

**TIME**
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**टोक्यो** | जापान की सियासत दशकों से स्थिरता का बोलबाला रहा है। यहां सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी), विपक्षी कॉन्स्टिट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (सीडीपी) जैसे पुराने दलों का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब इसे चुनौती देने के लिए एक अप्रत्याशित नाम सामने आया हैः सोहेई कामिया। 47 वर्षीय कामिया, को जापान का 'मिनी ट्रम्प' बता रहे हैं। वह इन्हें बड़ी टक्कर दे रहे हैं।

तीन साल पहले यूट्यूब पर 'डू इट योरसेल्फ' पार्टी की चर्चा के साथ शुरू हुआ यह सफर अब जापान की संसद में 15 सीटों तक पहुंच चुका है। कामिया जापान फर्स्ट, वैश्वीकरण और प्रवासियों के विरोध, वैक्सीन को साजिश व पारंपरिक मूल्यों की वापसी जैसे मुद्दे उठाते हैं। कामिया के उभार को विशेषज्ञ जापानी राजनीति के ट्रम्पियन मोड़ की शुरुआत बता रहे हैं। वह अब सियासत में किंगमेकर की भूमिका निभाने की राह पर है।

कामिया का सफर अचानक नहीं शुरू हुआ। वे स्कूली दिनों में छात्र परिषद के अध्यक्ष थे। 29 की उम्र में उन्हें सूइता शहर की नगर परिषद में चुना गया। पारिवारिक सुपरमार्केट के दिवालिया हो जाने के बाद उन्होंने स्कूल शिक्षक की नौकरी छोड़ी और राजनीति में उतरने का फैसला किया।

**2012 में एलडीपी के टिकट पर चुनाव लड़ा, हारने पर यूट्यूबर बने**

2012 में कामिया ने एलडीपी से सांसद का चुनाव लड़ा। चुनाव में हार मिलने पर कामिया ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को चुना और यूट्यूब पर चैनल शुरू किया। इस चैनल पर वे उन मुद्दों की बात करते थे जिनकी पढ़ाई स्कूलों में नहीं होती। जैसे जापान का राष्ट्रवादी इतिहास, वैश्विक साजिशें और पारंपरिक जापानी मूल्यों की पुनर्स्थापना। वहीं से उन्होंने एक समर्पित समर्थक वर्ग तैयार किया, खासकर युवाओं में जो खुद को सिस्टम से अलग-थलग महसूस करते हैं। यूट्यूब से ही उन्होंने पार्टी के लिए फंडिंग भी जुटाई।

### अब भी नहीं जगे तो हमें गुलाम बनने से कोई नहीं रोक पाएगा

मेरा मानना है कि जापान पर अब बाहरी ताकतों का बहुत ज्यादा असर हो गया है। हमारी सरकारें ग्लोबलिस्ट एजेंडे के सामने झुकती आई हैं। मुझे यह स्वीकार नहीं। मेरा मकसद है जापान को उसके गौरव की ओर लौटाना- इसीलिए मैंने कहा, 'मेक जापान ग्रेट अगेन।' मैं सच्चाई दिखा रहा हूं। चाहे वह टीकाकरण से जुड़ी हो, लैंगिक विचारधाराओं से या प्रवासी संकट से। अगर हम अब भी नहीं जगे तो जापान को गुलाम-उपनिवेश बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। हमारी पार्टी एक आंदोलन है, और यह अब रुकने वाली नहीं है।



### बोइंग में एफ-15 बनाने वाले 3,200 कर्मचारी हड़ताल पर

भास्कर न्यूज़ | अर्लिंग्टन

बोइंग के एफ-15 जैसे फाइटर जेट व डिफेंस सिस्टम बनाने वाले करीब 3,200 कर्मचारी रविवार आधी रात से हड़ताल पर चले गए। ये कर्मचारी अमेरिका के सेंट लुइस, सेंट चार्ल्स (मिसौरी) और मैस्कूटाह (इलिनॉय) स्थित बोइंग की यूनिट्स में काम करते हैं। कर्मचारियों की यूनियन ने कंपनी के साथ 4 साल के संशोधित वेतन समझौते को खारिज कर दिया है। पिछले हफ्ते भी कर्मचारियों ने बोइंग का पहला प्रस्ताव खारिज कर दिया था, जिसमें 4 साल में 20% वेतन वृद्धि का प्रस्ताव था। बोइंग के अनुसार, इस बार 40% औसत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया था। यह हड़ताल ऐसे समय पर हुई है, जब बोइंग अपनी साख दोबारा कायम करने की कोशिश में जुटी है।

दैनिक भास्कर समूह • 3 भाषाएं • 12 राज्य • 61 संस्करण

# दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर • मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली
पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | झारखंड | बिहार
दिव्य भास्कर • गुजरात | महाराष्ट्र
दिव्य मराठी • महाराष्ट्र



## न्यूज ब्रीफ

### समुद्र के 31 हजार फीट नीचे मिले जीव वैज्ञानिकों के लिए बने रहस्य



**बीजिंग|** चीनी एकेडमी ऑफ साइंसेज के वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर की 31 हजार फीट गहराई में कुछ ऐसे जीव खोजे हैं, जो अब तक वैज्ञानिकों के लिए रहस्य थे। ये जीव क्लैम्स के समूह और बर्फ जैसे दिखने वाले बैक्टीरिया हैं। इससे पहले 2023 में जापान के पास 27,350 फीट गहराई में स्नेलफिश देखी गई थी। अब यह पुष्टि हो गई है कि इतनी गहराई में ऐसे जीवों की मजबूत बायोलॉजिकल कम्युनिटी है।

### सिक्किम में सात साल बाद रेड पांडा ने 2 बच्चों को जन्म दिया



**गंगटोक |** सिक्किम की राजधानी गंगटोक के पास हिमालयन जूलॉजिकल पार्क में सात साल बाद रेड पांडा ने दो बच्चों को जन्म दिया। पार्क के निदेशक संगे ग्यात्सो ने बताया कि ये बच्चे एक साल तक मां के साथ रहेंगे और 18 महीने में प्रजनन के लिए तैयार होंगे। ये जन्म लुप्तप्राय रेड पांडा के संरक्षण के लिए उम्मीद की किरण है। ग्यात्सो के अनुसार, एक विशेष बीमारी 'कैनाइन डिस्टेंपर' के दो प्रकोप ने रेड पांडा आबादी को भारी नुकसान पहुंचाया।

### महाराष्ट्रः मोबाइल नहीं दिलाया तो पहाड़ी से कूदकर जान दे दी

**छत्रपति संभाजीनगर |** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में किशोर अथर्व गोपाल तायडे



(16) ने मोबाइल फोन न मिलने पर पहाड़ी से कूदकर जान दे दी। वह कई दिनों से अपनी मां से मोबाइल फोन दिलाने की जिद कर रहा था, लेकिन मां हर बार मना कर देती थी। अथर्व पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था।

**लोकलसर्किल्स** • 2022 से पहले वाहन खरीदने वालों पर सर्वे

# सर्वेः 22% ने कहा-इथेनॉल मिक्स पेट्रोल से माइलेज 20% तक घटा

**भास्कर न्यूज़** | नई दिल्ली

पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रण की सफलता हासिल करने के बाद सरकार अब 27% (ई27) करने की योजना बना रही है। भारतीय मानक ब्यूरो (बाआईएस) को ई27 के मानक जल्दी तैयार करने को कहा गया है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) से इंजनों में बदलाव की रिसर्च करने को कहा है ताकि 27% इथेनॉल मिश्रण इस्तेमाल हो सके। इससे पुराने (2022 या उससे पहले खरीदे वाहन) वाहनों के मालिकों की चिंता बढ़ गई है। वे सरकार के इस नियम के खिलाफ हैं। इसी बात को लेकर लोकलसर्किल्स ने भारत के 315 जिलों से 36,000 से अधिक पेट्रोल वाहन मालिकों की प्रतिक्रियाएं लीं। 68% प्रतिक्रियाएं पुरुषों की और 32% महिलाओं की थीं। 44% प्रतिक्रियाएं टियर 1, 27% टियर 2 और 29% टियर 3, 4, 5 और ग्रामीण जिलों से थीं।

### हर 3 में से 2 वाहन मालिकों ने कही माइलेज घटने की बात

जिन वाहन चालकों ने साल 2022 या उससे पहले वाहन खरीदा था, उनसे पूछा गया कि 2025 में वाहन की ईंधन क्षमता/माइलेज में पिछले वर्षों की तुलना में कितनी कमी आई है?




### 3 में से 2 लोग ई20 पेट्रोल पर सरकारी कदम के खिलाफ

▪ लोगों से पूछा गया कि ई20 पेट्रोल (20% इथेनॉल मिश्रित) पुराने वाहनों में ईंधन की बचत कम करता है और वाहन की टूट-फूट बढ़ाता है। क्या आप सरकार के केवल ई20 पेट्रोल बेचने के नियम से सहमत हैं या इसे बदलना चाहिए?




### क्रोएशियाः 33.3 किमी की तैराकी स्पर्धा में उतरे 73 साल तक के तैराक



**जाग्रेब|** क्रोएशिया के प्राचीन शहर स्टारी ग्राड के समुद्री तट पर तैराकी स्पर्धा आयोजित हुई। इसमें तैराकों ने 33.3 किमी की दूरी को चार दिनों में पूरा किया। यह दूरी इंग्लिश चैनल जितनी है। खास बात यह है कि इस तैराकी स्पर्धा में 20 से 73 साल तक की महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लिया। हर दिन की तैराकी के बाद प्रतिभागियों को विश्राम दिया जाता है। पहले दिन की तैराकी सामान्य होती है, फिर कठिन होती जाती है।

### आईआईटी गुवाहाटी ने सांस से चलने वाली स्मार्ट डिवाइस विकसित की

**नई दिल्ली |** आईआईटी गुवाहाटी और अमेरिका की ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने एक खास अंडरवॉटर वाइब्रेशन सेंसर तैयार किया है, जो मुंह से निकली सांस के जरिए वॉइस कमांड को पहचान सकता है। यह तकनीक उन लोगों के लिए मददगार होगी जो आवाज नहीं निकाल सकते या जिनकी वोकल कॉर्ड डैमेज हो चुकी है। इसके अलावा यह सेंसर बिना आवाज के भी सांस से निकलने वाली हवा को पहचानकर डिवाइस को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह तकनीक खासतौर पर उन लोगों के लिए बनाई गई है जो सामान्य वॉइस-बेस्ड सिस्टम का इस्तेमाल नहीं कर पाते।

**अमेरिका** • बच्चे नाइट्रस ऑक्साइड से कर रहे नशा

# लाफिंग गैस बनी जानलेवा, 13 साल में 7 गुना बढ़ीं मौतें

**भास्कर न्यूज़** | न्यूयॉर्क

अमेरिका में नशे की एक नई लत तेजी से बढ़ रही है, जो जानलेवा बन गई है। 'लाफिंग गैस' (नाइट्रस ऑक्साइड) का नशे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जो तेजी से बढ़ रहा है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 13 साल में लाफिंग गैस से मरने वालों की संख्या में सात गुना (578%) बढ़ गई है। इनमें ज्यादातर बच्चे और किशोर हैं। मिसीसिपी यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में, 156 अमेरिकियों की नाइट्रस ऑक्साइड सूंघने से मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे। इस संबंध में एफडीए (अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन) ने भी इस साल की शुरुआत में चेतावनी जारी की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। यह अध्ययन हाल ही में मेडिकल रिसर्च मैग्जीन 'जामा नेटवर्क ओपन' में प्रकाशित हुआ है।

प्रोफेसर और इस अध्ययन से जुड़े एंड्रयू यॉकी कहते हैं 'नशे की यह लत पूरे अमेरिका में फैल चुकी है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी की जरूरत है।' उन्होंने बताया कि 'अमेरिका में नाइट्रस ऑक्साइड खरीदने पर कोई आयु सीमा नहीं है। यह ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हो जाती है।



### साल 2023 में ब्रिटेन लगा चुका है इस पर प्रतिबंध

प्रोफेसर यॉकी का कहना है कि 'नाइट्रस ऑक्साइड हो आमतौर पर 'व्हिपेट्स' कहा जाता है। यह छोटे डिब्बे में बिकती है। साल 2023 में ब्रिटेन इस गैस पर प्रतिबंध लगा चुका है।' अध्ययन से जुड़ीं रेचल हूपसिक ने बताया कि 'कई नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों में ऐसे फ्लेवर होते हैं जो बच्चों को आकर्षित करते हैं। इसका इस्तेमाल करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या 8वीं के छात्रों की है।

### स्टडी में दावाःस्मोकिंग करने से स्लिप डिस्क होने का खतरा काफी ज्यादा

**शिलॉन्ग |** नॉर्थ ईस्टर्न इंदिरा गांधी रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज के डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि स्मोकिंग करने वालों में स्लिप डिस्क (रीढ़ की हड्डी में होने वाली समस्या है) होने का खतरा काफी ज्यादा होता है। यह चेतावनी एक मरीज की सफल सर्जरी के बाद दी गई, जिसे बार-बार स्लिप डिस्क की समस्या हो रही थी। इंस्टीट्यूट में सर्जन डॉ. भास्कर बोरगोहेन की टीम ने हाल ही में एक मरीज की ट्यूब्युलर माइक्रोडिस्केक्टॉमी सर्जरी की। इस प्रक्रिया में रीढ़ की हड्डी के ए1 नर्व रूट पर बने दबाव को हटाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि इस सर्जरी के दौरान डिस्क के चार बड़े टुकड़े निकाले गए। डॉ. बोरगोहेन ने बताया कि रिसर्च के मुताबिक, स्मोकिंग से डिस्क की बाहरी रिंग में मौजूद कोलेजन फाइबर को नुकसान पहुंचता है। सिगरेट के धुएं में मौजूद जहरीले हाइड्रोकार्बन इसकी वजह होते हैं। इससे रीढ़ की हड्डी की डिस्क कमजोर हो जाती है और उनमें हर्निएशन या फटने की आशंका बढ़ जाती है, खासकर कमर के निचले हिस्से में।

**नहीं चेत रहे लोग** • पैसा कमाने का शॉर्टकट पड़ रहा भारी, साइबर थाना की

# सेवानिवृत्त कर्नल को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर 2.98 करोड़ रुपए ठगने वाला गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर** | रांची

झारखंड की राजधानी रांची में



दिनेश जायसवाल

रहने वाले एक सेवानिवृत्त कर्नल से 2.98 करोड़ की साइबर ठगी के आरोपी दिनेश कुमार जायसवाल को साइबर थाना की पुलिस ने जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। वह पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर का रहने वाला है। साइबर थाना की पुलिस ने उसके उक्त खाते को फ्रीज कराया है, जिसमें ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी। ठगी के शिकार सेवानिवृत कर्नल ने साइबर थाना में 28 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके अनुसार, टेलीग्राम पर उन्हें ग्लोबल इंडिया साइट का लिंक एचटीटीपीएसः//सीबीओई एंड क्यूडब्ल्यूवाइ-पेजेज-डीइवी/ मिला था। जिसे उन्होंने क्लिक किया था। उक्त लिंक को क्लिक करने पर शिकागो बोर्ड ऑफ ऑप्शंस एक्सचेंज (सीबीओई) में एक ऑनलाइन खाता खोल दिया गया। इसके बाद उन्हें मेटल ट्रेडिंग में ऊंचे रिटर्न का झूठा प्रलोभन देकर निवेश के उद्देश्य से विभिन्न बैंक खातों में कुल दो करोड़, 98 लाख, 66 हजार, 750 रुपए साइबर अपराधियों ने अवैध तरीके से हस्तांतरित करा लिया।




प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001